CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 23°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 13 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 181 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 17 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अवैध धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: योगी

पेज 2



केएल राहुल 100 रन पर आउट होने वाले 100वें टेस्ट बल्लेबाज

खेल टाइम्स



भारत छह लड़ाकू विमान खोने की बात मानेः पाकिस्तान

पेज 11



सिद्धांत व तृप्ति की फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड

# जस्टिस वर्मा का हटना लगभग तय

## लोकसभा में आएगा प्रस्ताव, सांसदों के कराए जा रहे साइन, 21 से होगा मानसून सत्र शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए केंद्र सरकार ने संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए लोकसभा सांसदों के साइन जुटाए जा रहे हैं।

एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कई सांसदों के दस्तखत लिए जा चुके हैं। इससे संकेत मिल रहा है कि प्रस्ताव लोकसभा में लाया जा सकता है। लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 100 सांसदों के साइन जरूरी होते हैं। वहीं, राज्यसभा में यह संख्या 50 सांसदों की होती है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही कह चुके हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव 21 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में लाया जाएगा। जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में 14 मार्च की रात आग लग गई थी। यहां से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जस्टिस वर्मा फिलहाल इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज हैं। दिल्ली हाईकोर्ट से उनका ट्रांसफर कर दिया गया था। हालांकि, उन्हें किसी भी तरह का न्यायिक कार्य सौंपने पर रोक है।



■ लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए 100 सांसदों के साइन जरूरी

# वकील ईमानदारी व मानसिक स्वास्थ्य समावेशिता को बनाए रखें: सीजेआई

**हैदराबाद।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने कानूनी बिरादरी से ईमानदारी बनाए रखने, बुनियादी सिद्धांतों पर अडिग रहने और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है।

न्यायमूर्ति गवई ने शनिवार को यहां नालसार विधि विश्वविद्यालय के 22वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में यह बात कही। इस दौरान उन्होंने 1998 में स्थापना के बाद से नालसार की यात्रा की प्रशंसा करते हुए संस्थान को दक्षिण एशिया में विधिक विद्वत्ता का एक प्रकाश स्तंभ बताया। न्यायमूर्ति गवई ने कानूनी पेशे की चुनौतियों के बारे में कहा कि यह नेक और महत्वपूर्ण पेशा है, लेकिन कभी आसान नहीं होता। आप अक्सर खुद से सवाल करेंगे और दबावों का सामना करेंगे, लेकिन आपका विश्वास, दृढ़ता और दृढ़निश्चयी रवैया आपको आगे बढ़ने में मदद करेगा। मानसिक स्वास्थ्य के अक्सर नज़रअंदाज़ किए जाने वाले मुद्दे पर उन्होंने इसे कानूनी दुनिया में बने रहने की एक ज़रूरी रणनीति बताया।



■ कहा: कानूनी पेशा चुनौती के साथ-साथ नेक व महत्वपूर्ण पेशा

## निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर जोर: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विनिर्माण क्षेत्र को भारत की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा है कि सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर भी जोर दे रही है। श्री मोदी ने शनिवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद यह बात कही। इन युवाओं को सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री ने विनिर्माण क्षेत्र को देश की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि आज भारत की एक बहुत बड़ी ताकत हमारा मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर है। मैन्युफेक्चरिंग में बहुत बड़ी संख्या में नई जॉब्स बन रही हैं। मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को गति देने के लिए इस वर्ष के बजट में मिशन मैन्युफेक्चरिंग की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे देखते हुए सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर अच्छा खासा जोर दे रही है।

## 1.18 करोड़ के इनामी 23 नक्सलियों का सामूहिक समर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 2012 में सुकमा कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन को किडनैप करने वाले नक्सली समेत 1.18 करोड़ रुपये के 23 नक्सलियों ने शनिवार को सुरक्षा बल के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में नौ महिला नक्सली भी शामिल हैं। इनमें से आठ नक्सली माओवादियों की सबसे खतरनाक पीएलजीए बटालियन नंबर-1 के सदस्य थे। नक्सली लोकेश उर्फ पोडियाम भीमा भी है, जिसने साल 2012 में सुकमा कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन का अपहरण कर लिया था। वहीं इनमें तीन दंपति भी हैं, जो हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्य धारा में लौट आए हैं। ये सभी नक्सली अलग-अलग मुठभेड़ों में सैकड़ों जवानों की हत्या में शामिल थे।

## अरुणाचल में रेप के आरोपी की थाने के बाहर हत्या

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश की लोअर दिबांग घाटी में असम के युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पूरी घटना रोइंग कस्बे के पुलिस स्टेशन के बाहर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, युवक पर 20 से ज्यादा लड़कियों (नाबालिग शामिल) के रेप और यौन शोषण का आरोप था। कहा गया कि वो लड़कियों के हॉस्टल में जाकर पीड़ितों के साथ गलत करता था। मामले का खुलासा कुछ पीड़ित लड़कियों की पेट दर्द की शिकायत से हुआ। उन्होंने बताया कि आरोप हॉस्टल में आकर उनके साथ गलत काम करता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी को थाने लाया गया था। तभी सैकड़ों लोगों की भीड़ थाने ने घुस आई और युवक को खींचकर बाहर ले गई और मारपीट की। पुलिस ने बताया कि गंभीर हालत युवक को अस्पताल ले जाया गया था। डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक युवक एक कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करता था।

# ड्रीमलाइनर हादसा: चंद सेकंड की बेबसी और कम ऊंचाई बनी 271 मौतों का कारण

## पायलटों ने इंजन चालू किया, मात्र 625 फीट की ऊंचाई की वजह से हुआ क्रैश: रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की अहमदाबाद विमान दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि उड़ान संख्या 171 के लंदन

**खुलासा**

के लिए उड़ान भरने के कुछ क्षण बाद ऊंचाई खो रहे उस विमान के एक पायलट ने देखा कि कॉकपिट में लगे ईंधन वाले दोनों स्विच बंद है।

पायलटों ने स्विच चालू कर दिए थे, लेकिन समय इतना कम था और विमान इतना नीचे गया था कि वह फिर ऊपर उठ नहीं पाया और नीचे एक छात्रावास से टकरा गया। दुर्घटना के एक माह बाद जारी एजेंसी भारतीय वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के अनुसार कॉकपिट संभाल रहे दोनों पायलटों में एक ने उन क्षणों में कहा था कि 'तुमने कट ऑफ क्यों किया', इस पर दूसरे का जवाब था- ' मैंने नहीं किया'! इस संवाद के बाद कुछ ही पल में -शेष पृष्ठ दो पर



### जांच में सहयोग जारी रहेगा: बोइंग

**नई दिल्ली।** अमेरिका की विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग ने शनिवार को कहा कि वह अहमदाबाद विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए चल रही जांच में मदद कर रही है और यह सहयोग जारी रहेगा। विमान विनिर्माता ने एक बयान में कहा कि वैश्विक विमानन उद्योग के स्थापित नियमों के अंतर्गत उसने फिलहाल जांच का काम भारत के विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) पर छोड़ रखा है, जो इस समय मुख्य जांच एजेंसी है।

## आरोप: पायलट की गलती साबित करने की हड़बड़ी

**नई दिल्ली।** 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के एआई171 पर विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट पर एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने कई सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप भी लगाए हैं।

एसोसिएशन ने कहा कि जांच का लहजा और जांच की दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत दे रही है। हम इस धारणा को पूरी तरह से खारिज करते हैं। हम निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच पर जोर देते हैं। बयान में आरोप लगाया गया कि एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट मीडिया को लीक की गई। एसोसिएशन को इस बात की चिंता है कि प्रारंभिक एएआईबी रिपोर्ट बिना किसी जिम्मेदार अधिकारी के हस्ताक्षर या जानकारी के मीडिया के साथ साझा की गई।

■ पायलट्स एसोसिएशन का दावा: रिपोर्ट लीक करने का लगाया आरोप

# कांवड़ मार्ग पर QR कोड दिखाने के फरमान को SC में चुनौती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को मालिकों की जानकारी हासिल करने के लिए कथित तौर पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस वर्ष 'कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से नौ अगस्त के बीच निर्धारित है। प्रो. अपूर्वानंद झा की ओर से दायर इस रिट याचिका में दलील देते हुए कहा गया है कि निर्देश शीर्ष अदालत के 2024 के एक आदेश के खिलाफ है। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर विक्रेताओं को अपनी पहचान उजागर करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसा निर्देश संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 19 और 21 का उल्लंघन है। उन्होंने अपनी याचिका में कुछ मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए दावा किया कि कांवड़ मार्ग पर सभी भोजनालयों को क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य है, जो ग्राहकों को स्वामित्व संबंधी जानकारी हासिल करने की अनुमति देते हैं। प्रो. झा की याचिका में तर्क दिया गया है कि क्यूआर कोड संबंधी निर्देश डिजिटल माध्यमों से असंवैधानिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए जानबूझकर शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हैं। याचिका में कहा कि जब तक यह अदालत प्रतिवादियों को इस अप्रत्यक्ष कार्यान्वयन को जारी रखने से रोकने के लिए तत्काल निर्देश जारी नहीं करती, तब तक प्रभावित विक्रेताओं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के मौलिक अधिकारों को अपूरणीय क्षति पहुंचने का गंभीर और खतरा मंडराता रहेगा।



## उप्र: चित्रकूट में बाढ़, सड़कों पर तीन से पांच फीट पानी

**नई दिल्ली।** उप्र के चित्रकूट में तेज बारिश जारी है। यहां मंदाकिनी नदी उफान पर है। तेज बारिश के कारण सड़कों पर 3 से 5 फीट तक पानी भर गया है।

ड्रोन फुटेज में शहर के मुख्य इलाकों में केवल पानी ही पानी नजर आ रहा है। यहां रामघाट पर बने पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। 30 फीट ऊंचा फुट ओवर ब्रिज डूब चुका है। घर, स्कूल, मंदिर, होटल, घाट, दुकानें, पुल सब पानी में डूबे हुए हैं। कानपुर में तेज बारिश से रेलवे ट्रैक धंस गया। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के पंडोह डैम के पास कैंची मोड़ पर लैंडस्लाइड हुआ। चंडीगढ़- मनाली नेशनल हाईवे दोनों ओर से बंद हो गया।

■ हिमाचल में लैंडस्लाइड, 250 सड़कें बंद

## राहुल की ब्रिटिश नागरिकता पर पुनर्विचार याचिका दाखिल

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में शुक्रवार को एक पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई है। याची एस. विग्नेश शिशिर के अनुसार उन्होंने शुक्रवार को उक्त पुनर्विचार याचिका दाखिल की है, जिसमें लंदन, वियतनाम और उज्बेकिस्तान के वीडियो सहित अन्य साक्ष्य भी दाखिल किए हैं।

## दिल्ली में इमारत गिरी, दो लोगों की मौत, आठ घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वेलकम इलाके में एक इमारत गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वेलकम थाने की पुलिस को एक चार मंजिला इमारत गिरने की सूचना मिली। पुलिस के साथ दमकल कर्मी और अन्य एजेंसी के कर्मी मौके पर पहुंचे। घटना स्थल से आठ घायल लोगों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से सात लोगों को जेपीसी अस्पताल में जबकि एक को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस हादसे में मारे गए लोगों की पहचान मतलूब (50) और उसकी पत्नी राबिया (46) के रूप में हुई है।

■ मरने वाले दोनों पति-पत्नी

# इसरो के मानव अंतरिक्ष अभियान की तैयारी तेज

चेन्नई, वार्ता

**भारतीय अंतरिक्ष** अनुसंधान संगठन (इसरो) ने योग्यता परीक्षण कार्यक्रम के पूरा होने के साथ ही गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का विकास सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

एसएम आधारित मिशन निरस्तीकरण की उड़ान ऑफ- नॉमिनल मिशन प्रोफ़ाइल के लिए एसएमपीएस के एकीकृत प्रदर्शन को मान्य करने के लिए 350 सेकंड के लिए एसएमपीएस का पूर्ण अवधि का हॉट टेस्ट 11 जुलाई को किया गया। इसरो ने शनिवार को बताया कि हॉट टेस्ट के दौरान प्रणोदन प्रणाली का समग्र प्रदर्शन पूर्व-परीक्षण पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य था। गगनयान का सर्विस मॉड्यूल (एसएम) एक विनियमित द्वि-प्रणोदक आधारित प्रणोदन प्रणाली है, जो आरोहण चरण के दौरान कक्षा वृत्ताकारीकरण, ऑन-ऑर्बिट नियंत्रण, डी-बूस्ट पैंतरेबाज़ी और सर्विस मॉड्यूल आधारित निरस्तीकरण के लिए कक्षीय मॉड्यूल की आवश्यकताओं को पूरा करता है। द्रव अपोजी मोटर (एलएएम) इंजन कक्षा वृत्ताकारीकरण और डी-बूस्ट चरणों के दौरान मुख्य प्रणोदक बल प्रदान करते हैं, जबकि प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली (आरसीएस) थ्रस्टर्स सटीक रवैया नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं। सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम के द्रव परिपथ का अनुकरण करते हुए एक सिस्टम प्रदर्शन मॉडल (एसडीएम) परीक्षण केंद्र तैयार किया गया, जिसमें प्रणोदक टैंक फीड सिस्टम, हीलियम दाब प्रणाली, उड़ान-योग्य थ्रस्टर्स और नियंत्रण घटक शामिल हैं।

■ गगनयान की उड़ान के लिए इंजन तैयार, मिशन एबार्ट का परीक्षण सफल



मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घें-घें-आँ-आँ की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S.(U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S.(U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पुर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पुर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो. : 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी से मिले माझी ओड़िशा में विकास कार्यों पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर राज्य में विकास परियोजनाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की। मुलाक. ात के बाद माझी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर विभिन्न विकास कार्यों और केन्द्र-राज्य समन्वय पर महत्वपूर्ण चर्चा की। माझी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज मुझे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ओडिशा के विकास के लिए उनकी प्रेरणा और अटूट सहयोग के लिए मैं आभारी हूं। इस अवसर पर ओडिशा के विभिन्न विकास कार्यों, भावी कार्य योजनाओं, केंद्र-राज्य समन्वय और राज्य के समग्र विकास को गति देने पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

### जम्मू-कश्मीर के विद्यालयों के समय में किया बदलाव

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने शनिवार को बेहतर मौसम व छात्रों तथा अभिभावकों से मिली प्रतिक्रियाओं का हवाला देते हुए सोमवार से स्कूलों के समय में बदलाव की घोषणा की। नई समय सारणी के अनुसार सभी जिलों में नगरपालिका सीमा में स्थित स्कूलों के लिए समय सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक से 12वीं कक्षा तक सभी कक्षाओं के लिए स्कूल का समय सुबह आठ बजे से अपराह्न 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रदेश की शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने कहा कि हाल ही में हुई बारिश और राहत को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

# भाजपा सरकार जानबूझ कर बिजली व्यवस्था खराब कर रही है: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि बिजली के निजीकरण पर उतारु भारतीय जनता पार्टी सरकार जानबूझ कर बिजली व्यवस्था को खराब कर रही है।

यादव ने यहां जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर बिजली व्यवस्था खराब कर रही है। सरकार बिजली विभाग को निजी हाथों में बेचने की तैयारी कर रही हैं। भाजपा की दिल्ली की सरकार हो या उत्तर प्रदेश की सरकार दोनों सब कुछ बेचने पर उतारू है। भाजपा ने बिजली मंत्री इसीलिए बनाया है, जिससे विभाग अपने करीबियों को बेचना आसान हो जाय। भाजपा सरकार ने बिजली व्यवस्था सुधारने और उत्पादन बघने के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि सरकार बिजली की खराब स्थिति का ठीकरा कर्मचारियों के सिरफोड़ कर निजीकरण करने की जमीन तैयार कर चुकी है। उत्तर प्रदेश में आज जनता को जो भी बिजली मिल रही है। वह समाजवादी सरकार में लगाए गए। पावर प्लांटों से मिल रही है। समा. जवादी सरकार में एटा, कानपुर देहात, ललितपुर, पनकी, समेत कई जिलों में पावर प्लांट लगाए लेकिन भाजपा सरकार ने बिजली उत्पादन और आगे बघने के लिए कोई काम नहीं किया। भाजपा सब कुछ निजीकरण कर नौकरी और आरक्षण खत्म करना चाहती है। यादव ने कहा कि भाजपा राज में जेनरेशन, ट्रांसमिशन या डिस्ट्रीब्यूशन किसी में कोई तरक्की नहीं हुई है। भाजपा सरकार नौ साल के कार्यकाल में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया है। केवल बिजली का बिल बढ़ाया है।

# कांवड़ यात्रा के मद्देनजर उप्र के डीजीपी सख्त

## ढाबा संचालक ऐसा कोई काम न करें, जिससे भावनाएं आहत हों: राजीव कृष्ण

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महा. निदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले ढाबा संचालकों से अपील की है कि वह खान पान में अशुद्धि अथवा मिलावट जैसा ऐसा कोई काम न करें, जिससे धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचती हो।

कृष्ण ने शनिवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि आगरा, बरेली, मेरठ, प्रयागराज जोन में कांवड़ यात्रा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। पवित्र श्रावण मास में कांवड़ यात्रियों के जल अर्पण की प्रक्रिया जारी है। इस दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। इस संबंध में सीमावर्ती दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक कर आपसी समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रियों के लिए ढाबों में शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसने की अपील की गई है और इसकी निगरानी के लिए फूड सेफ्टी की अधिकृत एजेंसी के अफसर तैनात किए हैं, जबकि पुलिस समन्वय और सहयोग के लिए तैनात है।

उन्होंने कहा कि खाने पीने की चीजों में किसी भी प्रकार की मिलावट की कोई जानकारी सम्बंधित अधिकारियों को दी जा सकती है। उन्होंने ढाबा संचालकों से अपील की कि घबा संचालक ऐसा कोई काम न करें, जिससे भावनाएं आहत हो। डीजीपी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के लिए मेरठ जोन में ट्रैफिक स्कीम लागू है, वहीं विभिन्न घाटों पर पुलिस के गोताखोर लगाए गए हैं। कांवड़ यात्रा मार्ग की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए की जा रही है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का भी प्रयोग किया जा रहा है। यात्रा मार्ग के हर एक किमी पर पुलिस के जवान पेट्रोलिंग कर रहे हैं।

संवेदनशील इलाकों में चौकी बनाई गई। उन्होंने कहा कि हादसों से बचने के लिए डीजे की हाइट और साउंड के लिए नियम बनाए गए हैं, जिसका पालन करना होगा। अवैध धर्मांतरण को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के इनपुट के आधार पे कार्रवाई हो रही है। जो भी लॉ एंड ऑर्डर के खिलाफ काम करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वैसे धर्मांतरण मामले में एटीएस जांच कर रही है।

## देश और समाज के खिलाफ अवैध धर्मांतरण गहरी साजिश

# अवैध धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: योगी

शाह टाइमस ब्यूरो



■ कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रही: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अवैध धर्मांतरण देश और समाज के खिलाफ गहरी साजिश है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपने सरकारी आवास पर श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350 वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा के दौरान योगी ने शनिवार को कहा कि कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रही हैं। यह समाज को तोड़ने और धार्मिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। ऐसी गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह देश और समाज के खिलाफ गहरी साजिश है। अनुसूचित जाति के लोगों को लालच और भय के जरिए धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो संविधान और सामाजिक समरसता के खिलाफ है। योगी आदित्यनाथ ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा का सरकारी आवास पर स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने संदेश यात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया। यहीं से संदेश यात्रा का शुभारंभ हुआ। संदेश यात्रा लखनऊ से चलकर कानपुर, इटावा, आगरा होकर दिल्ली के चांदनी चौक और शीशगंज गुरुद्वारा तक जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि प्रदेश सरकार अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में बलरामपुर में एक बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें अवैध धर्मांतरण को बढ़ावा देने के लिए विदेशों से धन राशि प्राप्त करने वाले एक नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया। इस कार्रवाई में अवैध धर्मांतरण के लिए रेट तय करने के मामले को उजागर किया गया और अब तक 40 खातों में 100 करोड़ से अधिक का लेन-देन पाया गया है। यह आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा दोनों के लिए गंभीर खतरा है। योगी ने कहा कि आज एक ऐतिहासिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से दिल्ली तक एक संदेश यात्रा शुरू की गई। इस यात्रा का उद्देश्य गुरु तेग बहादुर जी महाराज की शहादत को याद करना था, जिन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी जान दी थी। यात्रा दिल्ली के उस ऐतिहासिक गुरुद्वारे तक जाएगी, जहां गुरु तेग बहादुर जी ने अपना बलिदान दिया था।

### किसानों की समृद्धि के बिना खुशहाली असंभव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है, जहां किसान की समृद्धि के बिना खुशहाली नहीं आ सकती। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'भारत में पशु नस्लों का विकास' कार्यशाला का शुभारंभ के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत में कृषि व पशुधन एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। अन्नदाता किसान के घर में पशुधन होगा और पशुपालक भी खेतीबाड़ी से अवश्य जुड़ा होगा। इनके आपसी संबंध को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष में किसानों की खुशहाली व समृद्धि के लिए बढ़ाए गए कदम अत्यंत महत्वपूर्ण व सराहनीय हैं। मोदी की प्रेरणा से यूपी में भी इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए गए हैं। डबल इंजन सरकार की ऊर्जा का लाभ यूपी ने लिया है। यूपी दुग्ध उत्पादन में देश में नंबर एक पर है। उन्होंने गोरखपुर के कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण संस्थान तथा पशुपालन अवसंरचना विकास निधि के तहत यूपी में तीन प्रोजेक्ट (अमेठी, बरेली व मथुरा) का बटन दबाकर उद्घाटन किया।

# निमिषा प्रिया मामले में हस्तक्षेप करें मोदी

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यमन में फांसी की सजा सुनाई गई केरल की नर्स निमिषा प्रिया के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है।

केरल निवासी नर्स निमिषा प्रिया को यमन में एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जानी है। वेणुगोपाल ने मोदी को शनिवार को लिखे पत्र में निमिषा प्रिया के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करके उसे मौत की सजा से बचाने का अनुरोध किया है। वेणुगोपाल ने पत्र में लिखा, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ लेते हुए तत्काल हस्तक्षेप करें और यमन के अधिकारियों से संपर्क कर सभी संभव राजनयिक उपाय करवाएंतथा निमिषा की मौत की सज़ा रद्द कराएं। भारत सरकार की ओर से हालांकि निमिषा प्रिया को बचाने की कोशिशें जारी हैं, लेकिन पीड़ित महदी परिवार धन लेकर निमिषा को माफ करने को तैयार नहीं है। गौरतलब है कि निमिषा प्रिया पर यमन में अपने क्लीनिक साझेदार एवं स्थानीय व्यापारी तलाल अब्दो महदी को नशीला इंजेक्शन देने का आरोप है। नशीला इंजेक्शन देने के बाद महदी की मौत हो गई थी।



**सेंसेक्स** 83625.89
**निफ्टी** 25424.35



**सोना रु. 96085**
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु. 107500**
प्रति किलो



# पर्यटन क्षेत्र का अर्थव्यवस्था में योगदान तीन से चार गुना तक संभव

लखनऊ, वार्ता



केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन क्षेत्र के विकास से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में बढ़ती दिलचस्पी के चलते उम्मीद जाई जा रही है कि आने वाले कुछ वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था में योगदान के मामले में विकसित देशों की बराबरी करेगा।

पर्यटन मंत्रालय के मुताबिक 2023 में 1.88 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए। घरेलू स्तर पर 250 करोड़ पर्यटकों ने यात्रा की। कुंभ के दौरान जिस तरह से भीड़ उमड़ी है, उसे देखते हुए उत्तर भारत के सांस्कृतिक और धार्मिक शहरों में आने वाले समय में ज्यादा पर्यटकों के आने की उम्मीद है। इसका सर्वाधिक लाभ भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण भोलेनाथ, बुद्ध और गुरु गोरक्षनाथ की धरती उत्तर प्रदेश को मिलेगा। यूं भी कुछ वर्षों से घरेलू पर्यटकों के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश में लगातार पहले पायदान पर है। एसोसिएशन ऑफ इंडिया की (2024) रिपोर्ट के अनुसार देश में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर अगले पांच से सात वर्षों में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में कुल सृजित रोजगार का करीब 10 फीसद योगदान होगा। तब जीडीपी में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर का योगदान बढ़कर करीब 8 फीसद हो जाएगा। पिछले दो वर्षों में इस सेक्टर में भर्तियों की संख्या में करीब ढाई गुना से अधिक वृद्धि हुई है। इस वृद्धि में सर्वाधिक योगदान धार्मिक पर्यटन का होगा। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली चैंबर ऑफ कॉमर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसद से अधिक यात्राएं धार्मिक स्थलों की होती हैं। वैश्विक धार्मिक पर्यटन का बाजार 2032 तक दो अरब डॉलर से अधिक का होगा। चूंकि भारत एक धार्मिक देश है और उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक धार्मिक स्थल हैं, लिहाजा धार्मिक पर्यटन का सबसे अधिक लाभ भारत को और भारत में उत्तर प्रदेश को होगा। उत्तर प्रदेश को यह लाभ मिलने भी लगा है। प्रयागराज महाकुंभ में देश-दुनिया के 66 करोड़ से अधिक लोग आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने के पहले साल में औसतन 50 लाख लोग आते थे।

अब यह संख्या बढ़कर 6 करोड़ तक पहुंच गई है। इसी तरह जिस अयोध्या में 2016 में मात्र 2-83 लाख पर्यटक/श्रद्धालु आए थे वहां सितंबर 2024 तक 13-44 करोड़ पर्यटक/श्रद्धालु आ चुके थे। महाकुंभ के उलट प्रवाह के बाद तो कई रिकॉर्ड टूट गए। कमोबेश यही स्थिति मिर्जापुर स्थित मां विंध्यवासिनी धाम, राम को प्रिय चित्रकूट, और राधा कृष्ण की लीला क्षेत्र मथुरा, वृंदावन, बरसाना, नंदग्राम, गोकुल और गोवर्धन की भी है।

घरेलू पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण अगले सात साल में होटलों में 10 लाख रूम की जरूरत होगी। इससे 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकता है। इसमें 15-20 लाख नौकरियां छोटे शहरों में होगी, क्योंकि इन्हीं शहरों में फाइव स्टार होटल अपनी विस्तार की योजना बना रहे हैं। आईटीसी मौर्या नई दिल्ली में वैंक्वेट मैनेजर रहे भव्य मल्होत्रा के मुताबिक प्रति कमरा, तीन सर्विस प्रोवाइडर किसी अच्छे होटल के लिए आदर्श स्थिति होती है। इसमें फंट ऑफिस, हाउस कीपिग, फूड एंड बेव. रेज, लाउंड्री, फाइनेंस, एचआर, हॉर्टिकल्चर, सेल्स आदि विभाग होते हैं। अगर प्रॉपर्टी छोटी है तो कुछ विभाग न होने से सर्विस प्रोवाइडर्स की संख्या कुछ कम हो सकती है। पर, प्रति कमरा दो कर्मचारी तो होने ही चाहिए। इससे कम होने पर आप अपने ग्राहकों को संतोषजनक सेवा नहीं दे पाएंगे।

# दालों और तेलों में रहा गिरावट का रुख

नई दिल्ली, वार्ता

■ चावल में तेजी दिखी, गेहूं में पांच रुपये क्विंटल तक की नरमी दर्ज हुई, चना 44 रुपये टूटा

स्थानीय जिंस बाजार में साप्ताहिक कारोबार के अंतिम दिन दालों और तेलों में कुल मिला कर गिरावट का रुख देखा गया। मलेशिया में पाम ऑयल वायदा में पिछले कुछ दिनों की लगातार तेजी के बाद अब प्रतिरोध की रिपोर्ट आ रही रही हैं। जबकि अमेरिका में तेल सोया में शुक्रवार को तेजी बनी हुई थी।

बावजूद इसके शनिवार को स्थानीय खाद्य तेल बाजार में तेल मूंगफली, वनस्पति और सरसों तेल में तेज गिरावट दिखी। मूंगफली तेल में मांग के समर्थन के अभाव और अच्छे स्टॉक की स्थिति के बीच प्रति क्विंटल 238 रुपये तक की गिरावट दर्ज की गई, जबकि तेल सरसों 48 और वनस्पति 81 रुपये नीचे आ गया। तेल सोया, सूरजमुखी और पाम आयल में भी हल्की से औसत दर्जे की गिरावट रही। स्टॉक और मांग के अंतर के बीच चावल में तेजी दिखी। इसके विपरीत गेहूं में पांच रुपये क्विंटल तक की नरमी दिखी। आज दालों में भी उठाव कम होने से गिरावट का रुख देखा गया। दलहन बाजार में चना 44 रुपये टूट गया, जबकि तुअर दाल का भाव 69 रुपये तक गिर कर बोला गया। उड़द और मसूर दाल में क्रमशः 71 और 34 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। दाल मूंग के भाव हल्की तीन रुपये की तेजी के साथ करीब करीब पिछले स्तर पर रहे। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव में औसतन 10 रुपये की तेजी दर्ज की गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : दाल चना 7826-7782, मसूर काली 8042 -8008, मूंग दाल 10147-110150, उड़द दाल 10546-10515, अरहर दाल 11060-10990 रुपये प्रति क्विटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2822 रुपये और चावल 3858 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4284-64 और गुड़ 4893 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16797-11 रुपये, मूंगफली तेल 17613-42 रुपये, सूरजमुखी तेल 15251-2 रुपये, सोया रिफाइंड 13703- 41 रुपये, पाम ऑयल 12195-42 रुपये और वनस्पति तेल 14434-41 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**अहमदाबाद विमान....**

सब कुछ समाप्त हो गया था। यहां 'कट ऑफ' से मतलब विमान के दोनों इंजनों को ईंधन की आपूर्ति करने वाली प्रणाली को चालू और बंद करने के लिए कॉकपिट में लगे दोनों स्विच बंद होने से था। पहले पायलट के प्रश्न के उत्तर में दूसरे का कहना था कि उसने स्विच बंद नहीं किए थे।

एएबीआई की अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार पायलटों ने विमान को बचाने का बहादुरी से प्रयास किया। ईंधन कटौती के 10-14 सेकंड के भीतर, उन्होंने दोनों ईंधन स्विच को वापस 'रन' की स्थिति में किया। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि विमान के दोनों इंजनों ने स्वचालित रूप से पुनः आरंभ करना शुरू कर दिया, इंजन 1 में सुधार के संकेत दिखाई दिए और इंजन 2 के फिर से प्रज्वलित होने की प्रकिया होने लगी थी, लेकिन अपर्याप्त समय और कम ऊंचाई के कारण विमान को टक्कर से नहीं बचाया जा सका। रिपोर्ट का कहना है कि जब विमान के इंजनों ने काम करना बंद किया था उस समय वह केवल 625 फुट ऊपर था और इंजन पुनः आरंभ करने की प्रक्रिया में 29 सेकंड से कहीं अधिक समय लगता था। आज के जेट इंजन उड़ान के दौरान पुनः चालू हो जाते हैं, लेकिन इसमें कई मिनट लग जाते हैं और इसके लिए विमान अधिक ऊंचाई पर होना चाहिए। अंतरिम जांच रिपोर्ट के अनुसार गत 12 जून को अहमदाबाद से उड़े बोइंग बी787-8 ड्रीमलाइनर विमान ने पूरी गति और शक्ति से हवाई पट्टी से उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ ही क्षण में ही विमान के दोनों इंजनों को तेल मिलना बंद हो गया था और तेल न मिलने से विमान तेजी से ऊंचाई खोने लगा और एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास भवन से जा टकराया। रिपोर्ट के अनुसार ईंधन प्रणाली के दोनों स्विच सेकंड भर के अंतर में बंद हुए थे। इस दुर्घटना में विमान के यात्री को छोड़ कर चालक दल सहित उसमें बैठे सभी व्यक्तियों और छात्रावास भवन के कुछ लोगों सहित 271 लोगों की मौत हो गई थी। इस रिपोर्ट के आने के तुरंत बाद अमे. रिका विमान विनिर्माता बोइंग ने एक बयान में कहा कि वह जांच में सहयोग जारी रखेगी। एएआईबी की 15 पृष्ठ की इस रिपोर्ट में उड़ान भरने के 90 सेकंड के समय के भयावह घटनाक्रम का विवरण प्रस्तुत है, जो उसके ब्लैक बॉक्स के रिकॉर्ड की जांच से सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक विमान के शुरू में ऊंचाई पकड़ने के बाद दोनों इंजन अप्रत्याशित रूप से बंद हो गए, जिससे विमान को इंजन से मिलने वाला प्रणोदक बल बहुत कम हो गया और विमान तेज़ी से नीचे आने लगा। ब्यूरो ने कहा है कि डाउनलोड किए गए उड़ान डेटा में लगभग 49 घंटे का उड़ान डेटा और छह उड़ानों की जानकारी शामिल थीं, जिनमें घटना वाली उड़ान भी शामिल थी। प्राप्त ऑडियो दो घंटे लंबा था और उसमें पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। विमान के एन्हांस्ड एयरबोर्न फ्लाइट रिकॉर्डर (ईएआरएफ) के डाटा के विश्लेषण से पता चला कि दोनों इंजनों के ईंधन कटऑफ में लगे स्विच विमान के उड़ने के कुछ ही क्षणों बाद, एक सेकंड के अंतराल पर, अनजाने में 'रन' (चालू) से कट-ऑफ (बंद मोड) पर चले गए थे। एक पायलट को दूसरे से पूछते हुए सुना गया, 'तुमने कटऑफ क्यों किया?' जिस पर जवाब था, 'मैंने नहीं किया।' 'पायलटों ने दोनों ईंधन-स्विच चालू कर दिए थे, लेकिन समय नहीं बचा था, विमान की ऊंचाई भी कम थी।' एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई171 (अहमदाबाद-लंदन) का संचालन प्रथम अधिकारी पीएफ (पायलट फ्लाइट) क्लाइव कुंदर और कॉकपिट से उड़ान का प्रबंधन पायलट मॉनिटरिंग (पीएम) कैप्टन सुमित सभरवाल कर रहे थे। उड़ान के दौरान वरिष्ठ कैप्टन उड़ान की निगरानी और प्रबंधन करता है। रिपोर्ट में ईंधन स्विच बंद होने से संबंधित कॉकपिट में हुई बातचीत का केवल संक्षिप्त विवरण दिया गया है। इसमें यह नहीं बताया गया है कि अमुक बात किसने की। एएआईबी के अनुसार एक पायलट को दूसरे से यह पूछते हुए सुना गया कि तुमने कटौती क्यों की। दूसरे पायलट ने जवाब दिया कि मैंने ऐसा नहीं किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस विमान (वीटी-एएनबी) के रखरखाव का रिकॉर्ड साफ़-सुथरा था और 2023 से इसके ईंधन नियंत्रण स्विच में कोई खराबी दर्ज नहीं की गई थी। बाराबर इसके सभी आवश्यक निरीक्षण किए जा रहे थे, और विमान विविधिवत उड़ान योग्य प्रमाणित था। इस मामले में हालांकि एक विचारणीय प्रश्न उठ रहा है कि जब अमेरिकी संघीय उड्डयन एजेंसी ने 787 मॉडल सहित बोइंग विमानों पर ईंधन नियंत्रण स्विच लॉकिंग तंत्र से जुड़ी संभावित समस्याओं के संबंध में विशेष उड़ान योग्यता सूचना बुलेटिन संख्या एनएच-18-33 वर्ष 2018 में जारी किया था, तो उसके संदर्भ में इस विमान को लेकर क्या सावधानी बरती गई। यह बुलेटिन उन रिपोर्टों के बाद जारी किया गया था जिनमें कहा गया था कि बोइंग 737 विमानों पर ईंधन नियंत्रण स्विच बिना लॉकिंग सुविधाओं के लगाए गए थे। वह बुलेटिन अनिवार्य निर्देश नहीं बल्कि केवल एक परामर्श था। एयरलाइन ने विमान के थ्रॉटल कंट्रोल मॉड्यूल को 2019 और 2023 में बदला था, लेकिन यह काम ईंधन स्विच समस्याओं से संबंधित नहीं थे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एयर इंडिया ने अमेरिकी उड्डयन एजेंसी के बुलेटिन को आधार बना कर काई निरीक्षण नहीं किया। एएआईबी प्राथमिक रिपोर्ट में इस बाद को विशेष रूप से लिखा कि यह रिपोर्ट प्रारंभिक है और इसमें परिवर्तन हो सकता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## रेणु व कुलदीप बालियान का आम जनता से ऐतिहासिक जुडाव

रामपुर मनिहारान। चेयरपर्सन श्रीमती रेणु बालियान और चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान ने आम जनता के बीच ऐतिहासिक जुड़ाव पैदा किया है। विकास कराने के साथ साथ वे हर किसी के सुख दुख में शामिल होते हैं।नगर पंचायत बोर्ड को विश्वास में लेकर चलते हैं। दो साल के कार्यकाल मे उन्होने साफ स्वच्छ छवि के नेता के रूप में प्रसिद्धि हासिल की है।

## श्वेता व संयम का शिक्षा क्षेत्र में सराहनीय कार्य

रामपुर मनिहारान। मदरलैंड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक इंजीनियर सत्य संयम भूर्यान और चेयरपर्सन श्रीमती श्वेता सैनी शिक्षा के क्षेत्र मे सराहनीय कार्य कर रहे हैं।उनकी सोच है कि शिक्षित भारत ही सक्षम भारत बनेगा।इसीलिए वे स्वयं स्टाफ के साथ कड़ी मेहनत करते हैं।इसी का परिणाम है कि मदरलैंड पब्लिक स्कूल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत तक रहता है जो वास्तव मे एक बडी उपलब्धि है।

## गीता व विजयपाल ने कराये अदभुत विकास कार्य

रामपुर मनिहारान। ब्लॉक प्रमुख श्रीमती गीता रानी व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह जिस सेवा भाव के साथ राजनीति में आए थे उस पर खरे साबित हुए हैं।पूरे ब्लॉक क्षेत्र में उन्होंने अद्भुत विकास कराया है।अंत्येष्टि स्थल एक ऐसा विषय था जिस पर अधिकांश लोग ध्यान नहीं देते लेकिन प्रमुख साहब ने कई क्षेत्रों में अंत्येष्टि स्थल पर बनवाए अथवा अन्य आवश्यकताएं पूरी कराई।ब्लॉक प्रमुख विजयपाल सिंह काफी लोकप्रिय हो चुके हैं।

## मंत्री जसवंत बिना भेदभाव कराते है समस्याओं का निस्तारण

**रामपुर मनिहारान।** उत्तर प्रदेश सरकार में औद्योगिक विकास एव ससदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सैनी रामपुर मनिहारान के हैं जो अपने मृदु स्वभाव, मिलनसारिता और सेवा को संकल्प मानने वाले नेता के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनके कैम्प कार्यालय पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर आते हैं। मंत्री जी बिना भेदभाव सबकी समस्याओं को सुनते हैं और निस्तारण कराते हैं।यही वजह है कि उनकी लोकप्रियता बढ़ती ही जा रही है। मंत्री जी की अनुपस्थिति में उनके छोटे भाई / प्रतिनिधि कृष्णचंद सैनी पूरी ज़िम्मेदारी के साथ लोगों की बात सुनते हैं।ख़ास बात ये भी है उनके कार्यालय पर आने वाले लोगों के लिए हर समय नाश्ते की व्यवस्था रहती है।












### पालिका के दावें फेल

# कांवड़ मार्ग पर देर रात घूमते मिले बेसहारा गोवंश

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कांवड़ यात्रा को लेकर किए गए पालिका प्रशासन के दावे शुक्रवार देर रात पूरी तरह फेल होते नजर आए।

प्रशासन द्वारा यात्रा से पूर्व आवारा गोवंश को सड़कों से हटाकर गौशालाओं में भेजने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन हकीकत इसके विपरीत सामने आई। शुक्रवार की रात कस्बे की सड़कों पर दर्जनों आवारा गौवंश बेरोकटोक घूमते नजर आए। इससे न केवल आमजन परेशान हुए, बल्कि कांवड़ यात्रा के दौरान यह लाप. रवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

कस्बे के गंगनहर पटरी मार्ग, जीटी रोड, बुढ़ाना तिराहा, नवीन मंडी, रेलवेस्टेशन रोड जैसे मुख्य मार्गों पर आवारा बैलों और गायों के झुंड खुलेआम घूमते देखे गए। कई बार ये गोवंश अचानक बीच सड़क पर आकर खड़े हो जाते हैं, जिससे वाहन चालकों और कांवड़ यात्रियों को ब्रेक लगाना पड़ता है। इस दौरान कई बार वाहन चालक गिर भी जाते हैं और चोटिल हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रशासन हर साल सिर्फ काग. जों में ही व्यवस्थाएं करता है।

मौके पर न तो कोई जिम्मेदार अधिकारी नजर आता है और न ही आवारा पशुओं को हटाने की कोई व्यवस्था।

ओर सरकार और प्रशासन कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पालिका की लापरवाही श्रद्धालुओं की सुरक्षा में सेंध लगा रही है। यदि समय रहते इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई गई तो किसी बड़ी अनहा. नी से इंकार नहीं किया जा सकता।

#### क्या बोले स्थानीय निवासी

स्थानीय लोगों ने बताया कि पालिका ने हफ्तेभर पहले दावा किया था कि कस्बे के सभी प्रमुख मार्गों से आवारा पशुओं को हटाकर उन्हें गौशालाओं में पहुंचा दिया गया है, लेकिन जमीनी सच्चाई कुछ और ही है। ष्शुक्रवार की बैल और गाय आपस में भिड़ते हुए सड़क के बीच आ गए थे, एक बाइक सवार युवक गिरकर घायल हो गया।ष

#### कांवड़ यात्रियों पर खतरा

कांवड़ यात्रा के दौरान हजारों की संख्या में शिवभक्त गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर पैदल रवाना होते हैं। ऐसे में सड़कों पर घूमते ये गोवंश उनके लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। कई बार ये बैल अचानक दौड़ने लगते हैं जिससे भगदड़ की स्थिति भी बन सकती है।

#### प्रशासन की कार्यशैली पर उठे सवाल

पालिका द्वारा यात्रा से पहले प्रेस नोट जारी कर यह दावा किया गया था कि क्षेत्र में अभियान चलाकर आवारा पशुओं को गौशालाओं में शिफ्ट किया जा रहा है, और किसी भी मार्ग पर कोई बाधा नहीं होगी। लेकिन अब पालिका की यह व्यवस्था कागजों तक ही सीमित नजर आ रही है।

#### शिवभक्तों की सुरक्षा हो प्राथमिकता

नगरवासियों और शिवभक्तों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल प्रभाव से आवारा गोवंश को कांवड़ मार्ग से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर भेजे। साथ ही मार्गों की नियमित निगरानी हो ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।

## स्वास्थ्यकर्मियों ने फर्जी पत्रकारों के विरुद्ध एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बुढ़ाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के समस्त स्टाफ ने आज शनिवार के दिन बुढ़ाना तहसील परिसर में पहुंचकर कस्बे के फर्जी पत्रकारों के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम मोनालिसा जौहरी को एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया है कि कई युवक ऐसे हैं जो पत्रकारिता का रोब देकर हमारे सीएचसी प्रभारी अर्जुन सिंह चौधरी पर गलत आरोप लगाकर व झूठी खबरे सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दबाव बना रहे हैं ओर विगत दिन भी एक झूठा प्रार्थना पत्र एसडीएम को दिलवाया गया है जो बिल्कुल गलत व निराधार है। जिसके चलते आज हमने सीएचसी में भी धरना प्रदर्शन किया है। ऐसे युवको पर जांच कर तत्काल कार्यवाही की जाए। बुढाना एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से हरमिंदर सिंह और कुसुमलता बालियान सहित अन्य कई स्वास्थयकर्मी उपस्थित रहे।

## टूटी लापरवाह सिस्टम की नींद:
# जल भराव पर डीएम ने ईओ से मांगा प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दो दिन की ही बारिश विकास कार्यो के सभी दावों की पोल खोलने के साथ ही के शहर के गली मोहल्लो में जल भराव होने से बड़ा बवाल मचा हुआ है। दुकानों में पानी भरने से व्यापारियों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, जनता के गुस्से को झेल रहे जनप्रतिनिधि पूरी तरह से ग्राउण्ड जीरो पर हैं। जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे तो उन्होंने जनता के प्रति जवाबदेही से बचकर आराम की नींद सोने वाले अधिकारियों को भी जगाने का काम शुरू हो गया है।जिले के कलेक्टर सक्रिय हुए तो तमाम विभागों के अफसर भी एक्टिव मोड पर आ गए हैं। उन्होंने 48 घंटे मेंअंतर विभागीय टीम का गठन करते हुए पालिका ईओ से समन्वय बनाकर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार मांगी है।



गौरतलब है कि 9 जुलाई को शहर में बड़ी बारिश हुई और इस कारण शहर के पॉश इलाकों से लेकर मलिन बस्तियों और निचले क्षेत्रों में भी भारी जल भराव हो गया। इतना ही नहीं शहर के मुख्य बाजारों में दुकानों में पानी घुस जाने के कारण व्यापारियों को भी करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। इसके खिलाफ पहली बार जनता में गुस्सा नजर आया और रामलीला टीला पर महिलाओं ने जनप्रति. निधियों के खिलाफ सड़क पर आकर मोर्चा बंदी शुरू कर दी। नगर विधायक व सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल और पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा नेता गौरव स्वरूप पूरे दलबल के साथ ग्राउण्ड जीरों पर उतरे और समस्याओं को समझा। जनता जागी तो जनप्रतिनिधियों की भी नींद उचट गई और अफसरों को भी लापरवाही की चादर छोड़कर जवाबदेही के लिए तैयार होना पड़ा।

शनिवार को जब डीएम उमेश मिश्रा शिव चौक पर कांवड़ कंट्रोल रूम के उद्घाटन में पहुंचे तो यहां पर मंत्री कपिल देव और चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के साथ ही सभासदों ने उनके सामने शहर की जल निकासी की समस्या और नालों पर हो रहे अतिक्रमण की शिकायत को रखा।

मंत्री कपिल देव ने डीएम से अंतर विभागीय समन्वय बनवाते हुए आगामी विकास कार्य कराये जाने पर जोर दिया। डीएम ने यहां ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह को निर्देश दिये कि वो शहरी जल निक. ासी की समस्या को समझने के लिए एक अंतर विभागीय कमेटी का गठन कर रहे हैं, जिसमें नगर पालि. का के साथ ही एमडीए, जल निगम, सीएनडीएस जल निगम नागर इकाई, लोक निर्माण विभाग के तकनीकी अधिकारियों के साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी को भी शामिल किया जा रहा है। इस अंतर विभागीय कमेटी के साथ वो समन्वय बनाकर मीटिंग करते हुए जल निकासी में बन रही बाधाओं को चिन्हित करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उनको उपलब्ध कराने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी रिपोर्ट मांगी है कि शहर में कहां पर नाले व नालियों पर अतिक्रमण है या उनको बंद किया गया है। साथ ही उन्होंने ईओ से कहा कि वो ऐसे पुराने लोगों की भी मदद ले जो शहर के ड्रेनेज सिस्टम पर पूरी जानकारी रखते हों, प्राइवेट तकनीकी पर्सन से भी वो सहायता लें और एक गंभीर कार्ययोजना तैयार करें। ताकि शासन को भेजकर इसके समाधान के लिए प्रयास किये जा सकें।

#### डीएम की नसीहत: विकास के लिए लोगों को भी चुकानी पड़ेगी कीमत

**मुजफ्फरनगर।** डीएम उमेश मिश्रा के समक्ष सभासदों ने यह शिकायत रखी कि लोगों ने नालों और नालियों पर अतिक्रमण कर रखा है, जिस कारण उनकी सफाई नहीं हो पाती है।

इस पर डीएम ने कहा कि ईओ को निर्देश दिया गया है। ये कमेटी इस पर भी अपनी रिपोर्ट तैयार करते हुए ऐसे सभी प्वाइंट को चिन्हित करेगी और कांवड़ के बाद एक योजना बनाकर ऐसे अतिक्रमण को हटवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान चाहिए तो लोगों को भी कीमत चुकाने के लिए तैयार होना पड़ेगा। समस्या के विकराल होने में नागरिकों का दोष भी शामिल हैं, लोग नालों में कूड़ा डालते हैं, सड़कों पर फैंकते हैं, तो बारिश के पानी के साथ जल निकासी में अवरोध उत्पन्न करता है। ऐसे लोग भी चिन्हित किये जायेंगे।

## एसडी मैनेजमेंट में मेधावी बच्चों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुजफ्फरनगर में आज बीबीए तृतीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में एक विशेष आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस परिणाम में नैना मिगलानी ने 80.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, आदित्य शर्मा ने 78.83 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा भरत गोयल ने 78.16 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने इस अवसर पर सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता का पहला चरण पूरा हुआ है, अब उन्हें उद्योगों की बदलती मांगों के अनुसार अपने कौशल को और मजबूत करना चाहिए।

बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने विद्यार्थियों को ऊंचे सपन देखने और उन्हे साकार करने के लिए उन्हे निरन्तर मेहनत करने की प्रेरणा दी।

# नकली खाद फैक्ट्री पर छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र के गांव सिलाजुढी में एसडीएम सदर निकिता शर्मा, जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया और सीओ मंडी रूपाली ने नकली उर्वरक की फैक्ट्री को पकड़ा है। यहां पर भारी मात्रा में एमओपी, डीएपी और पेस्टीसाइड बरामद हुआ है।

इसके अलावा कई ब्रांडिंग कम्पनियों के बैग भी मौके पर मिले है। कृषि विभाग की टीम ने एमआ. ेपी, डीएपी और पेस्टीसाइड के नमूने लिए है। वहीं कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। वहीं मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। जनपद में नकली उर्वरक और पेस्टीसाइड का बड़े स्तर पर खेल चल रहा है। शनिवार को गांव सिलाजुढी में नकली उर्वरक बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ है।

एसडीएम सदर और सीओ मंडी ने सूचना मिलने पर इस फैक्ट्री को पकड़ा है। इसकी सूचना जिला ख्रषि अधिकारी राहुल तेवतिया को दी गई। जानकारी मिलने पर जिला ख्रषि अधिकारी राहुल तेवतिया, वरिष्ठ लिपिक देवेन्द्र चौधरी और सचिन पुंडीर के साथ मौके पर पहुंचे। यहां पर भारी मात्रा में एमआ. ेपी, डीएपी और पेस्टीसाइड मिला है। ख्रषि विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए एमओपी, डीएपी और पेस्टीसाइड के नमूने लेकर जांच के लिए लैब में भेजा है। वहीं कार्रवाई करते हुए इस फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। डस्ट पर रंग चढ़ाकर बनाया जा रहा था एमओपी उर्वरक

मुजफ्फरनगर। गांव सिला. जुढी में पकड़ी गई फैक्ट्री मालिक का नाम रमेश बताया जा रहा है। इसके पास फैक्ट्री में माइक्रो न्यूटन उर्वरक बनाने का लाइसेंस है, लेकिन यहां पर अवैध रूप से एमओपी, डीएपी और पेस्टीसाइड मिला है। बताया जाता है कि डस्ट पर रंग चढ़ाकर एमओपी बनाया जा रहा है। वहीं जिप्सम के दाने से डाई बनाई जा रही है। इसके बाद उद्र नकली उर्वरक को ब्रांडिंग कम्पनियों के बैग में भरकर सप्लाई की जाता है।

## शाम के समय हुई मूसलाधार बारिश से खिले चेहरे

**बुढ़ाना।** कस्बे और क्षेत्र में शाम 06 बजे के आसपास हुई मूसलाधार बारिश ने नागरिकों के चेहरे पर खुशी ला दी। भयंकर गर्मी से परेशान लोगों को इस बारिश से राहत तो मिली लेकिन कम बिजली आने के कारण कुछ स्थानों पर इन्वर्टर भी फेल हो गये। इस बारिश से कहीं पर भी किसी भी दुकान या मकान में पानी भरने की कोई शिकायत नहीं मिली क्योंकि नगर पंचायत बुढ़ाना लगातार नालों की सफाई का अभियान चलाए हुए हैं। दो वर्ष पहले कस्बा पानी से लबालब हो गया था। उसी दौरान चेयरपर्सन उमा त्यागी ने चार्ज संभाला था तो उनके प्रतानिधि सुबोध त्यागी ने सभी सभासदों के साथ पैदल ही बारिश में कई फुट पानी में घुसकर भ्रमण किया था और नगर पंचायत कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे।

# मंत्री कपिल व चेयरपर्सन ने किया कांवड़ कंट्रोल रूम का उद्घाटन

### शिवचौक पर परखी कांवड़ सुरक्षा की सीसीटीवी निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कावड़ यात्रा के दौरान चाक चौबंद व्यवस्था के साथ ही शिव भक्तों की सुरक्षा, सेवा, सुविधा और सहायता के लिए नगरपालिका का शिव चौक स्थित कांवड़ कंट्रोल रूम भी शुरू हो गया है।

शिव चौक स्थित गोल मार्किट में कांवड़ यात्रा के दौरान नगरपालि. का परिषद् के द्वारा कंट्रोल रूम और खोया पाया केन्द्र बनाया जाता है। शनिवार को पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और राज्य मंत्री स्वतंत्र परिवार कपिल देव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कांवड़ कंट्रोल रूम एवं खोया पाया केन्द्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान डीएम उमेश मिश्रा और एसएसपी संजय वर्मा भी मौजूद रहे। पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। यहां पर मंत्री और चेयरपर्सन ने डीएम व एसएसपी के साथ मिलकर सीसीटीवी के माध्यम से की जा रही कांवड़ यात्रा की निगरानी की व्यवस्था को परखा और सतर्क रहकर सुरक्षा को लेकर निर्देश दिये। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कंट्रोल रूम के माध्यम से शिव भक्त कांवड़ियों का जिले और नगर में स्वागत करते हुए शासन व प्रशासन, पालिका और स्थानीय लोगों के द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी उन्होंने बताया कि कांवड़ियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है।

करीब 750 सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे निगरानी हो रही है। पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार भक्तों का मार्गदर्शन किया जा रहा है। उनका स्वागत करने को पालिका ने बेहतर व्यवस्था की है। शहरी क्षेत्र में करीब 21.9 किलोमीटर लंबे कांवड़ मार्ग पर पालिका ने बल्लियों के साथ इमरजेंसी लाइट की व्यवस्था की है। प्रतिदिन आठ घंटे की शिफ्ट में 150 अतिरिक्त आउटसोर्स सफाई कर्मचारी सेफ्टी किट और उपकरणों के साथ तैनात किये जा चुके हैं। शि. विरों में अलग से सफाई मित्र तैनात किये गये हैं। जलभराव से निपटने के लिए पांच डिवाटरिंग सेट और 20 अतिरिक्त कर्मचारी लगाये हैं। कूड़ा निस्तारण के लिए लगी प्राइवेट कंपनी के कर्मचारीर भी शि. विरों में सफाई के लिए लगाये गये हैं। इस दौरान मुख्य रूप से सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, सीओ सिटी राजू कुमार साव, सभासद मनोज वर्मा, राजीव शर्मा, रजत धीमान, शौकत अंसारी, देवेश कौशिक, योगेश मित्तल, अन्नू कुरैशी, मोहित मलिक, हनी पाल, मौ. खालिद, विजय चिंटू, शहजाद चीकू, हिमांशु कौशिक, अमित पटपटिया, हसीब राणा, प्रमोद कुमार, शोभित गुप्ता, नौशाद पहलवान के अलावा ख्रष्णगोपाल मित्तल, शलभ गुप्ता, जनार्दन ब्विवकर्मा, सुनील तायल, विशाल गर्ग, रोहिल वाल्मीकि, सुरेन्द्र अग्रवाल, एई निर्माण नैपाल सिंह, जेई राजीव सोनकर, लिपिक तनवीर आलम, मोहन वैद, आईटी प्रियेश कुमार, ठेकेदार सुनील कर्णवाल मौजूद रहे।

## कांवड़ मेले में छात्र-छात्राओं ने बिखेरी सुन्दर छटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में भक्ति और संस्कृति से ओतप्रोत कांवड़ मेले का भव्य आयोजन किया गया।जिसमे बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी सुंदर प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम आरम्भ जूनियर कक्षाओं के छात्रों द्वारा भगवान शिव और माता पार्वती के रूप धारण कर की गई। कई छात्रों ने कांवड़ियों का वेश पहनकर पारंपरिक कांवड़ यात्रा की झलक प्रस्तुत की।

सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपने-अपने हाउस के अंतर्गत चार सुंदर और कलात्मक कावड़ तैयार कीं, जिन्हें एक भव्य शोभा यात्रा के रूप में विद्यालय परिसर में निकाला गया। इन कावड़ की सजावट, रंग संयोजन और धार्मिक प्रतीकों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

इसके अतिरिक्त, छात्रों द्वारा चारधाम, केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री ख्र की आकर्षक और सूक्ष्म कलाकृतियाँ भी बनाई गईं, जो मेले का प्रमुख आकर्षण बनीं। इन कलाकृतियों ने न केवल धार्मिक भावना को जागृत किया, बल्कि बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को भी उजागर किया कार्यक्रम के विशेष क्षण में विद्यालय की प्रधानाचार्या मो. निका चौधरी स्वयं भगवान शिव के रूप में मंच पर उपस्थित हुईं और महादेव का रूप धारण करके आए प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया।

## गोबर बहाने वालों का चालान न करने पर भड़कीं ईओ

**मुजफ्फरनगर।** मंत्री कपिल देव अग्रवाल के स्थलीय निरीक्षण के दौरान रामपुरी और अन्य क्षेत्र में बस्ती में डेयरी चलाकर गोबर को नालियों में बहाने वाले लोगों के खिलाफ चालान की कार्यवाही 24 घंटे बीत जाने पर भी नहीं की गई, इसको लेकर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय शाही के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुए कार्यवाही की चेतावनी दी है। ईओ ने बताया कि मंत्री ने निरीक्षण के दौरान रामपुरी में गोबर बहाते हुए देखा था, मौके पर ही चालान करने के निर्देश दिये गये थे, इसके लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी को आरोपियों को चिन्हित कर कार्यवाही के लिए कहा गया था, लेकिन शनिवार तक भी चालान नहीं किये गये। ईओ ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी से जवाब तलब किया है। साथ ही चालान करने की व्यवस्था मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश गोलियान, सफाई निरीक्षक प्लाक्षा मैनवाल और वैशाली सोती को सौंप दी है। तीनों को निर्देशित किया है कि वो चालान बुक निरीक्षण में साथ रखेंगे और तत्काल ही चालानी कार्यवाही की जायेगी। डॉ. अजय शाही का कहना है कि उन्होंने डेयरी वालों के खिलाफ चालान काटकर जुर्माना वसूलने के लिए विभागीय लिपिक को निर्देश दिये थे, लेकिन उसके द्वारा कार्यवाही नहीं की गई है। इसके लिए लिपिक से भी जवाब मांगा गया है और आज ही चालानी कार्यवाही की जा रही है।



मुजफ्फरनगर:कांवड़ कन्ट्रोल रूम का शुभारंभ करते मंत्री और चेयरमैन।

## समाधान थाना दिवस मे 2 मामलों का हुआ निपटारा

**बुढ़ाना।** स्थानीय कोतवाली परिसर में आज शनिवार के दिन समाधान थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मात्र 04 ही शिकायतें आ पाई। जिनका एसडीएम बुढ़ाना मोनालिसा जौहरी की मौजूदगी में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के द्वारा हाथों हाथ निस्तारण कर दिया गया। पहली शिकायत भारतीय किसान यूनियन के नगर अध्यक्ष इसरार अहमद लेकर पहुंचे। जिन्होने बताया कि कांधला रोड पर स्थित एक मदरसे के संचालक को उसकी जमीन की पूरी रकम अदा कर दी गयी लेकिन वह जमीन का बैनामा उनके नाम करने को तैयार नहीं है। दूसरी शिकायत जिला पंचायत सदस्य बाबा मोमीन हसन जौला लेकर पहुंचे। जिन्होंने बताया कि दो भाइयों का आपसी जमीन विवाद है। तब एसडीएम बुढ़ाना



मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र ने दोनों ही शिकायतों का निस्तारण संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के सहयोग से हाथों हाथ करवाते हुए दोनों ही शिकायतकर्ताओं को राहत देने का काम किया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से बुढाना नगर पंचायत से दिनेश त्यागी, गांव जौला से हाजी जमशेद अली, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अब्दुल जब्बार राणा और अब्दुल अंसारी आदि मौजूद रहे।

# गंगनहर घाट पर कांवड़िए के भेष में छिपा चोर पकड़ा गया

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** श्रावण मास में चल रही कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों की भारी भीड़ का फायदा उठाकर चोरों ने भी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

खतौली गंगनहर घाट पर बुधवार को ऐसा ही एक मामला सामने आया, जब एक चोर कांवड़िए के भेष में शिवभक्तों के बीच चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

शनिवार को खतौली गंगनहर घाट पर दर्जनों कांवड़िए नहाने में व्यस्त थे। उसी दौरान एक युवक कांवड़िए के रूप में वहां पहुंचा और भीड़ का फायदा उठाते हुए शिवभक्तों के कपड़ों से मोबाइल और नकदी पार करने लगा। जब वह भागने लगा तो एक कांवड़िए की नजर उस पर पड़ी। शक होने पर उसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया और फिर शिवभक्तों ने मिलकर उसकी जमकर धुनाई कर दी।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह भीड़ से चोर को छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम राहुल निवासी दिल्ली बताया। पुलिस ने जब युवक की तलाशी ली तो उसके पास लटकी कांवड़ में छिपाकर रखे तीन चोरी किए गए मोबाइल फोन और 2500 नकद बरामद हुए। पुलिस ने तत्काल उसे गिरफ्तार कर कोतवाली ले जाकर पूछताछ की। इस घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और काफी देर तक हंगामा होता रहा।

#### कांवड़ियों ने जताई चिंता

शिवभक्तों ने बताया कि चोरों ने अब कांवड़िए का भेष अपनाकर यात्रा को निशाना बनाना शुरू कर दिया है, जिससे कांवड़ यात्रा की पवित्रता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता बढ़ाने की मांग की है।

#### यात्रा में बढ़ रही चोरी की घटनाएं

श्रावण मास के दौरान हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे लाखों शिवभक्तों की मौजूदगी में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में यात्रा मार्गों और घाटों पर पुलिस की चौकसी बेहद जरूरी है, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था पर कोई आंच न आए।

#### कावड़ियों ने पुलिस के सामने की चोर की धुनाई

गंगनहर पर कावड़ियों के मोबाइल और नकदी चोरी कर भाग रहे चोर को कावड़ियों ने पकड़ कर जमकर धुनाई की मारपीट की सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने चोर को कावड़ियों के चंगुल बचाने का प्रयास किया जहां कावड़ियों ने पुलिस के सामने ही उसकी जमकर लात घुसो से पिटाई की। पुलिस ने भीड़ को शांत कर चोर को कोतवाली ले आई। जिसका पुलिस ने शान्ति भंग में चालान कर दिया था।

## छात्र अक्षांत राणा ने नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया

**जानसठ।** कृष्णा शिशु सदन जूनियर हाई स्कूल के कक्षा 5 के छात्र अक्षांत राणा पुत्र अभिषेक कुमार मोहल्ला हुसैनपुरा कस्बा जानसठ ने जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा में सामान्य वर्ग की शहरी सीट पर 87.5 प्रतिशत अंक से प्रवेश परीक्षा पास कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। तो वहीं छात्र के घर बधाई देने वालों का ताँता लगा हुआ है और सभी ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।तो वही विद्यालय के प्रबंधक कृपाल सिंह, प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार, प्रधानाध्यापिका मीतू राणा, राज. कुमार प्रधान भलेडी, श्रीचंद सैनी, धर्मवीर प्रजापति, ध्यान सिंह, सोनू



प्रजापति, ठाकुर प्रदीप राणा, सुनील कश्यप, इमान अली एडवोकेट, इरशाद अली एडवोकेट, नोमान एडवोकेट, अफजाल, हसन रजा, रोहताश सिंह, योगेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, सुन्दर सिंह वर्मा आदि मौजूद रहे और सभी ने छात्र को शुभकामनाएँ देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, मोरना ( मुजफ्फरनगर )

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

इस मिल समिति के पेराई सत्र 2024-25 की समाप्ति के उपरान्त कार्य सख्या-1-स्प्रे पोण्ड एवं चैनल की सम्पूर्ण सफाई तथा ई.टी. पी.के समस्त टैंक आदि की सफाई के कार्य 2. मिल में स्कार्पियों कार किराये पर लिये जाने हेतु निविदायें दिनांक 19.7.2025 तक आंमत्रित की जाती है। टेण्डर फीस( वापिसी योग्य नहीं) जमा कर निविदा प्रपत्र मिल कोषागार से प्राप्त किये जा सकते है। नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र पर अंकित है। एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त /स्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**प्रधान प्रबन्धक**

# जल भराव वाले क्षेत्रों में टीम के साथ पहुंचीं चेयरपर्सन

**मुजफ्फरनगर।** जलभराव की समस्या को लेकर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप और उनके पति भाजपा वरिष्ठ नेता गौरव स्वरूप व नगर पालिका ईओ के साथ शहर के तीन वार्डों का जायजा लिया। इस बीच स्थानीय लोगों ने नाला और सीवर आदि की सफाई न होने के संबंध में शिकायत की है। चेयरपर्सन ने अधिकारियों को समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने शहर के वार्ड संख्या 15, 21 और 34 के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों रामपुरी, लद्दावाला नई बस्ती, शाहबुदीनपुर, एकता विहार रूड़की रोड आदि का जायजा लिया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, सभासदों और ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह व अधिकारियों सहित करीब तीन घंटे तक जनता के बीच रहीं।

गली-गली पैदल भ्रमण करते हुए उन्होंने लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी जुबानी ही समस्याओं को समझने का प्रयास किया। आरएसडी पब्लिक स्कूल वाली गली में पालिका की भूमि की गहराई को लेकर लोगों ने उसका भराव कराने की मांग की। वहीं सीवर और नालों की सफाई, कई स्थानों पर टूटी और क्षतिग्रस्त सड़कों तथा नालियों के निर्माण की आवश्यकता को उनके सामने रखा। यहां पर तत्काल ही सीवर सफाई के लिए टीम को लगाया गया। नाला और सीवर निर्माण के साथ ही सड़क और नाली निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए स्टीमेट तैयार कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को नालों में गन्दगी और गोबर बहाने वालों के



साथ ही नालों पर अतिक्रमण कर सफाई को बाधित करने वालों के खिलाफ चालान कर जुर्माना लगाने के निर्देश दिये। इस दौरान भाजपा नेता विकल्प जैन, मनोज शर्मा, मालती शर्मा, सभासद मनोज वर्मा, रजत धीमान, सुनीता, शहजाद चीकू, मोहित मलिक, एनएसए डॉ. अजय प्रताप शाही, एई जल सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## जनपद के स्वास्थ्य विभाग को प्रदेश में हैल्थ डैशबोर्ड रैंकिंग में प्रथम स्थान मिला

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश स्तर से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रति माह हेल्थ डैशबोर्ड रैंकिंग दी जाती है जिसमें इस माह जनपद मुजफ्फरनगर को पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यूपी हैल्थ डैशबोर्ड रैंकिंग के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जाने कार्यक्रमों एवं योजनाओं की उपलब्धियां के आधार पर प्रदेश के 75 जनपदों को रैंकिंग दी जाती है, जिसमें इस माह जनपद मुजफ्फरनगर का पूरे प्रदेश प्रथम स्थान पर आया है, उन्होंने बताया कि पिछले माह जनपद मुजफ्फरनगर सातवीं रैंकिंग हासिल की थी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील तेवतिया ने बताया कि जनपद इस माह परिवार नियोजन कार्यक्रम, बच्चों का 100 प्रतिशत टीकाकरण ,गर्भवती महिलाओं की एचआईवी जांच में भी प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसके साथ अन्य स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों एवं योजनाओं में जनपद द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया गया है जिसके लिए मुजफ्फरनगर को प्रथम स्थान मिला है। जनपद के स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धि पर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील तेवतिया को उनके कुशल नेतृत्व के लिए बधाई दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा भी स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी और कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी पूरे उत्साह, जोश, सजगता एवं लगन के साथ विभाग के लिए कार्य कर विभाग को शीर्ष स्थानो पर बनाए रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### दिखाई दिया 200 रुपये का नकली नोट

**बुढ़ाना।** कस्बे के बाजार मे दो सौ रुपये का नकली नोट भी प्रचलन में आ गया है। इस नकली नोट और असली नोट में काफी अंतर है। नकली नोट एक तो असली नोट से मामूली सा छोटा है। दूसरे नकली नोट का जो कलर है वो हल्का है। नकली नोट की कटिंग सही तरीके से नहीं है। एक साइड में उपर की और छुपे हुए महात्मा गांधी की फोटो गायब है। नकली नोट में ग्रीन बिंदू के पास ही लिखा हुआ है जबकि असली नोट में कुछ दूरी पर लिखा है। इस 200 रुपये के नोट को कोई ग्राहक मौहल्ला मिर्दगान में स्थित पतंग विक्रेता सनव्वर सिद्दीकी को दे गया। सनव्वर सिद्दीकी ने यह बात शनिवार के दिन मीडिया को बताई कि उसे कोई ग्राहक भीड़ का फायदा उठाकर दो सौ रूपये का नकली नोट दे गया। कुल मिलाकर कस्बे में दो सौ रुपये के नकली नोट की आमद हो चुकी है। इसलिए आप सभी को भी अब सावधान हो जाने की जरूरत है। दरअसल बड़े नोटों पर लोगों की नजर अधिक होती है लिहाजा कम मूल्य्य के नोटों को खपाने का बाजार में चलन बढ़ रहा है। लिहाजा आप भी अब नकली नोटों को लेकर सावधान हो जाएं। कुल मिलाकर कस्बे और क्षेत्र के नागरिक नकली नोट को लेकर अलर्ट रहें। फिर भी कस्बे के दुकानदार दो सौ रुपये का नोट अब देखभाल करके ले रहे हैं।

### हाइवे पर टूटने के कगार पर है एचटी लाइन का खंभा

**बुढ़ाना।** मेरठ वाया करनाल हाइवे पर एक स्कूल के पास बिजली का एक खंभा टूटने के कगार पर खडा है। कांवड यात्रा के दौरान खंभा टूटने से बडी दुर्घटना हो सकती है। क्षतिग्रस्त खंभे के बराबर में स्कूल होने के कारण भी बडा हादसा होने की संभावना बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मेरठ वाया करनाल हाइवे पर एक स्कूल के बराबर में क्षतिग्रस्त यह एचटी लाइन का खंभा किसी बडी दुर्घटना को बुलावा दे रहा है। इस क्षतिग्रस्त खंभे के बारे में ग्रामीणों तथा स्कूल के संचालक ने एक्सईएन बुढ़ाना को बीते दिवस एक घशिकायती पत्र भी दिया था लेकिन इस समस्या का समाधान नहीं हुआ। उधर दूसरी और विद्युत विभाग बुढ़ाना के एक्सईएन अजीत सिंह यादव ने बताया कि यह एचटी लाइन उनके क्षेत्र में नही आती है। यह लाइन बहावडी बिजली घर को सप्लाई देती है। यह लाइन एक्सईएन शामली के अघधिकार क्षेत्र में आती है। एसडीओ शामली डिवीजन तृतीय वकार अहमद तथा एसडीएम मोनालिसा जौहरी से ग्रामीणों ने वार्ता की तो उन्होंने उनकी समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

### चैकिंग करने नहीं आ रहे बाट माप विभाग के अधिकारी

( नसीम कुरैशी )

**बुढ़ाना।** कस्बे के विभिन्न बाजारों में कालाबाजारी को रोकने के उदेश्य से कस्बा बुढ़ाना और देहात में बाट माप विभाग के अधिकारी समय समय पर चौकिंग करने आ जाया करते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। महसूस होने लगा है कि यह विभाग शायद शासन ने खत्म ही कर दिया है। तभी तो कस्बे के काफी दुक. ानदार आज भी काला बाजारी करने से बिल्कुल भी बाज नहीं आ रहे हैं। बाट माप विभाग की टीम किरयाना और मिठाई की दुकान के अलावा अन्य दुकानों के बाटों का सत्यापन करने का काम करती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। कई साल से अधिकारी मार्किट में नजर ही नहीं आ रहे हैं। यहां की काफी दुकानों पर तराजू और बाटों में मोहर नही है। जिसमें काफी दुकानदार बिना मोहर के बाट और तराजू का प्रयोग बड़े ही धड़ल्ले से कर रहे हैं। अगर देखा जाए तो अधिकांश दुकानदारों ने अब कंप्यूटर वाले कांटे लगा लिए हैं लेकिन इनमें भी घपला किया जाता है। जिसके चलते ग्राहकों को ही इसका नुकसान होता है और दुकानदार अपनी पौ-बारह करता है। कुछ व्यापारियों ने बुढाना एसडीएम मोनालिसा जौहरी से आग्रह किया है कि कस्बे में बाट माप विभाग की टीम का भ्रमण कराएं ताकि भोले भाले ग्राहकों को उत्पीड़न ना हो सके। बाट माप विभाग के दोरे की मांग करने वाले अगर इन व्यापारियों की बातों पर यकीन किया जाए तो अभी भी काफी दुकानदार ऐसे हैं जो कि कम तोलकर ग्राहकों को उत्पीड़न कर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं।

### स्वच्छता व पर्यावरण जागरुकता रैली आयोजित

**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन श्री चौतन्य टेक्नो स्कूल बुढ़ाना में एक पर्यावरण एवं स्वच्छता जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य छात्रों एवं समाज में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। यह रैली विद्यालय परिसर से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः विद्यालय में सम्पन्न हुई। छात्रों ने रंग-बिरंगे पोस्टर और नारे जैसे स्वच्छ भारत, सुंदर भारत, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ, और हरित क्रांति की ओर बढ़ो के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, प्रबंधक एवं छात्र छात्राएं सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता की दिशा में संकल्प लिया। ये आयोजन पूर्णतः सफल और प्रेरणादायक रहा। प्रबंधक द्वारा कहा गया कि पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है। इसके बचाव के लिए सबको आगे आना होगा। पृथ्वी पर मानव के साथ कीड़े-मकोडों को भी रहने का हक है। पर्यावरण संरक्षण में हम सभी की अहम भूमिका है। पशु पंछी लुप्त हो रहे हैं इन्हें संरक्षण करना होगा इसके लिए हमें आगे आना होगा। रैली में छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधी नारे लगाए गये। लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग होने को जागरुक किया।

### सरकारी अस्पताल में महिला के परिजनों ने प्रेमी को जमकर पीटा

**मुजफ्फरनगर।** कोतवाली क्षेत्र में सरकारी अस्पताल में महिला के परिजनों ने प्रेमी को जमकर पीटा। पिटाई के बाद गाड़ी में डालकर घर ले जा रहे परिजनों को पुलिस ने रोका। मामले की जानकारी होने के बाद पुलिस ने प्रेमी को हवालात में बंद कर दिया। आरोप है कि आरोपी प्रेमी महिला को फोन से परेशान कर रहा था। गांव पचेंडा निवासी एक युवती की शादी करीब सात साल पूर्व मंसूरपुर थाना क्षेत्र निवासी युवक से हुई थी। पिछले कई महीनों पूर्व महिला के पति की मौत हो गई। पति की मौत के बाद महिला का कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से फोन पर सम्पर्क हुआ।महिला के फोन से बातें करने की जानकारी परिजनों को लगी तो उन्होंने शनिवार को महिला को अपने प्रेमी को सरकारी अस्पताल में बुलाने को कहा। महिला ने प्रेमी को फोन कर अस्पताल में बुला लिया। प्रेमी अपने दो साथियों के साथ पहुंचा। प्रेमी ने जैसे ही महिला प्रेमिका का हाथ पकड़ा तो परिजनों ने उसको पकड़कर जमकर पिटाई शुरू कर दी।साथी की पिटाई होते देख बाइक सवार दोनों युवक मौके से फरार हो गए। प्रेमी की पिटाई के बाद महिला के परिजन गाड़ी में डालकर अपने घर ले जाने लगे। मारपीट व युवक के अपहरण करने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने गंगनहर से गाड़ी को पकड़ लिया। आरोपी प्रेमी को गाड़ी से बरामद कर लिया। महिला के परिजनों से पुलिस ने घटना की जानकारी ली। जानकारी होने के बाद पुलिस ने आरोपी प्रेमी को हवालात में बंद कर दिया। आरोप है कि युवक महिला को फोन से काफी दिनों से परेशान कर रहा था। युवक को समझाने का प्रयास भी किया गया लेकिन वो नहीं माना। पकड़े गए आरोपी प्रेमी से पुलिस पूछताछ में जुटी है।

### आपूर्ति निरीक्षक के साथ युवक ने की मारपिटाई

**मुजफ्फरनगर।** मुरादाबाद में तैनात खादय विभाग के मार्केटिंग निरीक्षक विजय राज के साथ एक युवक ने मारपीट कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरा. पी को गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया।विजय राज प्रेमपुरी में रहते है। वह शुक्रवार रात में गली में अपने एक साथी के साथ घूम रहे थे। वहां एक डॉक्टर की दुकान पर पीनना निवासी गुडडू बैठा था। दोनों में किसी बात पर विवाद हो गया। आरोप है कि गुडडू ने विजय राज के साथ धक्का-मुक्की व मारपीट कर दी और फरार गया।सूचना देने पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि पीडित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि पीडित विजय राज की शादी पीनना निवासी मित्रपाल की बेटी के साथ हुई है। वह मनमुटाव के कारण मायके में रहती है। गुडडू मित्रपाल का नौकर है।वह विजय राज के बारे में मित्रपाल को सूचना देता था। इसी के चलते दोनों पक्षों में विवाद हुआ था।

# एक पेड़ मां के नाम पर किया गया पौधारोपण



**बुढ़ाना।** कस्बे के बड़कता रोड पर आज शनिवार की सुबह बुढ़ाना निवासीगण हाजी साकिब अली, फारुख अंसारी और संजीव कुमार ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपनी और से एक एक छायादार पेड़ लगाकर उनको हाथों हाथ पानी दिया और आते जाते इन पेड़ों की देखभाल करने का भी संकल्प लिया।

इस दौरान हाजी साकिब अली ने बताया कि मां केवल जन्म नहीं देती। वह अपने स्नेह से जीवन को आकार देती है। पेड़ लगाकर हम पर्यावरण की रक्षा के साथ मां के प्रति आभार भी व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने आज यहां पर अपने दो साथियों के साथ विभिन्न तरह के पेड़ लगाकर एक अलग ही तरह की खुशी महसूस की है।

## बदल गई कांवड़ को पुलिस ने वापस कराया

**भोपा।** भोपा गंग नहर पुल के पास स्थित कांवड सेवा शिविर के पास विश्राम कर रहे शिवभक्त श्रद्धालु कृष्ण सिंह पुत्र खेम सिंह निवासी रोहतडिया जिला दोसा राजस्थान की कांवड गायब हो जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्पर सहायता शुरू कर दी।

भूलवंश कांवड ले गये शिवभक्त श्रद्धालु राहुल पुत्र राजेश निवासी मौजपुर लक्ष्मणपुर अलवर राजस्थान को जौली के निकट पाकर उसे काँवड बदल जाने की जानकारी दी। और दोनों शिवभक्त श्रद्धालुओं की कांवड को वापस कराते हुए सकुशल गंतव्य के लिए रवाना किया गया। पुलिस द्वारा की गयी तत्काल कार्यवाही से शिवभक्त श्रद्धालु काफी प्रसन्न हुए तथा पुलिस व्यवस्था की तारीफ करते हुए भोपा पुलिस को धन्यवाद दिया।

## 1240 दूध डेयरियों पर शिकंजा कसेगी पालिका

**मुजफ्फरनगर।** शहरी क्षेत्र में चल रही करीब 1240 दूध डेयरियों पर नगर पालिका शिकंजा कसने जा रही है। घनी आबादी के बीच चल रही दूध डेयरियों से प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याए हो रही है। वहीं इन डेयरियों से गोबर नालियों में बहाया जा रहा है। जिस कारण नाली और नाले चॉक हो रहे है। इस संबंध में एडीएम प्रशासन संजय सिंह ने नगर पालिका को दूध डेयरियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। नगर पालिका के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी डा. अतुल कुमार के द्वारा शहर के 55 वार्डों का निरीक्षण किया गया था। इन 55 वार्डों में करीब 1240 दूध डेयरियां संचालित है।

इन डेयरियों से गोबर नालियों में बहाया जा रहा है। जिस कारण नाली और नाले चॉक हो रहे है। इस वजह से पानी की निकासी लगातार प्रभावित बनी हुई है। वहीं बारिश होने पर शहर टापू बन जाता है। शुक्रवार को राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल और अधिकारियों ने निरीक्षण करते हुए दो डेयरियों को पकडा था, जिन से गोबर सीधे नाली में बहाया जा रहा था। नगर पालिका ने दोनों डेयरियों का चालान किया है। पूर्व में नगर पालिका के द्वारा दूध डेयरियों पर कार्रवाई की गई है। करीब 94 दूध डेयरियों को नोटिस जारी किया गया था। वहीं मोहल्ला मल्हूपुरा से दो डेयरियों से भैंसों को जब्त किया गया था। वहीं दस हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया था। जबकि नियम यह है कि दूध डेयरियां शहर में घनी आबादी के बीच नहीं होनी चाहिए, लेकिन शहर में अधिकांश डेयरियों घनी आबादी के बीच चल रही है।

एडीएम प्रशासन संजय सिंह ने संबंध में बताया कि नालियों में गोबर बहाने वाली दूध डेयरियों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई करने के नगर पालिका को निर्देश दिए गए है।इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन से रिपोर्ट भी मांगी गई है। नालों की सफाई कराने के भी निर्देश दिए गए है।

## मोहल्ले वासियों को जल भराव से दिलाई निजात

**जानसठ।** खतौली तिराहे पर बस्सी कॉलोनी के रास्ते पर बारिश का 1 से 2 फुट पानी भरा हुआ था जिसकी शिकायत जिला अधिकारी से संपूर्ण समाधान दिवस में की गई थी। तो वही नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ आबिद, अधिशासी अधिकारी मनीष कुमार वर्मा, सभासद सुशील कुमार द्वारा समस्या को देखते हुए रास्ते का भराव करा कर समस्या का समाधान कराया गया। जिससे कॉलोनी वासियों को गंदे पानी मे आने-जाने से परेशानी न हो । नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ अरविंद ने बताया, कि खतौली रोड पर बसी कॉलोनी नगर पंचायत की सीमा में नहीं आती है लेकिन कॉलोनी वासियों की समस्या को देखते हुए रास्ते में भराव करा कर समस्या का समाधान कराया गया है ।

## श्रीराम फार्मेसी में टेबलेट वितरित

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में बी.फार्मा एव डी.फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए, जिससे वे ऑनलाइन शिक्षा, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म, डिजिटल लाइब्रेरी और अन्य तकनीकी माध्यमों का प्रभावी उपयोग कर सकें। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की वरिष्ठ अधिकारी नितिका शर्मा, एसडीएम सदर, मुजफ्फरनगर एवं श्री राम ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज के चेयरमैन डा0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ तथा विशिष्ट अतिथियों में डा. प्रेरणा मित्तल प्राचार्या,आदि ने कहा कि प्रदेश सरकार यह योजना छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। फार्मेसी के निदेशक डॉ. गिरेन्द्र कुमार गौतम ने सभी का आभार जताया

## चिकित्सक का धर्म मानव सेवा करना : कपिल देव

**मुजफ्फरनगर।** तीन दिवसीय कार्यशाला आयुर गंगे क्लिनिक नुमा. इश कैंप द्वारा निशुल्क चिकित्सा शि. विर शुभारंभ विकास कौशल राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा किया गया तीन दिवसीय का शिविर आयोजन दुर्गा मंदिर नुमाइश कैंप में किया गया मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सभी भावी नव युवा वैद्यों व कार्यरत वैद्य से कहा कि आपका उद्देश्य पैसा कमाना ना होकर सेवा भाव का होना चाहिए जिसमें सैकड़ो मरीजों का इलाज किया साथ ही निरू शुल्क दवाई का वितरण किया गया।

शिविर में घुटनों के दर्द ,त्वचा पर मस्सें व तिल, कंधे में दर्द के मरीज अधिक संख्या में आए , जिनकी चिकित्सा लीच थेरपी , जानु व कटी बस्ति , आधुनिक अलाबू चिकित्सा के साथ साथ अग्निकर्म



द्वारा शिविर में स्थानीय डॉ प्रवीण कुमार ,वैद्य आशुतोष वैद्य चिराग भारद्वाज ,वैद्य राहुल शर्मा ,वैद्य अमित बिस्वास , वैद्य श्यामा वैद्य विधि अग्रवाल वैद्य गौरव गोविल वैद्य प्रियांश मेहता वैद्य आरती वैद्य गौरव गोविल , वैद्य श्रुति मौर्य वैद्य अनुराधा वैद्य कपिल वैद्य निशांत वैद्य मीनाक्षी वैद्य सानिया सिंघल वैद्य निरुपमा वैद्य अनु वैद्य अंजन विश्वास वैद्य वत्सल गोस्वामी वैद्य देवांश गुप्ता, वैद्य वर्षा आदि ने अपना सराहनीय योगदान दिया शि. विर में डॉक्टर विजय कुमार टंडन सभासद सतीश कुकरेजा राजेश मल्होत्रा अजय टंडन सरदार बलविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।सभी आयुर्वेद युवा चिकित्सक के प्रेरणा स्रोत सुप्रसिद्ध वैद्य , वैद्य उदय तल्हार रहें। शिविर द्वारा हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मुहिम ह हर दिन आयुर्वेद , हर घर आयुर्वेदह को जन साधारण तक पहुँचाया।

## पूर्वी पाठशाला ध्वस्त, खालापार में पढ़ेंगे सैकड़ों बच्चे

मुजफ्फरनगर ।शहर क्षेत्र में बीएसए विभाग का प्रमुख विद्यालय पूर्वी पाठशाला तोड़ा जा रहा है। विद्यालय के 100 से अधिक पंजीकृत छात्र-छात्राओं की कक्षाएं खालापार प्राथमिक विद्यालय में स्थानांतरित कर दी गई है। विद्यालय के निर्माण में अभी एक वर्ष तक का समय लगेगा, जिसके चलते उसी विद्यालय में कक्षाएं संचा. लित की जाएगी। विद्यालयों के निमार्ण कार्य की प्रक्रिया बीएसए विभाग तेजी से कर रहा है। शहर के प्रमुख परिषदीय विद्यालयों में शामिल पूर्वी पाठशाला का पता बदल दिया गया है। जुलाई में नए सत्र से विद्यालय के नए निर्माण से पहले भवन का ध्वस्तीकरण किया जा रहा है। ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया चलने से पहले पूर्वी पाठाशाला के छात्र-छात्राओं की कक्षाएं मीनाक्षी चौक के निकट खालापार प्राथमिक विद्यालय स्थानांतरित की गई है।

पूर्वी विद्यालय की इंचार्ज अध्यापिका हिमानी जौहरी ने बताया कि विद्यालय नया निर्माण होगा, जिस कारण बिल्डिंग ध्वस्त हो रही है। बच्चों को परेशानी से बचाने के लिए खालापार के विद्यालय में कक्षाएं संचा. लित हो रही है। नगरक्षेत्र के बीईओ अमरवीर का कहना है कि पूर्वी विद्यालय का ध्वस्तीकरण शुरू हो गया है। निर्माण की धनराशि भी जल्द आने वाली है। करीब एक वर्ष में निर्माण पूर्ण हो जाएगा, जिसके बाद पूर्वी पाठशाला के पंजीकृत छात्र-छात्राएं नए विद्यालय में पढ़ने के लिए पहुंचेंगे। -- दो कमरों में चल रही पांच कक्षाएं खालापार प्राथमिक विद्यालय में चार से पांच कमरे होने के चलते दो विद्यालय संचा. लित हो रहे हैं। खालापार पीएस के करीब 77 विद्यार्थी और पर्वी पाठशाला के 100 से अधिक छात्र-छात्राएं एक ही परिसर में पढ़ रहे हैं। ऐसे में दो कमरों में एक विद्यालय के बच्चों को मजबूरी में बैठाकर पढ़ाना पड़ रहा है।

## कांवड़ यात्रा को देख बदला झुका हुआ विद्युत पोल

**बुढ़ाना।** स्थानीय विद्युत विभाग कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए ऐड़ी से चोटी तक का जोर लगा रहा है। वैसे अन्य स्थानों पर कांवड़ यात्रा की शुरुआत हो चुकी है लेकिन यहां पर अन्य स्थानों की अपेक्षा कांवडियें ज्यादा संख्या में नहीं है।

इससे पहले यहां पर कांवड़ियों की संख्या में इजाफा हो उससे पहले ही बिजली विभाग जो भी कमियां हैं वो दुरुस्त कर लेने के मूड में है। तभी तो बिजली विभाग का कार्य खासकर बुढ़ाना क्षेत्र में जोरों शोरों से चल रहा है। जेई मनोज कुमार रात दिन मेहनत करके जर्जर तारों को बदल रहे हैं और जहां पर खंभे अधिक झुके हुए हैं उनको बदल रहे हैं ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी तरह की अनहोनी ना हो। लगातार कई दिन से जेई मनोज कुमार अपनी टीम को लेकर जहां भी कमियां दिखाई दे रही है या कहीं से भी लोगों की शिकायत आ रही है उन कमियों और शिकायतों को हाथों हाथ दूर कर आते जाते अन्य राहगीरों और कस्बे के लोगों को भी राहत देने का काम कर रहे हैं। आज शनिवार के दिनघ किसी नागरिक के द्वारा शिकायत की गयी कि बड़ौत रोड कांवड़ मार्ग पर एक विद्युत पोल काफी झुका हुआ है कोई भी दुर्घटना हो सकती है तो तुरंत जेई मौके पर पहुंचे और उस खंभे को हटाकर लोहे का नया खंभा हाथों हाथ बदला।

## शिवभक्तों को समय पर चिकित्सा सेवा देने के लिए चार एम्बुलेंस रवाना

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए खतौली पुलिस प्रशासन ने अहम कदम उठाया है। शनिवार को सीओ रामआशीष यादव व कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा ने चार एम्बुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर कोतवाली परिसर से रवाना किया।

सीओ रामआशीष यादव ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान हजारों की संख्या में शिवभक्त गंगा. जल लेने हरिद्वार जा रहे हैं। इस दौरान कई बार थकावट, गर्मी, बीमारियां या सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति बन जाती है। ऐसे में समय पर प्राथमिक उपचार और अस्पताल में भर्ती कराना जरूरी होता है, ताकि किसी भी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि सभी चारों एम्बुलेंसों को पहले से चिन्हित महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया जाएगा। यह स्थान शिविरों, प्रमुख स्नान घाटों, भीड़भाड़ वाले मार्गों और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए चुने गए हैं। हर एम्बुलेंस में प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ के साथ आवश्यक प्राथमिक उपचार सामग्री मौजूद रहेगी। कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है कि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्वक, सुरक्षित और व्यवस्थित




ढंग से सम्पन्न हो। बीमार या घायल शिवभक्तों को तुरंत उपचार मिल सके, इसके लिए एम्बुलेंस सेवाओं को सक्रिय किया गया है। जरूरत पड़ने पर ये एम्बुलेंस आसपास के सरकारी अस्पतालों में रोगियों को तुरंत स्थानांतरित करेंगी। इसके साथ ही पुलिस विभाग द्वारा एक कंट्रोल रूम भी सक्रिय किया गया है, जहां से एम्बुलेंसों की निगरानी की जाएगी और किसी भी स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया दी जाएगी। स्थानीय लोगों और शिवभक्तों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और इसे कांवड़ यात्रा के दौरान एक राहतकारी कदम बताया।

## प्रजापति समाज ने मिट्टी के बर्तन का किया आविष्कार : मोहन प्रजापति

**जानसठ।** कस्बे के ब्लॉक परिसर में श्री दक्ष प्रजापति जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में हवन करने के पश्चात् मुख्य अतिथि द्वारा शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया ।

कस्बे के ब्लॉक परिसर में महारा. जा दक्ष प्रजापति की जयंती शोभायात्रा धूमधामव हर्षोल्लास से मनाई गई जिसमें हवन पूजन के बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया तत्पश्चात नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अति पिछड़ा वर्ग के मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति व वशिष्ठ अतिथि विजय प्रजापति रहे इस दौरान मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने भगवान दक्ष प्रजापति के चित्र पर पुष्प अर्पित किए श्रद्धासुमन अर्पित किया ओर भव्य शोभायात्रा का फीता काट कर शुभारंभ किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने कहा कि प्रजापति समाज एक सहनशीलता



वाला समाज है मन मोहक झाकियों ने सबका मन मोह लिया ग्राम मेंहलकी के पूर्व प्रधान राजकुमार ने श्री दक्ष प्रजा. पति जन्मोत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री दक्ष प्रजापति भगवान शंकर के ससुर व माता पार्वती के पिता थे जो हमारे प्रेरणा श्रोत है कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामनिवास प्रजापति, संस्थापक सोनू प्रजापति, कोषाध्यक्ष व पत्रकार भवन सिंह प्रजापति,ब्लॉक अध्यक्ष सोनू प्रजापति, सतपाल प्रजा. पति सभासद, पिछड़ा मोर्चा नगर अध्यक्ष सोनू प्रजापति,किशन, सोमपाल सिंह, संस्थापक सोनू प्रजा. पति, जयकिशोर सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## कांवड़ियों पर पुलिस ने की पुष्प वर्षा

**भोपा।** काँवड यात्रा को भक्ति व सेवा भाव के साथ सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य को लेकर पुलिस लगातार प्रयास मे जुटी हुई है। भोपा मे पुलिस अधिकारियो द्वारा शिव भोलो पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। व फलो का वितरण कर कुशलक्षेम पूछा गया। व यात्रा की मंगल कामना की गयी। भोपा गंग नहर पुल के पास शनिवार को पुलिस द्वारा काँवड़ियों की सेवा के लिए फलों का स्टाल गया गया। जहां पुलिस अधीक्षक देहात आदित्य बंसल, क्षेत्राधिकारी डॉ. रवि शंकर मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह द्वारा पुलिस टीम के संग शिव भोलो पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। व फल, फूटी, कोल्ड ड्रिंक्स का वितरण किया गया।अधिकारियो द्वारा शिव भोलो का हाल चाल जाना गया व यात्रा की मंगल कामना की गयी। वहीं तेज़ बारिश के बीच काँवाडियों ने भोले की बम भोले की बम के जय घोष के साथ वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

## विवाहिता को जलाकर मारने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गांव लकड़संधा निवासी दहेजलोभी ससुराल वालों पर आरोप है कि उन्होंने पांच लाख की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को जलाकर मारने का प्रयास किया। विवाहिता ने अपने पति पर शादी से पहले से ही प्रेम विवाह करने का भी आरोप लगाया।

लकड़संधा निवासी प्रिया ने शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी शादी तीन माह पहले नितिन शर्मा के साथ हुई थी। शादी में 20 लाख रुपये खर्च किए थे। लेकिन इसके बाद भी ससुराल वाले पांच लाख की मांग कर उसका उत्पीड़न कर रहे थे।

आरोप है कि आठ जुलाई की शाम को उसके पति व अन्य ससुराल वालों ने मारपीट की। हत्या करने के इरादे से उसके कपड़ों में आग लगा दी। उसने कपड़े फाड़ कर खुद को जलने से बचाया। आरोप है कि उसके पति ने पहले से प्रेम विवाह किया हुआ है। इस बारे में उसके पति की माता बबीता , बहन पारुल , बहनोई अनुज को पता है। उसे लगातार हत्या की धमकी दी जा रही है। शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि इस बारे में पति सहित चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

## दहेज के लिए विवाहिता को पीटा

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली में एक कॉलोनी निवासी युवती ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी शादी गाजियाबाद जनपद क्षेत्र निवासी एक युवक के साथ तीन साल पहले हुई थी। शादी के तीन माह बाद से ही उससे बाइक, सोने की चेन व दो लाख की मांग की जाने लगी थी। मांग पूरी न करने पर उसे पीटा गया। पति ने मुस्लिम दोस्त के साथ संबंध बनाने का दबाव बनाया। परिजनों को बताने पर वह गाजियाबाद महिला थाना पुलिस की मदद से उसे ससुराल से मायके ले गए। बाद में सुलहनामा कर पति विवाहिता को ससुराल ले गया। आरोप है कि फिर से उसे पीटा गया।आरोप तो यह भी है कि पति के दोस्त ने उसके कपड़े फाड़ दिए। ससुराल वालों ने मारपीट की। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने कहा कि मामले में जांच की जा रही है।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चारा मशीन में करंट आने से महिला की मौत

## आंगन में झाड़ू लगाते समय हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** क्षेत्र के गांव पेलखा में शनिवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक 60 वर्षीय महिला की चारा काटने वाली मशीन में उतरे करंट की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा घर के आंगन में झाड़ू लगाने के दौरान हुआ। परिजनों ने बिना किसी पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पेलखा गांव निवासी कमलेश (60) पत्नी जयकुमार शर्मा शनिवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे घर के आंगन में झाड़ू लगा रही थीं। झाड़ू लगाते समय वह पास में रखी चारा काटने की मशीन के पास पहुंचीं और अनजाने में मशीन के मोटर को छू लिया। बताया गया कि मोटर में तेज करंट उतर रहा था, जिससे कमलेश वहीं चिपक गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। करंट के झटके इतने तीव्र थे कि महिला आवाज भी नहीं निकाल सकी।

काफी देर बाद घर की अन्य महिलाएं जब आंगन में पहुंचीं तो उन्होंने कमलेश को अचेत अवस्था में पाया और शोर मचाया। आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और बिजली आपूर्ति बंद कर किसी तरह महिला को मशीन से अलग किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कमलेश की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की मानें तो हादसे के समय घर पर सिर्फ महिलाएं थीं, जबकि कमलेश के तीनों बेटे काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे। सूचना न मिलने के चलते किसी भी स्तर पर कोई पुलिसिया कार्रवाई नहीं हो सकी और परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# एडीजी ने कांवड़ मार्ग का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को एडीजी भानु भास्कर ने शामली पहुंचकर कांवड मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कांवड मार्ग से अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने और पुलिस डयूटी का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए है।

एडीजी मेरठ जोन शनिवार को कांवड मार्ग का जायजा लेने के लिए शामली पहुंचे। जहां उन्होने लालूखेडी से लेकर हरियाणा बोर्डर तक कांवड मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि कांवड मार्ग पर किसी भी प्रकार का कोई अतिक्रमण न हो। कांवड मार्ग पर लगाई गई पुलिस डयूटी पर किसी प्रकार की लापरवाही न हो। कांवड मार्ग पर जहां जहां रूट डायवर्जन किया गया वहां पर पुलिस डयूटी आवश्य लगाई जाए। इस दौरान



एसपी रामसेवक गौतम ने उनको शहर के शिव चौक, कैराना रोड, का भी भ्रमण कराया।

एडीजी ने कांवड सेवा शिविरों में भी समय समय पर गश्त करने के निर्देश दिए है। मौके पर एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ सिटी अमरदीप मौर्य आदि मौजूद रहे।

# चलती कार में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक चलती कार में अचानक आग लग गई। गाजियाबाद निवासी महेन्द्र कपूर, जो थाना भवन क्षेत्र के दिव्या पब्लिक स्कूल में कार्यरत हैं, साप्ताहिक अवकाश पर अपने घर गाजियाबाद जा रहे थे। तभी हरड़ गांव के पास उनकी प10 कार का टायर पंचर हो गया।टायर पंचर होने पर महेन्द्र कपूर कार को मोड़कर वापस थाना भवन में पंचर लगवाने के लिए आ रहे थे।

इसी दौरान जब वह हरड़ और थाना भवन के बीच पहुंचे तो अचानक कार से धुंआ निकलने लगा और देखते ही देखते कार में भयंकर आग लग गई।महेन्द्र कपूर ने तत्काल सूझबूझ का परिचय देते हुए कार की



खिड़की खोलकर खुद को बाहर निकाला और अपनी जान बचाई। घटना की सूचना तत्काल थाना भवन पुलिस को दी गई।

पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को सूचित किया गया, लेकिन जब तक दमकल वाहन मौके पर पहुंचता, तब तक कार लगभग 80 प्रतिशत जल चुकी थी।दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

# छात्राओं को डेंटल किट दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को शहर के जैन कन्या इंटर कालेज में रोटरी क्लब शामली द्वारा नए सत्र मे प्रथम डेंटल कैंप का आयोजन किया। कैम्प का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक वीरेन्द्र कुमार जैन द्वारा किया गया। कैम्प में छात्राओं के दांतों का परीक्षण रोटरी क्लब शामली के सचिव शामली के प्रसिद्द दंत विशेषज्ञ डॉ। मनीष गर्ग द्वारा किया गया।इस स्वास्थ्य शिविर में प्राथमिक कक्षाओं की 135 छात्राओं का नि:शुल्क डेंटल चेकअप किया गया। साथ ही सभी छात्राओं को डेंटल किट एवं स्टेशनरी किट वितरित की गई।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष नवनीत जैन, कोषाध्यक्ष आकाश गुप्ता, प्रोजेक्ट चेयरमैन राजेश बंसल एवं अमर जैन का विशेष योगदान सराहनीय रहा। मौके पर राजीव जैन, रुचिर गर्ग, पारस जैन, अमित जैन, सचिन जैन, डा। मृदुला जैन आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत झिंझाना चेयरमेन का कारनामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के मोहल्ला माजरा में नगर पंचायत द्वारा सड़क का नवीनीकरण कराया जा रहा है। कस्बे के लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत के कर्मी ठेकेदार के कार्य को सरल बनाने में लगे हुए। नगर पंचायत की ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी तथा अन्य सामग्री सड़क पर डाली जा रही है।

शनिवार को नगर पंचायत के ट्रैक्टर ट्राली से मोहल्ला माजरा स्थिति बन रही सड़क पर मिट्टी तथा अन्य सामग्री डालते नजर आए। कस्बे के लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष पर आरोप लगाया कि वह ठेकेदार से मिलकर उसकी मदद कर रहा है, जबकि नियम अनुसार नगर पंचायत द्वारा उक्त सड़क का टेंडर किया हुआ है।

जिसको बनाने तथा मरम्मत



कार्य की जिम्मेदारी ठेकेदार की है, लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप सरकारी ट्रैक्टर ट्राली तथा सफाई कर्मियों से ठेकेदार के काम को आसान करने में लगे हुए हैं। चौयरमेन की मेहरबानी कहो या पैसे कमाने का धंधा, जो भी हो पर ठेकेदार की चांदी हो रही है। चौयरमेन के घर के सामने बन रही सड़क पर ठेकेदार की सेवा मे नगर पंचायत का अमला लगा हुआ है। नगर पंचायत की ट्रेक्टर ट्राली का इस्तेमाल सिर्फ नगर पंचायत के कार्य में ही किया जा सकता है ना की ठेकेदारों के लिए। कस्बे के लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत के तेल से ट्रैक्टर क्यो कर चलाया जा रहा है।

जिस ड्राइवर द्वारा ट्रैक्टर ट्राली चलाई जा रही उस की तनख्वाह भी नगर पंचायत दे रही है।जो नगर पंचायत मे सफाईकर्मी के पद पर तैनात है। अधिकारी मौन या सब देख कर नजर अन्दाज किया जा रहा। अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### बिजली घर पर तैनात संविदा कर्मी पर मनमानी और वसूली के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** क्षेत्र के गांव दुल्लाखेड़ी में बिजली घर पर तैनात संविदा कर्मी की कार्यशैली से आक्रोशित ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता प्रथम तल शामली को शिकायती पत्र सौंपकर शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजलीघर पर तैनात सन्नी नामक संविदा कर्मी खुद को जेई बताकर उपभोक्ताओं से मनमानी वसूली करता है। ग्रामीणों राशिद, वासिद, लोकेन्द्र, दीपक, बालेश्वर, अंकित, शौकिन चौहान आदि ने बताया कि सन्नी कभी नया कनेक्शन देने के नाम पर, तो कभी मीटर खराब होने की बात कहकर अवैध रूप से पैसे वसूलता है। यहां तक कि बिल जमा करने पर भी हर बार 600रूपए आईडी के नाम पर वसूले जाते हैं। आरोप है कि वह बिना किसी अनुमति के उपभोक्ताओं के बिजली मीटरों को मनमर्जी से बदल देता है। ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके और बिजली व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे।

### स्कूल में किया वृक्षारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शामली नगर इकाई थानाभवन में स्थापना दिवस के उपलक्ष में एसएफडी के माध्यम से अर्पण पबिल्क स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम कराया गया। इस दौरान पौधों की देखभाल करने का भी संकल्प लिया गया। जिसमें विद्यालय के एमडी अर्पण सैनी, तनीषा आहूजा, विशाल शर्मा, एसएफडी संयोजक सूरज आहूजा मौजूद रहे।

### एक पेड़ मां के नाम लगाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत छात्राओं की माताएं आज कॉलेज में आई और उन्होने अपनी पुत्रियों के साथ कॉलेज में पौधोरोपण किया। पौधारोपण के समय माताओं ने कहा कि हमे खुशी है कि पहली बार हमारे नाम पर कॉलेज में पौधे लगाए जा रहे है। हम अपनी पुत्रियों को इस बात के लिए प्रेरित करेंगी कि वे इन पौधो का ध्यान रखे और इनको पानी तथा खाद आदि का नियमित रूप से ध्यान रखें। आज के पौधारोपण कार्यक्रम में परी बालियान, रानी, सुहाना, सना, तान्या, अलीना, डिम्पल छात्राओं ने पौधारोपण किया। छात्राओं ने भी पौधे लगाने पर बहुत खुशी जाहिर की। उन्होने कहा कि हम इन पौधो का ध्यान रखेंगे और इनको सूखने नही देगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा, अनिल कश्यप, रामनाथ, शिव कुमार, फूल कुमार, प्रसून भार्गव, छवि शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल, सुमन शर्मा, पूनम देवी, जौली गर्ग, श्रेणी वर्मा आदि मौजूद रहे।

### डेंटल चेकअप कैंप का सफल आयोजन

**शामली।** शनिवार को लायंस क्लब शामली सिनर्जी द्वारा शहर के हनुमान रोड स्थित वर्मा डेंटल क्लिनिक में एक निशुल्क डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 64 मरीजों के दांतों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श व प्राथमिक



उपचार प्रदान किया गया। कैंप का उद्घाटन पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर व नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल ने फीता काटकर किया। उन्होंने क्लब द्वारा किए जा रहे इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर डॉ। अर्जुन वर्मा, क्लब अध्यक्ष डॉ। अजय वर्मा, सचिव रुचिर सांगल, कोषाध्यक्ष निशांत गर्ग, एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन शिवम विश्वकर्मा रहे।

# लाला लाजपत राय में की गई लेखन प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज थाना भवन में भारत मानक ब्यूरो द्वारा लर्निंग साइंस वाया स्टैंडर्ड्स शीर्षक के अंतर्गत एक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विज्ञान वर्ग के लगभग 57 छात्रों ने जो की भारत मानक ब्युरौ में सम्मिलित हैं भाग लिया। इन सभी छात्रों में से दो छात्रों अनुभव सैनी और सौरभ को प्रथम पुरस्कार नकद एक एक हजार रूपए प्रत्एक को, मोहित कुमार और जोगिंद्र को द्वितीया पुरस्कार नकद साढ़े सात सौ,साढ़े सात सौ रूपए प्रत्एक को कन्हैया और अंकित को तृतीया पुरस्कार नकद पांच पांच सौ रूपए प्रत्एक को तथा राहुल और हर्षित कुमार को चतुर्थ पुरस्कार नकद ढाई सौ रूपये प्रत्एक को दिया गया। भारत मानक ब्यूरो से रिसोर्स पर्सन आशीष वर्मा द्वारा भारत मानक ब्यूरो तथा विभिन्न उत्पादों संबंधित जानकारी बच्चों को दी तथा विभिन्न उत्पादों की गुणवत्ता को परखने तथा असली नकली की पहचान करने के लिए विस्तृत जानकारी छात्रों को दी और भारत मानक ब्युरौ की ऐप के बारे में बताया कि किस तरीके से हम भारत मानक ब्युरौ एप्लीकेशन के द्वारा विभिन्न उत्पादों की गुणवत्ता की जांच कर सकते हैं इसी के साथ ही प्रधानचार्य चंदेश्वर प्रसाद जी द्वारा भारत मानक ब्युरौ के विषय में बच्चों को विशेष जानकारी दी भारत मानक ब्युरौ के मेंटर प्रवक्ता प्रेम प्रकाश द्वारा विद्यालय में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



उन्होनें बच्चों को भारत मानक ब्युरौ के बारे में विशेष जानकारी देते हुए टीम के साथ मिलकर प्रथम द्वितीय,तृतीया तथा चतुर्थ विजेताओं का नाम घोषित किया तथा विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया एवम अन्य छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए सांत्वना पुरस्कार के रूप में एक नोटबुक,रजिस्टर तथा दो पेन किट दी गई इसी के साथ सभी बच्चों को रिफेशमेंट भी दिया गया। इस कार्यक्रम में अन्य शिक्षक क्रमश लोकेश कुमार,कृपाशंकर सिंह, सुरेंद्र नाथ आदि उपस्थित रहे।

# सुंदरकांड में दिव्य योगी राज राजेश्वर सिंह ने दिया प्रवचन

**थानाभवन।** मौहल्ला हकीमान में 107 वे सुन्दर काण्ड पाठ के अवसर पर प्रवचन करते हुए दिव्य योगी राज राजेश्वर सिंह ने कहा सुन्दर काण्ड व्यक्ति के मनोबल को बढ़ाता है और उसे अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। सुंदरकांड में हनुमान जी की सीता माता की खोज और लंका दहन जैसी महत्वपूर्ण घटनाओं का वर्णन है, जो सफलता का प्रतीक है। सुंदरकांड का पाठ नकारात्मक शक्तियों को दूर करता है और घर में सकारात्मक को प्रदान करता है।सुन्दर काण्ड जीवन के सभी प्रकार के कष्टों को दूर कर, सुख और समृद्धि प्रदान करता है।

सुन्दर काण्ड करने वाले का विश्वास बढ़ा प्रबल हो जाता है,विश्वास कई प्रकार का हो सकता हैं, जैसे कि किसी व्यक्ति पर विश्वास, किसी विचार पर विश्वास, या किसी सिद्धांत पर विश्वास,प्रभु पर विश्वास,अपने कर्म पर विश्वास।यह जीवन के कई पहलुओं में महत्वपूर्ण है। यह हमें प्रेरित करता है, हमें सुरक्षा का एहसास कराता है, और हमें लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। विश्वास का हमारे जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। जब हम किसी चीज में विश्वास करते हैं, तो हम उसके लिए प्रयास करने और उसे प्राप्त करने की अधिक संभावना रखते हैं। विश्वास और कर्म एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। इस अवसर पर रूबी जिंदल,संदीप जिंदल,हर्ष,अनामिका ,सन्नी जिंदल,युवराज, श्वेता अविनाश आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नेताओं को बनाया जोन प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश के लिए तीन वरिष्ठ नेताओं पूर्व मंत्री दीपक कुमार, संजय कपूर और पूर्व सांसद दानिश अली को जोन प्रभारी नियुक्त किया है। इनके मनोनयन की खबर मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

शनिवार को शहर के बलभद्र मंदिर स्थित पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा के आवास पर कांग्रेसियों की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शामली जनपद के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से इन नेताओं को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी गई हैं। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि साफ-सुथरी छवि, अनुभव और जनसरोकार से



जुड़े इन नेताओं के नेतृत्व में पश्चिम उत्तर प्रदेश में कांग्रेस संगठन और भी मजबूत होगा। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने इस नई नियुक्ति के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमैटी के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि यह निर्णय कांग्रेस के संगठनात्मक सु.ढ़ीकरण और जनसंघर्ष की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बाबूखान, वैभव गर्ग, प्रवीण तरार,ठाकुर लाखन सिंह, ओमवीर उपाध्याय,योगेश भारद्वाज, रविन्द्र आर्य, सोहिल धीमान, विश्वनाथ शास्त्री, अमित डिंपल शर्मा, शेखरपाल, सुरेन्द्र सरोहा, विजेन्द्र पाल वर्मा, सुरेश पाल सैनी और अन्य सम्मानित कांग्रेसजन उपस्थित रहे ।

# विद्यालय की छात्रा रितिका वर्मा का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी की मेधावी छात्रा कुमारी रितिका वर्मा ने ऑल इंडिया नीट परीक्षा 2025 में 99।77 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर विद्यालय, शिक्षकों और अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया है। शनिवार को विद्यालय परिसर में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें रितिका वर्मा और उनके माता-पिता को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय के चेयरमैन सुनील गोयल, वाईस चेयरमैन शिखर गोयल व डायरेक्टर प्रियांक गोयल, तथा प्रधानाचार्या अनीता सिवाच ने रितिका को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## अवैध चाकू सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**थानाभवन।** जानकारी के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थानाभवन पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से दो अवैध चाकू बरामद हुए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान लाखन उर्फ लाखा पुत्र राजकुमार, निवासी ग्राम भाव्सी रामपुर, थाना नानौता, जनपद सहारनपुर दीपक पुत्र सोमपत, निवासी मोहल्ला अफगानान, थाना नानौता, जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक विपिन कुमार हेड कांस्टेबल विजय हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार कांस्टेबल पंकज शर्मा शामिल रहे।

# बल्लामाजरा पीएम विद्यालय में शिक्षक पर लगा दोबारा आरोप

## शिक्षक बोले- फैसला न मानने पर रची गई साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बल्लामाजरा के पीएम विद्यालय में छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में घिरे शिक्षक सुनील सागर ने खुद को बेगुनाह बताते हुए पूरे प्रकरण को एक साजिश करार दिया है। उनका कहना है कि वर्ष 2024 में भी उन्हीं लोगों ने एक झूठी कहानी गढ़ी थी और अब जब उन्होंने पुराने मुकदमे में समझौता करने से इनकार किया, तो उसी साजिश को दोबारा दोहराया जा रहा है।

**पुरानी रंजिश से जोड़कर बताया गया षड्यंत्र**

मेरठ निवासी सहायक अध्यापक सुनील सागर को 16 जून 2025 को बल्लामाजरा विद्यालय में दोबारा नियुक्त किया गया था। तैनाती के एक माह बाद ही दोबारा आरोप लगाए गए हैं। सुनील का कहना है कि यह सब उन्हें बदनाम करने और मानसिक दबाव में लाने के लिए किया जा रहा है। वे पहले ही जिलाधिकारी, विभागीय अधिकारियों और पुलिस को पत्र लिखकर इस षडङंत्र की आशंका जता चुके हैं।

**शिक्षामित्र पर लगाया साजिश रचने का आरोप**

सुनील सागर ने वर्ष 2024 में ही जिलाधिकारी को पत्र देकर आरोप लगाया था कि विद्यालय में तैनात एक शिक्षामित्र धार्मिक विचारधारा से प्रेरित होकर छात्राओं से झूठे आरोप लगवा रहा है। उस समय भी बिना किसी ठोस प्रमाण के उन्हें अस्थाई रूप से थानाभवन भेज दिया गया था। अब फिर उसी पटकथा को दोहराया जा रहा है।

**सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से किया किनारा**

हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो को लेकर भी सुनील सागर ने सफाई दी है। उनका कहना है कि वीडियो से उनका कोई लेना-देना नहीं है और यह पूरी तरह से गलत तरीके से जोड़ा जा रहा है। हमेरे साथ एक पुराने मुकदमे में फैसला मानने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। जब मैंने मना किया, तो यह झूठी शिकायत सामने आई। चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया तहरीर मिली है जांच हो रही है।

# व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर सख्त दिखे प्रदेश अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ी पुख्ता।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा और सम्मान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वे शुक्रवार को कस्बे की अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित व्यापारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सितंबर में गाजियाबाद में होने वाले प्रदेश अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर उनका तीन माह का प्रदेशव्यापी दौरा जारी है, जिसके अंतर्गत वे गढ़ी पुख्ता पहुंचे।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज का व्यापारी केवल करदाता ही नहीं, बल्कि देश की आर्थिक रीढ़ है, इसलिए उसकी सुरक्षा और सामाजिक सम्मान बेहद जरूरी है। उन्होंने



सरकार से व्यापारियों के लिए पेंशन योजना लागू करने, उनके स्टॉक का बीमा कराने और रोजमर्रा की उपयोगी वस्तुओं पर जीएसटी स्लैब को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किए जाने की मांग की। उन्होंने वित्त मंत्री से जीएसटी प्रणाली के सरलीकरण का भी अनुरोध किया।

प्रदेश संगठन महामंत्री सुभाष जी मैन ने व्यापारियों से संगठन के प्रति एकजुट रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष नीरज जैन ने की और संचालन भी उन्हीं के द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नरेश गोयल को आगामी चार वर्षों के लिए कस्बा अध्यक्ष, अशोक वर्मा को महामंत्री तथा ऋषभ जैन को कोषाध्यक्ष चुना गया।इस अवसर पर प्रदेश सचिव राजेंद्र शर्मा, नरोत्तम गर्ग, टेकचंद मित्तल, अंकुज चौधरी, अली हसन अंसारी, हाजी निसार, पंकज गोयल, मुकेश गोयल, सरवन गोयल, सुदेश जैन, दीपक जैन, रॉबिन मित्तल, नमन अरोड़ा, सुभाष सैनी, अंकित संगल, ललित संगल, बबलू भटनागर, अनु शर्मा, सावेज, मुरसलीन सैयद, सुनील अरोड़ा, विवेक अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

# चेयरमैन व जाति विशेष को गाली देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नपा चेयरमैन तथा जाति विशेष के बारे में अपशब्दों व गाली-गलौच का इस्तेमाल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। एक दिन पूर्व आरोपी की ऑडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी।

विगत शुक्रवार को एक ऑडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर खूब वायरल हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति ने सभासदों द्वारा पालिका प्रांगण में दिए जा रहे धरने को लेकर नपा चेयरमैन के बारे में गाली-गलौच व आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। करीब ढाई मिनट के ऑडियो में जाति विशेष के बारे में भी बेहद अपमानजनक व घटिया शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। वायरल



ऑडियो के सम्बंध में कस्बे के मोहल्ला खैलखुर्द निवासी एवं वार्ड संख्या-23 से सभासद रहे मेहरबान अंसारी ने कोतवाली पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। शनिवार को पुलिस ने गाली-गलौच व अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोपी खुर्शीद निवासी मोहल्ला अफगानान कस्बा कैराना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करके शांति भंग होने की आशंका में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस की धारा-170 के तहत चालान करके जेल भेजा गया है।

### आरोपी ने मांगी माफी, वीडियो वायरल

सभासदों के धरने को लेकर नपा चेयरमैन व जाति विशेष के लिए गाली-गलौच व अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले आरोपी के दो वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर वायरल हो रहे है, जिसमें आरोपी अपनी गलती के लिए माफी मांगी है। 18 सेकेंड के वायरल वीडियो में आरोपी अपनी गलती के लिए हाथ जोड़कर माफी मांगता हुआ नजर आ रहा है। 55 सेकेंड के एक अन्य वीडियों में आरोपी चारों ओर से लोगो की भीड़ में घिरा नजर आ रहा है, जिसमें वह अपने कृत्य के लिए लोगो से माफी मांगता दिख रहा है।

हालांकि वीडियों में कुछ लोग आरोपी को थप्पड़ मारते हुए भी देखे जा सकते है। आरोपी की एक ऑडियो विगत शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसमें उसने नपा चेयरमैन व जाति विशेष के बारे में अपशब्दों का इस्तेमाल किया था।

## ठगी की गई सवा लाख की धनराशि वापस कराई

**शामली।** 21 जून को पुष्पा पत्नी वीरपाल निवासी ग्राम हाथी करौंदा थाना बाबरी जनपद शामली के पुत्र अर्जुन से अज्ञात व्यक्ति द्वारा मर्चेन्ट नेवी में नौकरी लगवाने का झांसा देकर धनराशि ठगी की गई थी। उपरोक्त के सम्बन्ध में आवेदिका मती पुष्पा द्वारा में थाना बाबरी साइबर सेवा केन्द्र पर साईबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के निर्देशन में साइबर सेवा केन्द्र थाना बाबरी साइबर सेवा केन्द्र द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए मर्चेन्ट नेवी में नौकरी लगवाने का झांझा देकर ठगी की गई 1,15,680/- रुपए की धनराशि वापसी कराई गई है। आवेदिका के पुत्र अर्जुन द्वारा मान पुलिस अधीक्षक शामली, साइबर सेवा केन्द्र थाना बाबरी का आभार व्यक्त किया गया है।

# अजयपाल ने 70 किग्रा भार में गोल्ड मेडल जीत देश का गौरव बढ़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव काबडौत निवासी यूपी पुलिस पीएसी छटी बटालियान के सिपाही अजयपाल ने यूएसए के बंकिंग शहर में हुई इंटरनेशनल वल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स प्रतियोगिता में 70 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया गया।

शामली आर्म रेसलिंग एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज चौहान नोनांगली ने बताया कि क्षेत्र के गांव काबडौत निवासी अजयपाल पुत्र जयपाल सिंह यूपी पुलिस पीएसी छटी बटालियान मेरठ में तैनात है। जिन्होने उनके यहां आर्म रेसलिंग की प्रेक्टिस की। बताया कि अजयपाल ने गत 26 जून से 4 जून तक यूएसए के बंकिंग शहर में हुई इंटरनेशनल वल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स प्रतियोगिता में 70 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड



मेडल जीता है। यह मुकाबला कंबोडिया और भारत के बीच फाईनल मैच खेला गया था। जिसमें अजयपाल ने कंबोडिया के खिलाडी को मात देते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है।

यह जीत पूरे देश की जीत है। इससे जनपद शामली का नाम भी रोशन हुआ है। उन्होने खिलाडी का शामली पहुंचने पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

## एक नजर

### हेड कांस्टेबल के असामयिक निधन पर विधायक ने जताया शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** क्षेत्र के गांव आदरी निवासी सुरेंद्र सिंह, जो कि उत्तर प्रदेश पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे, का हाल ही में किडनी इन्फेक्शन के चलते दुखद निधन हो गया। उनके असामयिक निधन की खबर से गांव और पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही शनिवार को थानाभवन विधायक अशरफ अली खान शोक संतप्त परिजनों से मिलने उनके आवास पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार और प्रशासन परिजनों के साथ खड़ा है तथा परिवार को नियमानुसार मिलने वाली हर मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

### थाना समाधान दिवस में पहुंचे एसपी रामसेवक गौतम, सुनी जनसमस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पर आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे एसपी शामली रामसेवक गौतम ने जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित पांच शिकायती-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसपी शामली रामसेवक गौतम ने की। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित पांच शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। वहीं, एसपी ने मातहतों को शिकायतों के निष्पक्ष एवं गुणवात्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए है। इस दौरान एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, सीओ श्याम सिंह, तहसीलदार अर्जुन चौहान, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, ईओ समीर कश्यप आदि मौजूद रहे।

### फरार नाबालिग को पुलिस ने बरामद किया

**ऊन।** करीब चार माह पूर्व कस्बा निवासी विकास पुत्र सोमवीर एक नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर घर से भगा ले गया था लड़की की माता ने पुलिस चौकी में अभियोग पंजीकृत कराया था इस प्रकरण में पुलिस ने दोनों को शामली से पकड़ लिया पुलिस ने लड़की को वन स्टॉप सेंटर भेजा है वही आरोपी युवक को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

### युवाओं के लिए लगेगा रोजगार मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन लखनऊ के निर्देशानुसार विश्व युवा कौशल दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य ऋषिपाल सिंह द्वारा बताया गया है, की जनपद शामली के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैराना, जिला कार्यकम प्रबन्धन इकाई कौशल विकास मिशन शामली एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के सयुक्त तत्वाधान से एक वृहद रोजगार मेला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) लिसाढ, स्थित मेरठ करनाल मार्ग में दिनांक 14.7.2025 को आयोजित किया जाएगा एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लिसाढ में दिनांक दिनांक 15.7.2025 को विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय/निजी आई.टी.आई. एवं कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा कौशल प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। रोजगार मेले में चयनित युवाओं को मौके पर ही आफैर लेटर आवंटित किए जाएगें। उन्होंने बताया कि इस मेले मे स्थानीय व मल्टी नेशनल कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। जिनमें मुख्यता कैरियर व्हील्स, निकिता पेपर मिल्स, अमर स्पिलन्ट, स्टार मैनपॉवर सोलयूशन, लाइफ इन्शोरेन्स कॉरपोरेशन आफ इण्डिया, ऐ.के जॉब्स प्रा.लि., सनब्राईट मैनपॉवर सोल्यूशन प्रा.लि. इत्यादि कम्पनिया प्रतिभाग करेंगी। इच्छुक युवक-युवतियां अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रो की छायाप्रति लेकर प्रतिभाग कर सकते है।

## पुरमाफी के युवक की बिहार में मौत


**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव पुरमाफी निवासी अरुण पुत्र गोपाल रेलवे में ठेकेदार के अंडर नौकरी करता था। शुक्रवार की दोपहर में अरुण जब अपनी ड्यूटी पर था तो बिहार के किशनगंज रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी की चपेट में आ गया था। जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। कुछ ही समय बाद मौके पर मौत हो गई। अरुण की मौत की सूचना से परिजनों में गम की लहर है। अरुण के माता पिता की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है। जिसमें अरुण के चार भाई ओर दो बहन है। दोनों बहनों की शादी हो चुकी है। अरुण भाई बहन में सबसे बड़ा तथा अविवाहित था। मृतक ही परिवार का पालन पोषण कर रहा था। मृतक अरुण का शव रविवार की देर शाम तक गांव पहुंचेगा।

# सबसे पहले अपने आप को सुरक्षित करें: 108 विव्रत सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को शहर के जैन धर्मशाला में आयोजित दिगंबर जैन साधु सेवा समिति शामली एवं सकल जैन समाज शामली द्वारा प्रवचनों में बोलते हुए 108 विव्रत सागर मुनिराज ने ज्ञान की अमृत वर्षा करते हुए कहा कि तीर्थंकर वह जिन्होंने साक्षात अपनी आत्मा पर अनुशासन करना सीखा। आत्मा का ज्ञान हुआ और अपनी आत्मा पर अनुशासन करना सीखा। कहा कि वीर कौन है जो अपनी आत्मा पर शासन कर सकता है।

वही सच्चा वीर है। मुनिराज जब दीक्षा धारण करते हैं। वह मौन हो जाते हैं। यह केवल जैन संत में ही होता है। जैन संत के अलावा और कोई मौनघ् नहीं होता है। कहां कि पहले अपने जीवन की रक्षा करनी चाहिए। तभी



हम किसी की रक्षा कर सकते हैं। पहले हम अपने पर उपकार करते हैं। फिर किसी पर उपकार करते हैं।

पहले अपनी गाड़ी को ठीक करना पड़ता है। फिर दूसरे की गाड़ी को ठीक कर सकते हैं। 12 साल तक



महावीर ने भी अपने अंदर जली हुई अग्नि को नहीं बुझा पाए।

फिर उनका ज्ञान हुआ तब उनकी अग्नि बुझ पाई। राग द्वेष दोनों आग है। आत्मा पर लगी हुई आग अनादि काल से जल रहे हैं। उस अग्नि को बुझाने का प्रयास करें। इस अवसर पर संरक्षक मोहित जैन, अध्यक्ष भूषणलाल जैन, अमित जैन, संजीव जैन, आशीष जैन, वीरेश जैन, अरविंद जैन, सलेक चंद्र जैन, रमेश चंद्र जैन, मनोज जैन, अरुण जैन, दीपक जैन, पाल जैन, अमित जैन, शुभम जैन, सचिन जैन, अनिल जैन, महेश जैन आदि मौजूद रहे।

# बॉस्केटबॉल कंपटीशन में दिखाया हुनर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्रीड़ा भारती द्वारा शहर के आरके पीजी कॉलेज में धर्मवीर सिंह वर्मा मेमोरियल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कालेज समिति के अध्यक्ष डॉ सत्एंद्र वर्मा ने किया।

प्रतियोगिता से पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि युवाओं को फोन की गिरफ्त से बाहर निकालने का सबसे उचित माध्यम क्रीड़ा प्रतियोगिता ही है। खेल प्रतियोगिता से खिलाड़ी का साहस तथा संघर्ष करने की भावना का विकास होता है तथा खिलाड़ी शारीरिक रूप से समृद्ध होता है। आज अंडर-14 एवं अंडर-17 के मुकाबले हुए। जिनमें शामली, बागपत, मुजफ्फरनगर, मेरठ, सहारनपुर, रामपुर, आगरा, करनाल, पानीपत, वाराणसी की टीम ने प्रतिभाग किया। दोनों वर्गों के लीग मैच होने तक बागपत, मेरठ, पानीपत एवं करनाल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल मुकाबले के लिए अपनी जगह बनाई। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता क्रीड़ा भारती जिलाध्यक्ष संदीप पंवार, संचालन क्रीड़ा भारती प्रांत संपर्क प्रमुख मुकेश चौधरी ने किया। इस अवसर पर नितिन वर्मा, एडवोकेट कमलवीर, महक सिंह देशवाल, ज्ञानेंद्र मलिक, विजयपाल देशवाल, योगेन्द्र सिंह कादियान, डा धीरेन्द्र ब्रह्मचारी, अभय राणा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा।



# नेशनल हाइवे पर आपस में भिड़ी दो बाइक, तीन घायल

**कैराना।** नेशनल हाइवे पर गांव पंजीठ के सामने दो बाइक आपस में भिड़ गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग गम्भीर घायल हो गए।

शनिवार को जनपद सहारनपुर के सहजवा गांव निवासी बिजेन्द्र व विनीत बाइक पर सवार होकर पानीपत रिश्तेदारी में जा रहे थे। प्रातः करीब साढ़े दस बजे जैसे ही वह नेशनल हाइवे-709 एड़ी पर गांव पंजीठ के सामने स्थित कट के निकट पहुंचे, तभी उनकी बाइक रोड क्रॉस कर रहे बाइक सवार आसिफ निवासी मोहल्ला आलखुर्द कस्बा कैराना से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। मामले की सूचना पर एम्बुलेंस-108 मौके पर पहुंची। राहगीरों की सहायता से तीनों घायलों को उपचार हेतु कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से घायल बिजेन्द्र व विनीत को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जबकि आसिफ को प्राथमिक उपचार के पश्चात डिस्चार्ज कर दिया गया।







## पालिका में 9वें दिन भी जारी रहा सभासदों का धरना

**कैराना।** नपा चेयरमैन के खिलाफ सभासदों का धरना-प्रदर्शन शनिवार को नौवें दिन भी निरन्तर जारी रहा। इस दौरान भूख हड़ताल पर बैठे नगरपालिका परिषद के वार्ड संख्या-04 से सभासद राजपाल सिंह की तबीयत अचानक खराब हो गई, जिन्हें धरनास्थल पर ही उपचार दिया गया। विगत चार जुलाई से नगरपालिका परिषद के कुछ सभासद पालिका प्रांगण में धरने पर बैठे है। उन्होंने पालिका चेयरमैन शमशाद अहमद अंसारी पर तानाशाही, निरंकुशता व विकास कार्यों की अनदेखी समेत अनेकों गम्भीर आरोप लगाए है। शनिवार को सभासदों के धरना-प्रदर्शन का नौवां दिन था। वहीं, पांच सभासद विगत बुधवार से भूख हड़ताल पर है, जिनमें से सभासद शाहिद हसन गुरुवार शाम से भूख हड़ताल के दौरान तबीयत खराब होने के चलते शामली के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में एडमिट है। सभासद उम्मेद राणा भी भूख हड़ताल के चलते जिला अस्पताल में भर्ती हो चुके है। हालांकि राहत मिलने पर वह अगले दिन ही धरनास्थल पर वापिस लौट आए थे। शनिवार को भूख हड़ताल पर बैठे नगरपालिका के वार्ड संख्या-04 के सभासद राजपाल सिंह की तबीयत भी अचानक खराब हो गई, जिस पर चिकित्सक को धरनास्थल पर बुलवाकर उन्हें उपचार दिलाया गया। फिलहाल सभासद राजपाल सिंह के स्वास्थ्य में सुधार बताया गया है। नपा प्रांगण में चल रहे सभासदों के धरना-प्रदर्शन को क्षेत्र के सामाजिक व किसान संगठन अपना समर्थन दे चुके है। वहीं, एसडीएम व तहसीलदार भी सभासदों के बीच में पहुंचकर धरना-प्रदर्शन व भूख हड़ताल समाप्त करने का आग्रह कर चुके है, परन्तु सभासद नपा चेयरमैन को मौके पर बुलाने पर अड़े है।

# कांवड़ यात्रा का उल्लास दिखाई देने लगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सावन के पावन महीने में कांवड़ यात्रा का उल्लास पूरे शहर में देखने को मिल रहा है। शामली शहर इस समय कावंडियों के स्वागत में पूरी तरह तैयार दिखाई दे रहा है। नगर के मुख्य मार्गों, चौराहों और खासकर शिव चौक को रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक रूप से सजाया गया है। श्रद्धालुओं के श्बम-बम भोले के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो उठा है।

सावन मास शुरू होने के साथ ही कांवडियों के जत्थे हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर शामली से होकर गुजरने शुरू हो गए है। उमस भरी गर्मी और तेज धूप के कारण फिलहार कांवडियां सुबह और शाम के समय अपना सफर तय करने रहे है। शनिवार को सावन मास के दूसरे दिन ही कांवडियों कंधे पर रंग बिरंगी कांवड लेकर काफी संख्या में शामली से होकर गुजरे। कांवडियों की संख्या बढने के साथ ही जिला प्रशासन भी मुश्तैद हो गया है। शामली शहर के शिव चौक पर हर वर्ष की तरह इस बार भी विशेष सजावट की गई है, जहां से गुजरते हुए कावंडिए परिक्रमा कर अपनी यात्रा को आगे बढ़ा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जगह-जगह जलपान, चिकित्सा और विश्राम शिविर लगाए गए हैं। शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल के 9वें कांवड सेवा शिविर में पहुंचे शिवभक्त कांवडियों की सेवा में समाजसेवी लगे रहे। जहां उनको भोजन, पानी, फलाहार कराया गया। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने कांवडियों को निशुल्क परामर्श भी दिया है। स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर कावंडियों का जोरदार स्वागत किया है। यात्रा के चलते प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए हैं। पुलिस और स्वयंसेवी संस्थाओं की निगरानी में यात्रा शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से जारी है।

## एसएन इण्टर कॉलिज में भारतीय मानक ब्यूरो की प्रथम गतिविधि का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** शनिवार को कस्बे के एसएन इण्टर कॉलिज में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रथम गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें पहुंचे सचिन प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं को मानकों के सम्बंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। छात्रों को मानकों के महत्व एवं उनके उपयोगों के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्रदान करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। वहीं, छात्रों ने मानकों के बारे में जानकारी हासिल करके जीवन में उनके महत्व को जाना। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक रफाकत अली, प्रधानाचार्य रवि मित्तल, मेंटर मनोज कुमार समेत विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय स्टाफ ने कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के उज्ववल भविष्य की कामना की।

# 225 मरीजों की जांच कर परामर्श दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वैश्य समाज सहारनपुर मंडल एवं जिला शामली द्वारा नगर पालिका सभागार में विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 225 मरीजों की जांच कर परामर्श दिया गया।

शनिवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में वैश्य समाज सहारनपुर मंडल द्वारा वैश्य समाज उत्तर प्रदेश का गठन करने वाले संस्थापक नंद गोपाल गुप्ता, नन्दी के जन्मदिवस पर विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसक शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल, डा। राजेंद्र गोयल, जिला अध्यक्ष पंकज गुप्ता, अंजलि गर्ग ने



संयुक्त रूप से किया। कैंप में मेदांता हॉस्पिटल नोएडा द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें डॉक्टर सैफी रहमान द्वारा हृदय की जांच एवं जनरल चेकअप किया गया। मरीज को सलाह दी गई। बीपी चेक, शुगर चेक, ईसीजी, पीएफटी, बीएमडी की जांच भी की गई। विशेष सहयोग अभिजीत, शुभम गोयल, अशोक कोरियर का रहा। कैंप में 225 मरीज का चेकअप किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। मौके पर सतप्रकाश अग्रवाल, मनोज मित्तल, बीना अग्रवावाल, रवि संगल, पंकज गुप्ता, निशिकांत, रामनाथ संगल, अंजलि गर्ग, शालू गर्ग, गौरव गोयल आदि मौजूद रहे।

# समीक्षा बैठक में कांग्रेसियों ने किया गहन मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** रविवार को कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक कस्बे के खुरगान मार्ग पर चांद मस्जिद के निकट स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित हुई, जिसका संचालन जिला महासचिव संदीप शर्मा ने किया। बैठक में पहुंचे जिला समन्वयक ज्ञानेंद्र राघव ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक स्तर पर समीक्षा बैठक की जा रही है, जिसमें संगठनात्मक ढांचे की मजबूती तथा आगामी पंचायत चुनावों की रणनीति पर गहन मंथन किया जा रहा है। बैठकों में ब्लॉक अध्यक्षों व न्याय पंचायत स्तर पर मंडल अध्यक्षों का चयन किया जा रहा है। प्रत्एक मंडल का नाम संबंधित क्षेत्र के किसी महापुरुष या शहीद के नाम पर रखा जाएगा, जिससे संगठन को सामाजिक, ऐतिहासिक और भावनात्मक मजबूती मिल सके। बैठकों का उद्देश्य कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय करते हुए पंचायत से लेकर जिला स्तर तक मजबूती प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह केवल संगठन निर्माण नहीं, बल्कि विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है।




उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता राहुल गांधी के विजन को साकार करने हेतु पूर्ण निष्ठा से लगे हुए है। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करते हुए कांग्रेस को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान तथा शमशीर खघन, शाहरुखघ मंसूरी, नदीम अंसारी, आरिफ, सोनू, वाजिद, फरमान, गुलसाद, मोनू, इब्राहिम, फुरकान आदि मौजूद रहे।

# खेत में कीटनाशक दवाई डालने के दौरान किसान की मौत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** गन्ने के खेत में कीटनाशक दवाई डालने के दौरान किसान की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक किसान के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुई मौत से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव घलौली निवासी 55 वर्षीय किसान प्रवेश त्यागी अपने गन्ने के खेत में कीटनाशक दवाई डालने के लिए गए थे। इसी दौरान उन्होंने घर फोन कर तबीयत ठीक नहीं होने की सूचना देने पर स्वजन खेत पर पहुंचे तो प्रवेश बेहोशी की हालत में मिले। परिजन उन्हें सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक किसान प्रवेश त्यागी के भाई संजय त्यागी ने बताया कि खेत में कीटनाशक दवाई डालने के दौरान संभवत: कीटनाशक सांस के साथ शरीर में प्रवेश कर गई, जिससे प्रवेश की मौत हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक किसान के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया। किसान की मौत से स्वजन का रो रो कर बुरा हाल है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**देवबन्द।** ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शरीर के अवशेषो को इकट्ठा कर पोस्टमार्ट के लिए भेजा।

कोतवाली क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा आसा निवासी 24 वर्षीय नितिन की शुक्रवार की देर रात तल्हेड़ी रेलवे फाटक के समीप ट्रेन की चपेट में आने के कारण मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी दूर तक पड़े उसके शरीर के अवशेषों को इकट्ठा कर पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया। जानकारी मिलने पर उसके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस का कहना है कि नितिन रेलवे ट्रैक पर रात के समय क्यों गया, परिजनों से इस संबंध में जानकारी ली जा रही है।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रोगियों की जांच कर उन्हें औषधि वितरित की गई।

मदरसा जामिया तुल कुदसियात शिक्षा समिति के तत्वावधान में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने रोगियों की जांच की और उन्हें औषधि का वितरण किया। शिविर का उद्घाटन भाजपा नेता कुलदीप सिंह सैनी ने किया। संस्था सचिव कारी आमिर उस्मानी ने बताया कि 195 रोगियों की जांच कर उन्हें औषधि का वितरण किया गया। इस मौके पर डारेक्टर मुकीम अब्बासी, डॉ. नवेद गौड, डॉ. हुस्ना कुरैशी, डॉ. असमा मलिक, डॉ. साकिब अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# फैली कुरीतियां समाप्त करने का आह्वान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** ब्राह्मण समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने के उद्देश्य से कदम उठाया गया गांव में पंचायत कर ब्राह्मण समाज के लोगों ने मृत्यु भोज के बहिष्कार का निर्णय लिया है। साथ ही अन्य जाति के लोगों से भी इसे छोडने और ऐसे किसी अनावश्यक आयोजन में उन्हें आमंत्रित न करने की अपील की है।

शनिवार को गांव गुनारसा में स्व. पंडित जगदीश शर्मा के आवास पर आयोजित ब्राह्मण समाज की बैठक में मृत्यु भोज को अनावश्यक और जबरन थोपा गया आयोजन बताते हुए इसके पूर्ण बहिष्कार का निर्णय लिया गया। पंडित सुनील शर्मा व पं. रामकुमार शर्मा ने कहा कि आज के बाद गांव में ब्राह्मण समाज मृत्यु भोज न हीं देगा और न ही अन्य किसी के यहां मृत्यु भोज को प्राप्त करने जाएगा। कहा कि मृत्यु भोज एक फिजूलखर्ची है, मृत्यु एक शोक का



विषय है इस पर भोज आदि देना गलत है। पं. मुकेश शर्मा, पं. शिवकुमार शर्मा ने कहा की मृत्यु भोज एक जबरदस्ती का थोपा हुआ आयोजन है जिसको पूर्ण रूप से प्रति. बंधित किया जाना ब्राह्मण समाज के द्वारा ही निश्चित है। उन्होंने कहा अन्य जाति के लोगों से भी मृत्युभोज न दे और न हीं ब्राह्मणों को इस प्रकार के भोज में आमंत्रित करने की अपील की है। पंचायत में आदेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, अंकित शर्मा, संजय शर्मा, संजय शर्मा, जितेंद्र मास्टर, सतेंद्र शर्मा, डिम्पल शर्मा आदि ब्राह्मण समाज के काफी लोग मौजूद रहे।

# छात्राओं ने प्रतियोगिता में दिखाई अपनी प्रतिभा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** चित्रकला प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढकर भाग लेते हुए कैनवास पर रंग उकेर अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।




ईदगाह रोड स्थित पब्लिक गर्ल्स इण्टर कॉलेज प्रांगण में आयोजित कला प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 तक की छात्राओं ने फ्रूट बास्केट, तोते और टेडी बियर जैसे विषयों पर सुंदर चित्र बनाए। कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं को लैंडस्केप, पोर्ट्रेट और ग्रामीण दृश्यों को कैनवास पर उकेरा। कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं ने दौड़ता हुआ घोड़ा, कुएं से पानी निकालती महिला और फूल पत्तियों जैसे जटिल और सृजनात्मक विषयों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य सबा हसीब सिद्दीकी ने कहा कि समय-समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं होनी चाहिए ताकि छात्राओं की प्रतिभा को निखारा एवं उनमें आत्मविश्वास पैदा हो सके। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए सभी प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान शिक्षिका रुबीना, जेबा, फौजिया, अजरा, शाहीन, अर्शी, कामिल आदि छात्राएं व कॉलेज का समस्त स्टाफ शामिल।

## बेलपत्र चढ़ाने से समस्त पापों का होता है नाश: शुक्ला

**देवबन्द।** मन्केश्वर महादेव मंदिर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन कथा व्यास चित्रा शुक्ला दीदी ने कहा कि रूद्राक्ष को भगवान शिव का स्वरूप माना जाता है, क्योंकि रूद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के आंसुओं से हुई मानी जाती है।

गांव मानकी स्थित मंदिर प्रांगण में कथा सुनाते हुए चित्रा दीदी ने कहा कि भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा और चंदन बहुत पसंद हैं। एक बेलपत्र चढ़ाने से समस्त पापों का नाश होता है। बेलपत्र तीन पत्तों का होना चाहिए। तीनों पत्तों पर राम लिखकर उन्हें भगवान शिव को अर्पित करना चाहिए। दीदी ने बताया कि माता सती राजा दक्ष की पुत्री और भगवान शिव की पहली पत्नी थी। सती ने अपने पिता के अपमान के कारण यज्ञ कुंड में कूदकर आत्मदाह कर लिया था। इसके बाद सती ने पार्वती के रूप में पर्वतराज हिमालय के घर जन्म लिया और फिर से शिव की पत्नी बनी। सती को पतिव्रता और देवी रूप में पूजा जाता है। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष चौधरी प्रविंद्र कुमार, अर्जुन सिंह, प्रमोद त्यागी, मनोज राठौर, विजय सिंघल व यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# विभिन्न पदों के लिए चयनित विद्यार्थियों को कर्तव्यनिष्ठा की दिलाई शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मेपल्स एकेडमी में विद्यार्थियों को उनके नेतृत्व क्षमता एवं शैक्षिक प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न महत्वपूर्ण पदों के लिए चयनित किये जाने के बाद छात्र परिषद के विद्यार्थियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।




मेपल्स एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 12 में दक्ष त्यागी हेड ब्वाय और वैष्णवी गुप्ता हेड गर्ल चुनी गई। जबकि डिसिप्लिन इंचार्ज का कार्यभार वंश देशवाल एवं मानवी त्यागी को सौंपा गया। आजाद हाउस में कैप्टन एवं वाइस कैप्टन मारिया फलक और मानवी, भगत हाउस में मानवी गर्ग एवं वीरा यादव, नेहरू हाउस में श्रद्धा शर्मा व कांची जोशी जबकि पटेल हाउस में अवनी चौधरी एवं परी को कैप्टन और वाइस कैप्टन के पद दिए गए। संचालन बुशरा एवं करुणा त्यागी ने किया। प्रधानाचार्या डा. चित्रा जोशी ने कहा कि बच्चों को अपनी जिम्मेदारी का अहसास होता है और कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासन का पालन करने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर उत्कर्ष वत्स, अंजलि त्यागी, नंदिनी मिनोचा, नीलम सिंघल, अंकुर राठी, मानिक तोमर, सिम्मी मखीजा आदि छात्र-छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** बैडमिंटन प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में अन्तर-सदनीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में सुभाष सदन के छात्र आर्यन धीमान ने प्रथम सूर्य प्रताप ने द्वितीय तथा लक्ष्मी बाई सदन के प्रशांत राणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में लक्ष्मीबाई सदन से छात्रा मनु सैनी प्रथम, आजाद सदन की छात्रा ईशा ने द्वितीय और सुभाष सदन की छात्रा स्वीटी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य रूपेश सैनी ने खेल की महत्वता बताते हुए कहा कि जिस प्रकार बच्चो की प्रथम गुरू मां होती हैं इसी प्रकार बच्चों द्वारा सर्व प्रथम सीखने वाली कला खेल हैं। उन्होने बच्चो के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए बच्चो का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर स्कूल के संरक्षक हरि सिंह सैनी, उपप्रबंधक श्रीमति अनिता सैनी शिव कुमार सैनी, श्रीमति वंदना ध्रुव, श्रीमति सुनिता चौ., संदीप धीमान, देवेंद्र कुमार आदि अध्यापक-अध्यापिकाएं शामिल रहे।

## निबंध प्रतियोगिता में बीमारियों से बचाव के दिए टिप्स

**देवबन्द।** संचारी रोग जागरूकता कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन।

एचएवी इंटर कॉलेज में संचारी रोग जागरूकता कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें छात्रों ने दिमागी बुखार, प्रदूषित जल से होने वाली बीमारियों तथा उनसे बचाव के विषय पर लेख लिखे। प्रतियोगिता में कक्षा 11ए की छात्रा अन्नू प्रथम, कक्षा 11ए की छात्रा अनुष्का द्वितीय व कक्षा 10बी की छात्रा सिमरन तृतीय स्थान पर रही है। इस मौके पर प्रधानाचार्य हेम सिंह, प्रतियोगिता प्रभारी सुखसागर, प्रमोद कुमार, राजेश कुमार व विजेंद्र चौधरी आदि रहे।

# सड़क निर्माण कराये जाने पर वार्डवासियों ने जताया हर्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पालिका द्वारा सड़क का निर्माण कराये जाने पर वार्ड वासियों ने पालिकाध्यक्ष व सभासद का आभार जताया।



वार्डवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग के चलते मोहल्ला नेचलगढ़ वार्ड 14 में नगर पालिका परिषद द्वारा 22 साल बाद सड़क का निर्माण होने पर वार्डवासियों ने पालि. काध्यक्ष और सभासद का आभार जताया। मोहल्लावासी शौकत सलमानी, कामिल सलमानी, महताब अंसारी, शराफत सलमानी, मैनुद्दीन अंसारी, महबूब और अफजाल आदि ने बताया कि कई पालिकाध्यक्ष अपना कार्यकाल पूरा करके गए। बार-बार शिकायत भी गई। लेकिन किसी ने समाधान नहीं कराया।

हाल यह हो चला था कि नालियों का पानी सड़कों पर इकट्ठा होने के कारण चलना फिरना भी दुश्वार हो गया था। वार्ड सभासद रिहाना और पति शराफत मलिक के प्रयासों से 22 साल बाद सड़क का निर्माण हुआ है। इसके लिए उन्होंने पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग का भी आभार जताया।

## बिजनौर में चार युवक गिरफ्तार

**बिजनौर।** काशीराम कॉलोनी निवासी नईमा पत्नी इरफान ने दस जुलाई को शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि सात जुलाई को अभियुक्त फैसल पुत्र सलीम निवासी ग्राम काशीराम कॉलोनी ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर उसके पुत्र तालिब को शराब पिलाने के बहाने घर से बुलाया और अपने साथ कार से ले गया था। फैसल ने अपने साथियों के साथ मिलकर तालिब को नशा देते हुए मारपीट की। इसकी वीडियो भी फैसल ने अपने मोबाइल से बनाई। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के दौरान काशीराम कॉलोनी के ही समीर पुत्र अनीस एवं ग्राम मुबा. रकपुर तालन के आदिल पुत्र शौकत व रिजवान पुत्र लियाकत के नाम प्रकाश में आए।

# नूरपुर में बेखौफ बदमाशों ने भाजपा नेता को लूटा

## पुलिस व्यवस्था बुरी तरह फ्लॉप

शाह टाइम्स संवाददाता

**नूरपुर।** क्षेत्र में लूट व हत्या की घटनाओं से सनसनी फैली हुई। भाजपा सरकार में बेखौफ होकर बदमाश वारदातों को अंजाम दे रहे है। इस बीच बदमाशों ने हथियारों के बल पर बाइक सवार भाजपा नेता विनोद कुमार के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाजपा नेता के साथ हुई लूट की वारदात से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार लगभग पिछले तीस साल नगर में छोटी-बड़ी गाड़ियों के टायरों का कारोबार करते है। बीती रात लगभग दस बजे विनोद कुमार दुकान बंद कर के बाइक द्वारा अपने ग्राम किरतपुर जा रहे थे। जब वह ग्राम आजमपुर से किरतपुर मार्ग पर पहुंचे, तो एक स्कूल के पास पीछे से बाइक सवार चार बदमाशों ने उन्हें धक्का दिया। जिससे वह जमीन पर गिर गए। जिसके बाद बदमाशों ने तमंचों के बल पर भाजपा नेता पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। बदमाशों ने उनकी जेब से पन्द्रह सौ रुपये की नकदी, मोबाइल व स्पलेंडर बाइक लूट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश आराम से फरार हो गए। लूट की वारदात की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर निरीक्षण करते हुए भाजपा नेता से जानकारी ली। पुलिस ने जंगल में कॉम्बिंग की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली पाई। मौके पर एएसपी ग्रामीण व चांदपुर सीओ देश दीपक कुमार सहित भारी पुलिस बल पहुंच गया।

दूसरी तरफ पीड़ित भाजपा नेता विनोद कुमार ने सैकड़ों नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंच कर जमकर हंगामा किया। पुलिस से बदमाशों को पकड़ने की मांग की। पुलिस के आला अधिकारियों ने भाजपा नेताओं को समझा कर वारदात का खुलासा कर बदमाशों को पकड़ने का भरोसा दिया। पुलिस ने भाजपा नेता का मेडिकल करा कर मुकदमा दर्ज किया है। रात लगभग एक बजे पीड़ित ने वारदात के सम्बंध में तहरीर पुलिस को दे दी।

गौरतलब है कि क्षेत्र में अपराध लगातार बढ़ रहे है। पुलिस वारदातों को छिपाती है। अगर यह वारदात भाजपा नेता के अलावा किसी दूसरे के साथ होती, तो इसे भी छिपा दिया होता।

# युवक का शव पेड़ से लटका मिला

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** एक युवक का शव आम के बाग में पेड़ से लटका हुआ मिलने पर आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना से मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।



थाना क्षेत्र के मौहल्ला नेजोवाली गांवड़ी निवासी रमेश सैनी के दो लड़को व दो लड़कियों समेत चार बच्चे हैं, जिनमें दो लड़कियों व एक लड़के की शादी हो चुकी है। रमेश सैनी थाना नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम मेदूवाला में संजय फार्म में नौकरी करते हैं और वहीं फार्म में दिन- रात रहते हैं। रमेश का बड़ा पुत्र सौरभ अपनी पत्नी व बच्चों के साथ नजीबाबाद के पूजा हॉस्पिटल में नौकरी करता है और बच्चों सहित वही रहते हैं। दूसरा पुत्र जागेश सैनी नगीना से बाहर कहीं किसी सड़क ठेकेदार के पास काम करता व रहता था। बताया जाता है कि 22 वर्षीय जागेश एक सप्ताह पूर्व अपने घर आया हुआ था और वह रविवार को नीलकंठ जाने वाला था। शुक्रवार की रात 9 बजे खाना खाकर व घर के दरवाजे बंद करके माँ को अकेला छोड़ कर चला गया। लेकिन जागेश रात को घर वापस नहीं लौटा। मां रात भर उसको फोन करती रही लेकिन उसका फोन बंद आ रहा था। शनिवार की सुबह सवरे जब आसपास का एक व्यक्ति मौहल्ले से आधा किलोमीटर की दूरी पर साधूराम के आम के बाग की ओर शौच करने गया तो आम के पेड़ पर कपड़े के दुपट्टे से जागेश को लटका देख उसने अपने आसपास में एक दो लोगों को बताया तो लोगों ने इसकी सूचना मृतक जागेश की माता व थाने की पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व उसकी माँ सावित्री मौके पर पहुंची और अपने पुत्र की सूचना फोन द्वारा अपने पति व बड़े पुत्र को दी सूचना मिलते ही पति व पुत्र भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा। पुलिस पेड़ पर फांसी लगाकर लटके जागेश सैनी के शव को देखकर आत्महत्या करने का अनुमान लगा रही है। लेकिन उसकी माँ सावित्री व रमेश सैनी पेड़ से फांसी लगाकर लटकें अपने पुत्र जागेश के पैरों में चप्पल व कानों में लगी मोबा. इल लीड को देखकर आत्महत्या नहीं हत्या करके लटकाना बता रहे हैं। पुलिस ने मृतक का मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों द्वारा तहरीर मिलने व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## मंडावर में डीएम ने सुनी समस्याएं

**मण्डावर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज पूर्वाह्न में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के साथ थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना मंडावर में जनसामान्य की शिकायतों को सुना गया और उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से उनका मौके पर समाधान किया गया।

उन्होंने निर्देश दिए कि भूमि एवं पारिवारिक विवाद के मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी संयुक्त रूप से मौके का निरीक्षण कर प्रकरण की स्थिति का जायजा लें और आसपास के लोगों से भी वास्तविकता जानने का प्रयास करें। तदुपरांत ही कोई उचित निर्णय लिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली जन शिकायतों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से निस्तारण करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या में अनिवार्य रूप से सम्मिलित करें। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष मंडावर सहित अन्य पुलिस एवं राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम MOHD MUZAMMIL से बदलकर MUZAMMIL रख लिया है। भविष्य में अब मुझे इसी नाम से जाना जाए।

MUZAMMIL S/O MOHD AFZAL, HOUSE No- 11/7125 NEAR DO MANZILI MASJID CHAUPTA ROGAN GARAN, SAHARANPUR U.P. 247001.

## सचिन ने किया भगवान का अपमान

**नहटौर।** एक युवक द्वारा श्री राम पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर हिन्दू संगठनों में रोष फैल गया। युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर श्री राम के ऊपर अभद्र टिप्पणी करने का मामला सोशल मीडिया पर मामला वायरल होने के बाद यह खबर चारों तरफ फैल गई।

इस मामले में राजू वाल्मीकि की ओर से एक्स हैंडल पर यूपी पुलिस, डीजीपी व बिजनौर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई थी। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि आरोपी युवक की पहचान नहटौर क्षेत्र के ग्राम तकीपुरा निवासी सचिन पुत्र स्व. धर्मेंद्र के रूप में हुई। उसे गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद किया किया गया है। आरोपी का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया है।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र का नाम MOHAMMAD ARSHAD से बदलकर MOHD ARSHAD रख दिया है भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

NAUSHAD ALI KHAN S/O DILSHAD ALI KHAN MOH-SARAY PEER ZADGAN DEOBAND (SAHARANPUR)

# बंदूक के साथ युवक ने हाइवे पर बनाई रील

**नहटौर।** क्षेत्र के एक युवक की बंदूक के साथ रील बनाने की दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो हाईवे पर बनाई गई है। युवक अलग अलग गानों पर रील बनाता हुआ नजर आ रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र में शनिवार को सत्रह सैकेंड बीस सैकेंड के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें एक युवक बाइक पर बैठकर बंदूक के साथ रील बनाता हुआ नजर आ रहा है। युवक ने यह रील एक हाईवे पर बाइक खड़ी करके बनाई है। वीडियो में तीन बालक भी बैठे हुए नजर आ रहे है, जो युवक को रील बनाते हुए देख रहे है। युवक क्षेत्र के एक ग्राम का बताया जा रहा है। इससे पूर्व भी नहटौर के मौहल्ला नौधा का एक युवक तमंचे के साथ एक बैंकट हॉल में रील बनाता हुआ सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। नहटौर क्षेत्र में हथियारों के साथ रील बनाने का युवाओं पर खुमार चढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है।

# इमरजेंसी ब्रेक लगाने से हादसा टला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** शराबी युवक ने बंद पड़े रेलवे फाटक को पार करने की नीयत से कार दौड़ा दी। कार बीच रेलवे ट्रैक में जाकर फंस गई। अचानक से मालगाड़ी आ गई, लेकिन चालक ने रेलवे ट्रैक पर खड़ी कार को देखकर इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। जिससे हादसा टल गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार बिजनौर के ग्राम गोकलपुर कासम उर्फ पैदा में किरतपुर कस्बे के मोहल्ला लाडपुरा निवासी विकास पुत्र रूप सिंह आज तड़के करीब 4:45 बजे बंद पड़े रेलवे फाटक से कार क्रॉस कर रहा था। विकास शराब के नशे में धुत था। विकास ने जैसे ही फाटक से कार क्रॉस करने की कोशिश की, तो कार रेलवे ट्रैक के बीच में फस गई। रेलवे ट्रैक के बीच में फंसी कार को देखकर शराबी विकास ने कार निकालने का काफी प्रयास किया, लेकिन नहीं निकल पाई। इसी बीच अचानक से बिजनौर से नजीबाबाद की तरफ जाने वाली मालगाड़ी आ गई। रेलवे ट्रैक के बीच खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार को देख मालगाड़ी चालक के भी हाथ पांव फूल गए। मालगाड़ी चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी को रोक लिया। घटना की सूचना पर आरपीएफ व स्थानीय रेलवे के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और बामुश्किल रेलवे ट्रैक से कार को हटाया गया। जिससे घंटों तक रेलवे का संचालन प्रभावित रहा।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने बेटे जुनैद, पुत्रवधु समरीन, नाहिद व उनके बच्चों के गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिये है।

सरफराज पुत्र अजीज अहमद निवासी अबुलमाली शाहरमजुद्दीन देवबंद।

**सूचना**

मैंने अपना नाम NARGIS FATMA से बदल कर NARGIS FATIMA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

NARGIS FATIMA W/O NAUSHAD ALI KHAN MOH SARAY PEER ZADGAN DEOBAND (SAHARANPUR)

# बुमराह घर से बाहर सबसे ज्यादा 5-विकेट लेने वाले भारतीय

**● रूट के टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच, गिल के सीरीज में 600 रन पूरे**

**लाड्र्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुल. कर ट्राफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लाड्र्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। जसप्रीत बुमराह देश से बाहर टेस्ट में सबसे ज्यादा 5 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। वहीं शुभमन गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 600 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। जो रूट टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बने। वहीं। बुमराह के 450 विकेट पूरे जसप्रीत बुमराह ने पहली पारी में बेन स्टोक्स का विकेट लेने के साथ ही इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 450 विकेट पूरे कर लिए। बुम. राह के नाम टेस्ट में 215, वनडे में 149 और टी-20 में 89 विकेट हैं। बुमराह ने पहली पारी में 5 विकेट भी लिए। टेस्ट में उन्होंने 15वीं बार 5-विकेट लिए। यह घर से बाहर उनका 13वीं बार 5-विकेट हाल रहा।

बुमराह घर से बाहर सबसे ज्यादा 5-विकेट लेने वाले भारतीय बने। उन्होंने कपिल देव का रिकार्ड तोड़ा, जिनके नाम 12 बार 5-विकेट लेने का रिकार्ड था। रूट ने भारत के खिलाफ 11वां टेस्ट शतक लगाया इंग्लैंड के सबसे सफल बैटर जो रूट ने शतक लगा दिया। यह टेस्ट में उनका 37वां शतक रहा, इस मामले में उन्होंने आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ा। जिनके नाम 36 टेस्ट शतक हैं। रूट ने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट सेंचुरी लगाने के मामले में स्मिथ



की बराबरी भी कर ली। दोनों के नाम 11-11 टेस्ट शतक हैं। बुम. राह ने रूट को 15वीं बार आउट किया जो रूट को जसप्रीत बुम. राह ने बोल्ड किया। इसी के साथ बुमराह इंटरनेशनल क्रिकेट में रूट को सबसे ज्यादा बार आउट करने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने 15वीं बार रूट को पवेलियन भेजा। बुमराह ने आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का रिकार्ड तोड़ा, जिन्होंने रूट को 14 बार पवेलियन भेजा है। रूट सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बने जो रूट ने भारत की बैटिंग के दौरान करुण नायर का स्लिप में कैच पकड़ा।

इसी के साथ वे बतौर फील्डर टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बन गए। रूट ने भारत के ही राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 210 कैच थे। रूट के 211 कैच हो गए। जैमी स्मिथ सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले विकेटकीपर इंग्लैंड के विकेटकीपर जैमी स्मिथ सबसे कम गेंदों में एक हजार टेस्ट रन बनाने वाले विकेटकीपर बने। उन्होंने पाकिस्तान के सरफराज अहमद का रिकार्ड तोड़ा, जिन्होंने 1311 गेंदों में 1000 रन पूरे किए थे। स्मिथ ने 1303 गेंदों पर ही हजार रन बना लिए। शुभमन इंग्लैंड में 600 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय शुभमन गिल लाड्र्स टेस्ट की पहली पारी में 16 ही रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, उन्होंने इतने कम रन के बावजूद मौजूदा सीरीज में 600 रन पूरे कर लिए। इसी के साथ शुभमन इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 600 प्लस रन बनाने वाले दूसरे ही भारतीय बने। उनसे पहले 2002 में राहुल द्रविड़ 602 रन बना चुके हैं। गिल के नाम फिलहाल 601 रन हैं। गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान भी बन गए। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली का रिकार्ड तोड़ा। जिन्होंने 2018 में 593 रन बनाए थे।

# लॉड्र्स क्रिकेट का घर है, तो विंबलडन टेनिस का मक्का है': सचिन

**लंदन, वार्ता।** विंबलडन 2025 में सचिन तेंदुलकर ने विंबलडन में जाने के अपने अनुभव, टेनिस के दिग्गजों के प्रति अपनी प्रशंसा और क्रिकेट तथा टेनिस के बीच आश्चर्यजनक समानताओं को साझा किया। अपने जीवन में विंबलडन के महत्व पर सचिन ने कहा कि यह अविश्वसनीय है

। जैसे लोग कहते हैं कि लॉड्र्स क्रिकेट का घर है, वैसे ही यह टेनिस का मक्का है। मैं विंबलडन देखते हुए बड़ा हुआ हूं, और सात-आठ साल की उम्र से ही, जब मैंने टेनिस को थोड़ा-बहुत समझना शुरू किया, तब से मेरे लिए हमेशा विंबलडन सबसे पहले और फिर



बाकी ग्रैंड स्लैम ही रहे हैं। इसलिए मेरे लिए, यह सर्वश्रेष्ठ है। मैंने कई टेनिस खिलाड़ियों से बात की है, और वे सभी इस टूर्नामेंट को सबसे ऊपर मानते हैं। सचिन ने विंबलडन के प्रतिष्ठित माहौल और उसके आकर्षण पर कहा कि मुझे रॉयल बॉक्स खास तौर पर बहुत पसंद है-वहां का माहौल बेजोड़ है। बैठकर मैच देखने के लिए यह सबसे अच्छी जगह है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 टीम में किए बदलाव

**जिंकग्स्टन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने 21 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए अपनी 16 सदस्यीय टीम में बदलाव करते हुए स्पेंसर जॉनसन और जोश हेजलवुड की जगह क्रमशः सलामी बल्लेबाज जेक फेजर-मैकगर्क और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को शामिल किया है। राष्ट्रीय अनुबंध से चूकने के बाद, फेजर-मैकगर्क अपनी शानदार फॉर्म को पीछे छोड़कर कैरेबियाई सरजमीं पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी करना चाहेंगे। हेजलवुड अगले महीने दक्षिण अफीका श्रृंखला की तैयारी के लिए स्वदेश लौटेंगे, जबकि जॉनसन अभी अपनी पीठ की चोट से उबर नहीं पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पिछले 14 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में से 12 जीते हैं और अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप से पहले अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की उम्मीद करेगा।

### पोलार्ड और पूरन की बदौलत मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क फाइनल में

**डालास, वार्ता।** मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने शुक्रवार को चैलेंजर्स में टेक्सास सुपर जिंकग्स को सात विकेट से हराकर मेजर लीग क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने तीन साल में दूसरी बार मेजर लीग क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश किया है। लेकिन इस बार पहले सात मैचों में छह हार झेलने के बाद। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर, स्मित पटेल और फाफ डु प्लेसिस ने सतर्क शुरुआत की। स्मित ने शुरुआती ओवर में कुछ चौके लगाए, लेकिन इसके अलावा उन्होंने संयमित स्ट्रोक्स खेले। चौथे ओवर में डु प्लेसिस ने तेजी से रन बनाना शुरू किया और ट्रिस्टन लुस की गेंद पर एक छक्का और एक चौका जड़ा।

# ऋषभ पंत ने की धोनी की बराबरी

**● पहली पारी में अर्धशतक लगाकर सेना देशों में सर्वाधिक बार 50, स्कोर करने वाले भारतीय विकेटकीपर बने**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज )षभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ लाड्र्स टेस्ट मैच के तीसरे दिन पहली पारी में अर्धशतक लगाया। पंत विकेटकीपिंग करने के दौरान चोटिल हो गए थे, लेकिन वह बल्लेबाजी के लिए उतरे और उन्होंने केएल राहुल का अच्छा साथ निभाया।

पंत ने छक्के के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। पंत का यह इंग्लैंड के खिलाफ छठा टेस्ट अर्धशतक है। पंत इसके साथ ही एक और उपलब्धि अपने नाम करने में सफल रहे। पंत अर्धशतक लगाने के साथ ही महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी पर पहुंच गए हैं। पंत सेना देशों यानी दक्षिण अफीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में



सबसे ज्यादा बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। पंत ने 53 पारियों में 13वीं ऐसा किया है, जबकि धोनी ने सेना देशों में 60 पारियों में 13 बार 50 प्लस स्कोर बनाया है।

इस मामले में तीसरे स्थान पर फारूख इंजीनियर हैं जिन्होंने 33 पारियों में सात बार और किरण मोरे ने 24 पारियों में पांच बाच ऐसा किया है। इतना ही नहीं पंत संयुक्त रूप से इंग्लैंड में सर्वाधिक बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले मेहमान टीम के बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में भी धोनी की बराबरी कर ली है। धोनी और पंत दोनों ने इंग्लैंड में आठ-आठ बार 50 प्लस स्कोर बनाए हैं। पंत का बल्ला इंग्लैंड में जमकर चल रहा है और वह इंग्लैंड में एक सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले मेहमान टीम के बल्लेबाज बन गए हैं। पंत अब तक इस दौरे पर 400 से ज्यादा रन बना चुके हैं और उन्होंने इस मामले में टाम ब्लंडेल को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने 2022 में 383 रन बनाए थे। वहीं, वेन फिलिप्स ने 1985 में एशेज सीरीज के दौरान 350 और महेंद्र सिंह धोनी ने 2014 में इंग्लैंड दौरे पर 349 रन बनाए थे। राहुल और पंत के बीच चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई है।

# जडेजा-रेड्डी ने भारत को 300 पार पहुंचाया

**● दोनों ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की, केएल राहुल 100 रन पर आउट हुए**

**लाड्र्स।** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला लाड्र्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। शनिवार को मुकाबले का तीसरा दिन है और आखिरी सेशन का खेल जारी है। टीम इंडिया ने पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 317 रन बना लिए हैं।

रवींद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी क्रीज पर हैं। इससे पहले भारतीय ओपनर केएल राहुल 100 रन पर आउट हुए। टेस्ट क्रिकेट में 100वीं बार कोई बैटर 100 पर आउट हुआ है। जडेजा और रेड्डी के बीच नाबाद 63 रन की पार्टनरशिप हो चुकी है। टीम ने 254 के स्कोर पर 5वां विकेट गंवाया था।



केएल राहुल (100 रन) को शोएब बशीर ने हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराया। ऋषभ पंत लंच से ठीक पहले 74 रन बनाकर रनआउट हुए। भारत ने तीसरे दिन 145/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया था। मुकाबले के दूसरे दिन इंग्लैंड की टीम 387 रन बनाकर ऑलआउट हुई। पंत इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट छक्के (36 छक्के) लगाने वाले बैटर बने। उन्होंने विवि रिचड्र्स के 34 छक्के का रिकॉर्ड तोड़ा है। तीसरे दिन का दूसरा सेशन भी भारतीय टीम के नाम रहा। 25.3 ओवर के इस सेशन में भारत ने एक विकेट खोकर 68 रन बनाए। टी-ब्रेक पर भारत का स्कोर 316/5 रहा। 90वें ओवर में बेन स्टोक्स की बाउंसर नीतीश कुमार रेड्डी के सिर पर लगी। 141 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड की बाल गुड लेंथ से अंदर आई और रेड्डी के कान के पास लगी, हालांकि फिजियो के निरीक्षण के बाद रेड्डी ने खेलना जारी रखा।

88वें ओवर में रवीद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। रवींद्र जडेजा ने बेन स्टोक्स के ओवर की पहली बाल पर दो रन लेकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। 84वें ओवर में 4वीं बाल पर जडेजा ने एक रन दौड़कर टीम के लिए 300वां रन बनाया। भारतीय ओपनर केएल राहुल ने लाड्र्स में दूसरा शतक लगा दिया है। उन्होंने 67वें ओवर में जोफा आर्चर की बाल पर एक रन लिया और शतक पूरा किया। उन्होंने लाड्र्स स्टेडियम में दूसरा शतक लगाया। यह राहुल का टेस्ट में 10वां शतक है।

# अविनाश मोनाको डायमंड लीग स्टीपलचेज से हुए बाहर



**मोनाको, वार्ता।** एशियाई खेलों के चैंपियन और दो बार के ओलंपियन अविनाश साबले को शनिवार को मोनाको डायमंड लीग 2025 में पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ के शुरुआती दौर में गिरने के बाद दौड़ से हटना पड़ा। स्टेड लुइस द्वितीय स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा कर रहे 30 वर्षीय भारतीय एथलीट ने दौड़ शुरू करने के एक मिनट से थोड़ा ज्यादा समय बाद ही पानी में कूदते समय एक अन्य प्रतियोगी का पैर फिसल जाने के कारण लड़खड़ाकर गिर पड़े। इस घटना के कारण सेबल को घायल अवस्था में ट्रैक से बाहर निकलना पड़ा और वह लंगड़ाते हुए ट्रैक से बाहर चले गए, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें दौड़ पूरी नहीं करने (डीएनएफ) का सामना करना पड़ा। उन्हें सहारा देकर स्थानीय चिकित्सा केंद्र ले जाया गया।

चोट की गंभीरता का पता नहीं चल पाया है। इस बीच एक अन्य भारतीय धावक अनिमेष कुजूर उसी स्थान पर आयोजित अंडर-23 वर्ग में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में पोडियम पर पहुं. चने से चूक गए। अनिमेष कुजूर 20-55 सेकंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे। ऑस्ट्रेलिया के उभरते सितारे गाउट गाउट ने 20-10 सेकंड के समय के साथ यह स्पर्धा जीती।

# इटली, नीदरलैंड ने किया क्वालीफाई

**● यह पहली बार है जब इटली ने किसी आईसीसी क्रिकेट विश्वकप में जगह बनाई है**

**हेंग (स्विट्जरलैंड), वार्ता।** इटली और नीदरलैंड ने भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह पहली बार है जब इटली ने किसी आईसीसी क्रिकेट विश्वकप में जगह बनाई है।

स्विट्जरलैंड के हेग में खेले गए क्वालीफायर मुकाबले में नीदरलैंड ने इटली को नौ विकेट से हराया, जबकि जर्सी ने स्कॉटलैंड को आखिरी गेंद पर एक विकेट से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस हार के साथ स्कॉटलैंड पहली बार पुरुष टी-20 विश्वकप में जगह बनाने में नाकाम रहा। अंक तालिका में




इटली क्रिकेट टीम और जर्सी दोनों के पांच-पांच अंक थे, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के आधार पर इटली ने विश्वकप के मुख्य राउंड में अपनी जगह पक्की की। अब तक कुल 15 टीमें पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। ईस्ट-एशिया पैसिफिक क्वालीफायर से तीन और अफीका से दो टीमें मिलकर कुल 20 टीमों की अंतिम सूची पूरी करेंगी। इटली की क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित ओवरों में 7 विकेट गंवाकर 134 रन बनाए। इटली ओर से नंबर छह और सात स्थान पर बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। बेन मानेनटी ने 30 और ग्रांट स्टुअर्ट ने 25 रन बनाए। नीदरलैंड के लिए रोएलोफ वैन डर मेर्व सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 15 रन देकर 3 विकेट लिए और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। इटली के 134 रनों जवाब में, नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डाउड 47 और माइकल लेविट ने 34 रन बनाए। आठवें ओवर में लेविट का विकेट गिरा, जिसके बाद कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (नाबाद 37) ने मैदान में कदम रखा और ओ'डाउड के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़कर अपनी टीम को जीत के साथ टी-20 विश्वकप में जगह दिला दी। दिन के दूसरे मुकाबले में जर्सी ने पहली बार स्कॉटलैंड को हराया, लेकिन उनकी खुशी ज्यादा देर नहीं टिक पाई क्योंकि 15वें ओवर में उन्हें इटली द्वारा अपनी जगह पक्की करने की खबर मिली और इसके साथ ही वे नेट रन रेट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

### भारतीय बॉस्केटबॉल महिला एशिया कप में कल कजाकिस्तान से भिड़ेगी

**शेनझेन (चीन), वार्ता।** भारतीय बास्केटबॉल टीम रविवार को चीन के शेनझेन बे स्पोर्ट्स सेंटर में फीबा महिला एशिया कप 2025 ग्रुप बी मुक. ाबले में कजकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। फीबा महिला एशिया कप बॉस्केटबॉल के 31वें संस्करण में कुल 16 टीमें भाग लें रही है और उन्हें क्रमशः ग्रुप ए और बी में आठ-आठ देशों में विभाजित किया गया है। 2021 में रेलीगेशन के बाद 2023 में टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में भाग न लेने के बाद, भारत इस वर्ष के फीबा महिला एशिया कप में पूल बी में प्रतिस्पर्धा करेगा। ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीमें सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# अल्काराज विंबलडन के फाइनल में पहुंचे

## सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज को हराया, सिनर से होगा खिताबी मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने लगातार तीसरे साल विंबलडन मेंस सिंगल्स के फाइनल में जगह बना ली। उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हरा दिया। फाइनल में उनका सामना वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर से होगा। सिनर ने विंबलडन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हराया।

मेंस सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल में अल्काराज ने वर्ल्ड नंबर-5 फ्रिट्ज के खिलाफ पहला सेट 6-4 से जीता। फ्रिट्ज ने वापसी की और 7-5 से दूसरा सेट जीत लिया। तीसरे सेट में अल्काराज ने कमबैक किया और 6-3 से सेट जीतकर बढ़त बना ली। चौथे सेट में बराबरी की टक्कर दिखी, लेकिन अल्काराज



ने 7-6 (8-6) से आखिरी सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अल्काराज ने 2023 से लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने पिछले दोनों बार सर्बिया के नोवाक जोकोविच को ही खिताबी मुकाबला हराकर ट्राफी जीती थी। 2024 में मुकाबला 5 सेट तक चला, लेकिन 2023 में अल्काराच ने 3 सेट में ही खिताब जीत लिया। जोकोविच अब दूसरे सेमीफाइनल में सिनर को हराकर फाइनल में पहुंच सकते हैं। जोकोविच विंबलडन से बाहर जोकोविच को सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 सिनर ने सीधे सेट्स (6.3, 6.3, 6.4) से हराया। मैच के दौरान जोकोविच को पुरानी चोटों व उम्र के कारण कई कठिनाइयां झेलनी पड़ीं। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि उम्र का असर निश्चित रूप से टीम पर पड़ता रहा। विमेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-8 जोड़ी ने सेमीफाइनल जीता विमेंस डबल्स में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस और रूस की वेरोनिका कुडरमेटोवा की वर्ल्ड नंबर-8 जोड़ी ने फाइनल में जगह बना ली। दोनों ने सेमीफाइनल में अमेरिका की डिजायरे क्रजिक और आस्ट्रेलिया की ओलिविया गैडेकी की गैरवरीय जोड़ी को 3-6, 6-0, 6-3 के अंतर से हरा दिया। मेंस डबल्स के फाइनल में पहुंची गैरवरीय जोड़ी मेंस डबल्स के सेमीफाइनल मुक. ाबले भी 10 जुलाई को खेले गए।

### सीरीज के अंतिम मैच में मंधाना व श्री चरणी से उम्मीद

**बर्मिंघम, वार्ता।** बर्मिंघम में भारत महिला और इंग्लैंड महिला टीम के बीच शनिवार को टी20 सीरीज का अंतिम मैच भले ही सीरीज के समीकरण के लिहाज से खास मायने ना रखता हो लेकिन दोनों ही टीमें अंतिम मैच में जीत हासिल कर वनडे सीरीज का रुख जरूर करना चाहेंगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम पहले ही इंग्लैंड में ऐतिहासिक टी20 सीरीज जीत हासिल कर चुकी है वहीं मेजबान इंग्लैंड की नजरें हार के अंतर को पाटने पर होंगी। महिला टी20 में एजबस्टन में पहली बल्लेबाजी करते हुए सर्वोच्च स्कोर 167 पर दो है। जबकि न्यूनतम स्कोर 46 है। यहां 19 महिला टी20 में 10 बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत हासिल हुई है जबकि नौ बार बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत हासिल हुई।

# शुभमन गिल ने बदली हुई ड्यूक्स गेंद से जताई नाराजगी

**● एक बार फिर भारत के दूसरी गेंद लेने के बस 10-3 ओवर बाद ही गेंद ने अपना शेप खो दिया था**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड में एक बार फिर ड्यूक्स गेंद चर्चाओं के केंद्र में बनी हुई है, एक बार फिर भारत के दूसरी गेंद लेने के बस 10-3 ओवर बाद ही गेंद ने अपना शेप खो दिया था। जिसके बाद दूसरे दिन सुबह उसे फिर बदला गया।

बदली हुई गेंद से अंतर साफ दिख रहा था, दूसरी नई गेंद से जसप्रीत बुमराह ने कहर बरपाते हुए 14 गेंदों के अंदर तीन विकेट ले लिए थे, लेकिन इसके बाद पूरे सत्र में फिर भारत को विकेट नहीं मिली थी। दूसरी नई गेंद 1. 869 डिग्री पर स्विंग हो रही थी जबकि औसतन वह गेंद 0.594 डिग्री पर सीम हो रही थी। लेकिन जब दूसरी नई गेंद को बदला गया तो वह 0.855 डिग्री पर स्विंग हो रही थी और औसतन 0.594 डिग्री ही सीम कर रही थी। जाहिर है इसके बाद भारतीय टीम और कप्तान का गुस्सा बढ़ता जा रहा था। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने ब्रॉडकास्ट चैनल के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर भी गेंद को लेकर अपनी नाराजगी ज़ाहिर की। ब्रॉड के मुताबिक बदली हुई गेंद देखने में 18-20 ओवर पुरानी दिख रही थी। क्रिकेट गेंद बिल्कुल एक विकेटकीपर की तरह होती है जिसकी चर्चा बहुत ही कम की जाती है। लेकिन यहां हम गेंद की लगातार बात कर रहे हैं कि क्योंकि ये एक समस्या बनती जा रही है और हर पारी में करीब-करीब बदली जा रही है। जो कहीं से भी जायज नहीं है, मुझे लगता है पांच सालों से मैं देख रहा हूं कि ड्यूक्स गेंद में समस्या है। जिसे सही करने की जरूरत है, एक गेंद को 80 ओवर चलना चाहिए न कि सिर्फ 10 ओवर। एक और पूर्व इंग्लिश कप्तान नासिर हुसैन ने भी कहा कि ड्यूक्स गेंद के साथ गंभीर समस्या है। लेकिन साथ ही साथ उन्होंने कहा कि गेंदबाज चाहते हैं कि गेंद बिल्कुल परफेक्ट हो और तभी बार-बार गेंद बदल दी जाती है। ये भी देखिए कि पहला घंटा बुमराह को खेल पाना बेहद कठिन था। और तभी मैंने देखा कि वे लोग गेंद बदल रहे हैं, मैं ये देखकर हैरान था कि गेंद से जब इतनी मदद मिल रही है तो फिर बदलने की क्या जरूरत।

# बारातियों और घरातियों में चले लात-घूंसे

**खतौली।** नगर के बुढाना मार्ग स्थित एक विवाह मंडप के बाहर शनिवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बारातियों और घरातियों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे, थप्पड़ और यहां तक कि बेल्ट तक चल गई।

घटना में दोनों पक्षों के कई लोग चोटिल हो गए। मौके पर राहगीर और समारोह में शामिल मेहमान दहशत में इधर-उधर भागने लगे। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और लाठी फटकार कर भीड़ को तितर-बितर किया। हालांकि जब तक पुलिस पहुंची, तब तक कई लोग चोटिल हो चुके थे। बाद में पुलिस और मंडप संचालक की मध्यस्थता में दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौता हो गया, जिसके चलते किसी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी। गुरुवार को शाहपुर से एक बारात खतौली के बुढाना मार्ग स्थित एक विवाह स्थल पर पहुंची थी। बारात में सब कुछ सामान्य चल रहा था, लेकिन जयमाल की रस्म के बाद डिनर के दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के युवकों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक पक्ष के युवक ने बेल्ट निकालकर हमला कर दिया, जिसके बाद मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इस दौरान कुछ महिलाओं और बुजुर्गों को भी धक्का-मुक्की का शिकार होना पड़ा। विवाह समारोह में शामिल बच्चों और बुजुर्गों में डर का माहौल बन गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए मारपीट कर रहे लोगों को वहां से भगाया। करीब आधे घंटे तक मंडप के बाहर तनावपूर्ण माहौल बना रहा।कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था। किसी पक्ष ने कोई लिखित शिकायत नहीं दी है। आपसी समझौते के बाद मामला शांत हो गया है।

# खाद फैक्ट्री में गैस रिसाव से कई की हालत बिगड़ी



**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली की बुढ़ाना चौकी के निकट सल्फयूरिक बनाने वाली अंकुर फर्टीलाईजर फैक्ट्री में गैस रिसाव होने से भगदड़ मच गई। विगत माह भी गैस रिसाव होने से पास की कालोनी में रहने वाली कई महिलाएं व लोगों को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया था और शनिवार को फिर से क्षेत्र में गैस रिसाव होने से सनसनी फैल गई। फैक्ट्री के पास ही कांवड़ियां आराम कर रहे थे उनको सांस लेने में परेशानी हुई तो इसकी जानकारी तुरन्त ही स्थानीय पुलिस व प्रशास. निक अधिकारियों को दी। अधिकारियों के पहुंचने तक क्षेत्र के ग्रामीण अपने-अपने घरों से बाहर सडक पर खडे मिले। अपर जिलाधिकारी गजेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे। उस समय लोग यहां प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदूषण विभाग की टीम को मौके पर बुलाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि एक माह पूर्व भी यहां गैस रिसाव होने से बच्चों सहित कई लोगों की हालत बिगड गई थी। बता दें कि बुढ़ाना मोड पर वर्षो पुरानी अंकुर फर्टीलाईजर फैक्ट्री चल रही है। यह फैक्ट्री आबादी के बीच में आ चुकी है। शनिवार को जब गैस रिसाव हुआ तो कालोनीवासियों में हड़कंप मच गया और वह सड़को पर आ गये। इस समय एक दर्जन कांवड़ियां आराम कर रहे थे। मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शन कर आक्रोश जता रहे ग्रामीणों को शांत किया। ग्रामीणों का कहना था कि यह फैक्ट्री आबादी के बीच है और इसकी गंध से कालोनीवायियों को दिक्कत आ रही है। कई बार पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों से की जा चुकी है लेकिन कोई समाधान नही निकल ऐसा कालोनीवासियों का कहना था। प्रदर्शनकारी कालोनी के बीच चल रही फैक्ट्री से पूरी तरह नाराज थे उनका कहना था कि आये दिन गैस रिसाव लोगों को सांस लेने में दिक्कत आती है और कालोनीवा. सियों व ग्रामीणों को बीमारी होने का डर भी सता रहा है। सीओ सिटी भी मौके पर पहुंच चुके थे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को इस मामले को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया है।

## ट्रक ने रोडवेज में मारी टक्कर, यात्रियों को आई चोटें

**बुढ़ाना।** एक ट्रक ने रोडवेज बस में जोरदार टक्कर मारकर बस में सवार सभी यात्रियों को चोटिल कर दिया जबकि ट्रक का अगला हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा राज्य के जनपद करनाल से एक ट्रक का चालक पप्पू ट्रक लेकर मेरठ जनपद में जा रहा था। मेरठ-करनाल हाइवे पर थाना फुगाना के पास तेज गति से आए इस ट्रक ने यात्रियों से भरी हुई एक रोडवेज की बस में पीछे से जोरदार तरीके से टक्कर मार दी। इस घटना में ट्रक का चालक पप्पू घायल हो गया जबकि रोडवेज बस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक की टक्कर से बस में सवार यात्रियों को भी मामूली चोटें आई। इस घटना में घायल ट्रक के चालक पप्पू को मौके पर पहुंची फुगाना पुलिस ने जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया है। उधर दूसरी और फुगाना पुलिस ने बताया कि उक्त घटना की तहरीर उनको अभी तक प्राप्त नही हुई है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# कांवड़ डयूटी में लापरवाही पर तत्काल तबादला

## विद्युत विभाग के तीन अवर अभियंताओं से मांगा स्पष्टीकरण

**मुजफ्फरनगर।** जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा डयूटी में लापरवाही बरतने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है ।कांवड़ कंट्रोल रूम की डयूटी से अनुपस्थित रहने पर विद्युत विभाग के तीन अवर अभियंताओं से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इनमें से एक अभियंता का तत्काल तबादला भी कर दिया गया है।

दरअसल अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार के आदेश अनुसार, कांवड़ कंट्रोल रूम में विद्युत विभाग की शिफ्टबार डड्ढूटी लगाई गई थी, जिसको सूचना संबंधित कर्मचारियों को दूरभाष और व्हाट्सएप के माध्यम से दी गई थी। बावजूद इसके अवर अभियंता मोहन सिंह (बिजोपुरा), दिलीप कुमार (शामली रोड) और निहिन अरोरा (नुमाइश कैम्प) अश्वनी निधरित डयूटी पर उपस्थित नहीं हुए। अनुपस्थिति के चलते कांवड़ कंट्रोल रूम में आई शिकायतों के निस्तारण में विलंब हुआ। उन्होंने इसे कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन और गंभीर । प्रशासन ने इसे लाप. रवाही करार दिया है और तत्काल प्रभाव से मोहन सिंह, अबर अभियंता का चरथावल ब्लॉक के बिजोपुरा से सिसौली एवं मुंडभर विद्युत उपकेंद्र पर स्थानांतरण कर दिया है। शेष दो अभियंताओं से जवाब तलब किया गया है और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। अपर जिलाधिकारी ने पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम, मेरठ मंडल के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### गैर हाजिर रहने वाले कई कर्मचारी अफसर रडार पर

कांवड़ यात्रा के अलावा अन्य दिनों में जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए बनाये गये कन्ट्रोल रूम में डयूटी न करने वाले कई लापरवाह कर्मचारियों पर अफसरों की निगाहे ऐसे कर्मचारियों के विरूद्व भी अब प्रशासन कार्यवाही करने के मूड में है।

## जमीन बेचने के नाम पर एक करोड़ ठगे

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी वकील रोड निवासी तुषार गर्ग ने नई मंडी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि सिखेडा थाना क्षेत्र के गांव भिक्की निवासी साजिद अब्बास, हसन अब्बास, हुसैन अब्बास, हसीन अब्बास सहित दस लोगों ने भिक्की में 35 बीघा जमीन बेचना बताकर उससे एक करोड़ 35 लाख रुपये हड़प लिए। आरोपियों ने नगद व खाते में उससे भुगतान लिया। धंधेडा निवासी आसिफ ने खुद को प्रॉपर्टी डीलर बताते हुए आरोपियों से एक करोड़ 25 लाख रुपये देने पर जमीन का एग्रीमेंट करने का वादा किया था। ज्यादा भुगतान लेने के बाद भी जमीन का बैनामा नही किया।पता चला है कि आरोपियों ने जमीन पर पहले से लोन लिया था। जबकि लोन न होना बताते हुए साढ़े 15 लाख रुपये बीघा के हिसाब से जमीन बेचना तय किया था। आरोपियों ने किसी अन्य को भी जमीन का सौदा किया है।आरोप है कि जमीन का बैनामा नही किया। भुगतान भी वापस नही किया। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है।







# दवा कारोबारी के घर हुई चोरी में एक आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा, सामान बरामद

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली पुलिस ने ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष दवा कारोबारी अमित वत्स के घर में चोरी की हुई घटना के मुकदमे में प्रकाश में आए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके साथी की तलाश है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से दवा कारोबारी का आधार कार्ड, एक लाख दस हजार रुपये नगद व कुछ जेवर बरामद किए है।

बता दे कि नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के द्वारिका सिटी निवासी दवा कारोबारी अमित वत्स के घर से तीन जुलाई को दिन में ही दो चोरों ने ताले तोड़ कर जेवर, लेपटॉप, सात तोला सोना व एक किलो चांदी के जेवर तथा 2.80 लाख रुपये चोरी कर लिए थे। चोर सीसीटीवी में दिखाई दिए थे। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जनपद बुलंदशहर की अपरकोट कॉलोनी निवासी दानिश को गिरफ्तार कर एक लाख दस हजार रुपये नगद, एक जोड़ी पाजेब व दवा कारोबारी का आधार कार्ड बरामद किया।

गिरफ्तार आरोपी ने अपने साथी गाजियाबाद के फरुखनगर निवासी अफजाल के साथ चोरी की थी। पुलिस उसे तलाश रही है।

नई मंडी कोतवाली पुलिस ने बताया कि दोनों बंद घरों की घंटी बजाकर देखते है जिस घर में कोई नही मिलता, उसी घर में चोरी कर लेते है। दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास की जानकारी की रही है।?



# इजरायल गाजा को भुखमरी का कब्रिस्तान बना रहा

## मई से अब तक सहायता मांगने के दौरान लगभग 800 फलीस्तीनी मारे गएः संयुक्त राष्ट्र एजेंसी

**यरुशलम।** फलीस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के प्रमुख ने कहा कि इजरायल गाजा में 'हत्या करने की क्रूर और धूर्त योजना' बना रहा है और कहा कि मई से अब तक सहायता मांगने के दौरान लगभग 800 फलीस्तीनी मारे गए हैं। यह जानकारी अल जजीरा ने शनिवार को एक रिपोर्ट में दी।

यूएनआरडब्ल्यूए प्रमुख फिलिप लाजारिनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारी निगरानी में गाजा बच्चों और भूखे लोगों का कब्रिस्तान बन गया है। लाजारिनी गुरुवार को मध्य गाजा के डेर एल-बलाह शहर में पोषण संबंधी पूरक आहार के लिए कतार में खड़े नौ बच्चों और चार महिलाओं सहित 15 लोगों की इजरायली सेना द्वारा हत्या पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उनकी यह टिप्पणी गाजा पट्टी में एक और खूनी दिन पर आई है, जहैं चिकित्सा सूत्रों ने बताया है कि 45



फिलिप की यह टिप्पणी गाजा पट्टी में एक और खूनी दिन पर आई

लोग मारे गए हैं जिनमें से 11 राफा में जीएचएफ द्वारा संचालित सहायता केंद्र के पास मारे गए। विवादास्पद अमेरिकी और इजरायल समर्थित जीएचएफ ने मई में परिचालन शुरू करने के बाद से गाजा के संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाले सहायता वितरण नेटवर्क को प्रभावी रूप से दरकिनार कर दिया है, जब इजरायल ने गाजा में दो महीने से अधिक समय से चल रही पूर्ण नाकेबंदी में ढील दी थी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि तब से अब तक 819 फलस्तीनी भोजन का इंतज़ार करते हुए मारे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 634 लोग जीएचएफ स्थलों के आसपास मारे गए और 185 लोग अन्य मानवीय सहायता काफिलों के पास मारे गए, जिनमें संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित कुछ काफिले भी शामिल हैं।

### इजरायली हमलो में महिलाओं व बच्चों समेत 28 फलस्तीनियों की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों में 28 फलस्तीनियों की मौत हो गई है, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। अस्पताल के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मध्य गाजा के दीर अल-बलाह इलाके में इजरायली हवाई हमलों के बाद मरने वालों में बच्चे और दो महिलाएं भी शामिल हैं। शुक्रवार रात से शुरू हुए इन हमलों में यहां 13 लोगों की जान गई। वहीं, नासेर अस्पताल ने बतााय कि एक पेट्रोल पंप के पास हुए हमलों में चार और लोगों की मौत हुई। दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में इजरायली हमलों में 15 अन्य लोगों की जान गई। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि पिछले 48 घंटों में गाजा पट्टी में करीब 250 ठिकानों को निशाना बनाया गया। इनमें हमासे के लड़ाके, विस्फोटकों से भरी इमारतें, हथियारों के गोदाम, एंटी-टैंक मिसाइल लान्च पाइंट, स्नाइपर पोजिशन, सुरंगें और अन्य ढांचे शामिल हैं। हालांकि, आम नागरिकों की मौत को लेकर सेना ने एसोसिएटेड प्रेस के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया।



कर्नाटक। चिक्कमगलुरु में बारिश के दौरान मोटरसाइकिल पर जाते यात्री।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन का तियानझोउ-9 मालवाहक यान पहुंचा प्रक्षेपण स्थल पर

**वेनचांग।** चीन के अंतरिक्ष स्टेशन तक सामग्री पहुंचाने वाले तियानझोउ-9 मालवाहक यान और लॉन्ग मार्च-7 वाहक रॉकेट को शनिवार को प्रक्षेपण स्थल पर स्थानांतरित किया गया। यह जानकारी चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने दी। सीएमएसए के अनुसार मालवाहक अंतरिक्ष यान को निकट भविष्य में उचित समय पर प्रक्षेपित किया जाएगा। एजेंसी ने बताया कि वर्तमान में दक्षिणी द्वीपीय प्रांत हैनान स्थित वेनचांग अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण स्थल पर सुविधाएं और उपकरण अच्छी स्थिति में हैं।

### लावरोव ने की उत्तर कोरिया के साथ संबंधों की सराहना

**मास्को/प्योंगयांग।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूस और उत्तर कोरिया (डीपीआरके) के बीच के राजनीतिक संबंधों की सराहना की है और इसे 'अजेय भाईचारा' करार दिया। रूसी राज्य मीडिया ताश की शनिवार की रिपोर्ट के मुताबिक लावरोव ने इस बात पर बल दिया कि यह संबंध कुर्स्क क्षेत्र की मुक्ति में रूसी सेना का साथ देने वाले उत्तर कोरियाई सैनिकों की भागीदारी से स्पष्ट रूप से मजबूत हुआ है और यह सैन्य सहयोग का एक अभूतपूर्व स्तर है जो गहरे होते संबंधों को दर्शाता है।

### कैमरून में 12 अक्टूबर को होंगे राष्ट्रपति चुनाव

**याउंडे।** कैमरून में 12 अक्टूबर को राष्ट्रपति चुनाव कराने की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति पॉल बिया द्वारा शुक्रवार को हस्ताक्षरित एक आदेश में यह जानकारी दी। आदेश के अनुसार राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह 8:00 बजे शुरु होगा और शाम 6:00 बजे समाप्त हो जाएगा। चुनाव प्रबंधन संस्था इलेक्शन्स कैमरून द्वारा पूर्व में घोषित चुनावी कैलेंडर के अनुसार उम्मीदवारों को 21 जुलाई तक अपने आवेदन पत्र जमा करने होंगे।

# भारत 6 लड़ाकू विमान खोने की बात मानेः पाकिस्तान

## शफकत अली खान ने कहाः भारत के दूसरे मिलिट्री ठिकानों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान नें फिर से भारत के 6 लड़ाकू विमानों को गिराने का दावा किया है। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने प्रेस ब्रीफिंग में भारत को लड़ाकू विमान गंवाने की बात मानने को कहा।

अली खान ने कहाः भारत को काल्पनिक कहानियों का सहारा लेने के बजाय यह स्वीकार करना चाहिए कि भारत के छह लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया और दूसरे मिलिट्री ठीकानो को गंभीर नुकसान पहुंचा। दरअसल, अजित डोभाल ने ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बयान दिया था। उन्होंने कहाः भारत को नुकसान की खबरें चलाई गईं, लेकिन विदेशी मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया।



भारत को नुकसान की खबरें चलाई गईं, लेकिन विदेशी मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पायाः डोभाल

ना यह बता पाया कि नुकसान क्या हुआ। वहीं खान ने डोभाल के बयान को झूठे और गलत जानकारी से भरे हुए बताया। अली खान ने कहा-ये बयान जनता को गुमराह करने के लिए जानबूझकर किया गया प्रयास हैं। इसके अलावा प्रवक्ता ने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सि( ांतों का उल्लंघन बताया। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान से पहले 23 मई को सेना के प्रवक्ता अहमद चौधरी ने संघर्ष के दौरान भारत के 6 विमान मार गिराने का दावा किया था, जिनमें से 3 राफेल थे। उन्होंने यह दावा ब्रिटिश मीडिया से बात करते हुए किया। अली खान ने कहा कि भारत पाकिस्तान में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है, उनका मकसद साफ है, और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अब इसके बारे में अधिक जागरूक हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि शुरुआत में, भारत द्वारा फैलाया गया आतंकवाद पाकिस्तान को निशाना बना रहा था, लेकिन हाल के दिनों में यह वैश्विक हो गया है। अगर भारत के इस दुर्भावनापूर्ण रवैये पर लगाम नहीं लगाई गई, तो हम इसके परिणाम देख चुके हैं। अली खान ने भारत पर वैश्विक हत्या अभियान चलाने का आरोप लगाया, जिसमें कनाडा, अमेरिका और अन्य देशों में लोगों को निशाना बनाया गया। आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में डोभाल बोले कि टेक्नोलॉजी और वॉरफेयर के बीच संबंध हमेशा महत्वपूर्ण होता है। हमें ऑपरेशन सिंदूर पर नाज है। हमें गर्व है कि इस दौरान हमने स्वदेशी तकनीक इस्तेमाल की। हमने सीमापार नौ पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले का फैसला किया था। इनमें एक भी ठिकाना बॉर्डर के पास नहीं था। हमारे सभी निशाने सटीक थे। हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय यूनियन और मेक्सिको पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने जवाबी कार्रवाई पर और टैक्स लगाने की धमकी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मेक्सिको और यूरोपीय यूनियन पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि एक अगस्त से इन दोनों देशों से अमेरिका में आने वाले सामान पर टैरिफ लागू होगा। इस कदम की जानकारी उन्होंने अपने 'ट्रुथ सोशल' प्लेटफॉर्म पर दी।

ट्रम्प ने दोनों को ये भी धमकी दी कि अगर वे जवाबी कार्रवाई करते हैं, तो टैरिफ रेट और बढ़ा दी जाएगी। ट्रम्प ने चिट्ठी में साफ लिखा कि अगर आप जवाबी कार्रवाई करते हैं और टैरिफ बढ़ाते हैं, तो वो जितने भी प्रतिशत हों, मैं उन्हें हमारे 30 प्रतिशत में जोड़ दूंगा। ये वही तरह की चिट्ठी है, जो ट्रम्प ने दुनिया के कई बिजनेस पार्टनर्स को भेजी है, जिसमें अमे. रिका में आने वाले विदेशी सामानों पर भारी टैरिफ लगाने की बात की गई है। टैरिफ को लेकर यूरोपीय यूनियन और मेक्सिको, अमेरिका के साथ बीते 6 महीने से बातचीत कर रहे



टैरिफ एक अगस्त से लागू होंगे

थे, लेकिन ट्रम्प के फैसले से यह साफ हो गया है कि उनके बीच डील नहीं हो पाई। यूरोपीय यूनियन दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनामी है। इसमें यूरोप के 27 देश शामिल हैं। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन के बीच हर दिन लगभग 3.5 अरब डालर का व्यापार होता है। वहीं, मेक्सिको अमेरिका का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। यूरोपीय यूनियन की अध्यक्ष को लिखी चिट्ठी में ट्रम्प ने कहा कि एक अगस्त से यह टैरिफ लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि अगर कोई यूरोपीय कंपनी अपने उत्पादों को दूसरे देश के रास्ते ट्रांसशिप कर अमेरिका भेजती है, तो उन पर भी यही टैरिफ लगेगा। ट्रम्प ने यह तर्क दिया कि अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के बीच व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है, और 30 प्रतिशत का यह टैरिफ उसे सुधारने की दिशा में एक जरूरी कदम है। उन्होंने यूरोपीय कंपनियों को यह प्रस्ताव भी दिया कि अगर वे अमेरिका में अपने उत्पाद बनाना शुरू कर दें, तो उन्हें टैरिफ नहीं देना पड़ेगा, और अमेरिकी सरकार तेज और पेशेवर ढंग से मंजूरी देने में मदद करेगी। ट्रम्प ने मेक्सिको के राष्ट्रपति को लिखी चिट्ठी में कहा कि यह टैरिफ मेक्सिको में फैले फेंटेनाइल ड्रग के चलते लगाया जा रहा है। उन्होंने मेक्सिकन ड्रग कार्टेल्स को दुनिया के सबसे बुरा बताया और कहा कि ये कार्टेल्स फेंटेनाइल जैसी घातक दवाओं को अमे. रिका में ला रहे हैं।

# यूरोपीय संघ रूस-यूक्रेन युद्ध को चाहता है लम्बा खींचना

**मॉस्को।** यूक्रेन में विपक्ष के नेता विक्टर मेदवेदचुक ने यूरा. ेपीय संघ की तीखी आलोचना करते हुए कहा है कि उसका निहित स्वार्थ यूक्रेन में युद्ध को लम्बा खींचने में है और वह अमे. रिका को रूस के साथ व्यापार युद्ध में भी घसीट रहा है।

मेदवेदचुक ने एक बयान में कहा कि यूरोपीय संघ का नेतृत्व, साथ ही संघ के कई देशों का नेतृत्व, सत्ता बनाए रखना चाहता है और इसलिए, एक साझा दुश्मन की आवश्यकता है। यही कारण है कि यूरोप के कई राजनेता यूक्रेन संघर्ष को जारी रखने में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि आज यूरोप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को रूस के साथ व्यापार युद्ध में घसीट रहा है। ट्रम्प के पास हालांकि विश्व राजनीति को शांति की ओर ले जाने के अवसर हैं, लेकिन कई वैश्विक शक्तियां ऐसा नहीं चाहतीं। ये शक्तियां अमेरिकी राष्ट्रपति को अपनी कठपुतली बनाने की कोशिश करेंगी, जैसा कि आज यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की हैं। गत 21 जून को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्काई न्यूज़ अरेबिया को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि यूक्रेन बेहतर भविष्य का हकदार है और उसे तीसरे पक्ष के हाथों की कठपुतली नहीं बनना दिया जाना चाहिए जो संघर्ष को लंबा खींचते हैं और अपने फायदे के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। साथ ही, रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने जून में कहा था कि यूक्रेन पर बातचीत की प्रक्रिया उसके रुख और इस बात पर निर्भर करती है कि अमे. रिका अपनी मध्यस्थता के प्रयासों को कितनी प्रभावी ढंग से जारी रखता है।

# एल्गोरिथम में हेरफेर को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स फ्रांसीसी जांच के घेरे में

**पेरिस/सैक्रामेंटो।** विदेशी हस्तक्षेप को संभव बनाने और अनुचित डेटा निष्कर्षण के लिए एल्गोरिथम में हेरफेर का हवाला देते हुए पेरिस अभियोजक कार्यालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स फ्रांसीसी पुलिस के जांच के घेरे में है। पेरिस अभियोजक लॉरे बेक्वाउ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा इस स्तर पर सोशल मीडिया एक्स पर मुख्य रूप से दो अपराधों का आरोप है-एक संगठित समूह द्वारा एक स्वचालित डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम के संचालन में बाधा डालना और दूसरा संगठित समूह द्वारा एक स्वचालित डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम से धोखाधड़ी से डेटा निकालना। बेक्वाउ ने कहा कि जांच का जिम्मा राष्ट्रीय जेंडरमेरी महानिदेशालय (डीजीजीएन) को सौंपा गया है।

# एप्स्टीन सेक्स स्कैंडल की फाइल्स पर ट्रम्प प्रशासन में विवाद

## एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बॉनजीनो दे सकते हैं इस्तीफा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बॉनजीनो अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। सीएनएन के मुताबिक उन्होंने इस पर विचार भी शुरू कर दिया है।

इसके पीछे जेफरी एपस्टीन केस से जुड़ी फाइलों के खुलासे पर व्हाइट हाउस, एफबीआई और अमेरिका के न्याय विभाग (डीओजे) के बीच चल रहा विवाद बड़ी वजह माना जा रहा है। बॉनजीनो और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के बीच इस सप्ताह एक तेज बहस के बाद स्थिति और अधिक खराब हो गई है।

एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल, बॉनजीनो, बॉन्डी और ट्रम्प की चीफ ऑफ स्टाफ सूजी वाइल्स की बैठक हुई। रिपोर्ट के मुताबिक इस बैठक में यह विवाद खुलकर सामने आया। बैठक में



सीएनएन के मुताबिक उन्होंने इस पर विचार भी शुरू कर दिया है

बॉनजीनो और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के बीच इस सप्ताह एक तेज बहस के बाद स्थिति और अधिक खराब हो गई

यह सवाल किया गया कि क्या एफबीआई की तरफ से एक मीडिया रिपोर्ट लीक की गई थी जिसमें दावा किया गया कि एजेंसी और अधिक जानकारी सार्वजनिक करना चाहती थी, लेकिन जस्टिस डिपार्टमेंट ने रोक दिया। हालांकि, बॉनजीनो ने इस रिपोर्ट को लीक करने से इनकार किया, लेकिन उन्होंने उस रिपोर्ट के समर्थन में दिए गए बयान पर हस्ताक्षर भी नहीं किए। बॉनजीनो और काश पटेल महीनों से बॉन्डी से नाराज थे। बॉन्डी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि एफबीआई अभी भी मामले की समीक्षा कर रही है, जबकि वह जांच पहले ही न्याय विभाग को सौंप दी गई थी। इस लेकर नारा. जगी और बढ़ गई। बॉनजीनो की नाराजगी का एक और कारण 10 घंटे का एक निगरानी वीडियो है। वीडियो में 1 मिनट की क्लिप गायब थी, जिससे साजिश की अटकलें फैल गईं। इसके लिए बॉनजीनो को जिम्मेदार ठहराया गया। टेस्ला के सीईओ मस्क ने 5 जून को सनसनीखेज दावा करते हुए कहा था कि डोनाल्ड ट्रम्प का नाम जेफरी एपस्टीन की फाइलों में शामिल है।

मस्क ने एक्स पर लिखा था-अब बड़ा खुलासा करने का टाइम है। डोनाल्ड ट्रम्प का नाम एपस्टीन फाइलों में हैं। यही वजह है कि इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया। डोनाल्ड ट्रम्प, आपका दिन शुभ हो। एक अन्य पोस्ट में कहा-इस पोस्ट को भविष्य के लिए नोट कर लें। सच्चाई सामने आएगी। हालांकि, बाद में मस्क ने वो पोस्ट डिलीट कर दी थी और माना कि वह हद से ज्यादा बोल गए थे।

# अमेरिकी विदेश विभाग में 1000 से अधिक लोगों की छंटनी

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन द्वारा संघीय कार्यबल में कटौती के प्रयासों के अंतर्गत अमेरिकी विदेश विभाग के 1,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है।

यह जानकारी शनिवार को बीबीसी ने एक रिपोर्ट में दी। शुक्रवार को विदेश विभाग के कर्मचारियों को भेजे गए नोटिस के अनुसार अनैच्छिक कर्मचारी कटौती में 1107 सिविल सेवा और 246 विदेश सेवा के कर्मचारी शामिल हैं। इस वर्ष की शुरुआत में संघीय सरकार के विशाल पुनर्गठन प्रयास के अंतर्गत 1500 से अधिक विदेश विभाग के कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रूप से इस्तीफा दिया था। आलोचकों का कहना है कि ये बड़ी कटौती विभाग के काम पर असर डालेंगी। सीबीएस न्यूज के अनुसार, जनसंख्या, शरणार्थी और प्रवासन ब्यूरो में लगभग सभी सिविल सेवा अधिकारियों की छंटनी कर दी गई है। जिन व्यक्तियों को नौकरी से निकाला गया उनमें विदेश विभाग के अफगान पुनर्वास प्रयासों के समन्वयक (केयर) कार्यालय के कर्मचारी भी शामिल हैं। सीनेट की विदेश संबंध समिति के डेमोक्रेट सदस्यों ने एक बयान जारी कर कहा कि विदेश विभाग में सिविल सेवा और विदेश सेवा के सैकड़ों सदस्यों को निकालने का निर्णय हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करता है।

# बांग्लादेश में अर्थशास्त्री अबुल बरकत गिरफ्तार

## भ्रष्टाचार का आरोप, कहा थाः देश में 2046 तक हिंदू नहीं बचेंगे

**ढाका।** बांग्लादेश में मशहूर अर्थशास्त्री अबुल बरकत को भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में जेल भेज दिया गया। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक 20 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने बरकत के घर पर छापा मारा था। इसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

बरकत चार दशकों तक ढाका विश्व. विद्यालय में पढ़ा चुके हैं। उन्हें 2009 में पीएम शेख हसीना के शासनकाल में जनता बैंक का अध्यक्ष बनाया गया था। वे हिंदू अल्पसंख्यकों की वकालत के लिए भी जाने जाते हैं। बरकत ने साल 2016 में चेतावनी दी थी कि अगर अल्पसंख्यकों पर हमले और उनकी संपत्तियों पर अवैध कब्जा जारी रहा, तो आने वाले 30 वर्षों में बांग्लादेश में एक भी हिंदू नहीं बचेगा। उनका यह बयान बांग्लादेश में काफी चर्चित हुआ था और कुछ हलकों में विवादित भी था। अबुल बरकत पर आरोप है कि उन्होंने अपने



अबुल बरकत की बेटी बोलीः बिना वारंट दिखाए गिरफ्तारी हुई

कार्यकाल में रेडीमेड गारमेंट कंपनी 'एनॉनटेक्स ग्रुप' को गलत तरीके से कर्ज दिलवाने में मदद की और जनता बैंक से जुड़े 2.97 अरब टका (लगभग 225 करोड़ रुपये) का गबन किया। बांग्लादेश के भ्रष्टाचार निरा. ेधक आयोग (एसीसी) ने इस मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच एजेंसी का आरोप है कि बरकत ने फर्जी दस्तावेज बनाए, काल्पनिक इमारतों और फैक्ट्रियों के नाम पर लोन पास करवाए और खरीदी गई जमीन की कीमत जानबूझकर बहुत अधिक दर्शाई ताकि ज्यादा लोन मिल सके।

इस मामले में अबुल बरकत समेत कुल 23 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें बांग्लादेश बैंक के पूर्व गवर्नर अतीउर रहमान का नाम भी शामिल है। कोर्ट में पेशी के दौरान एसीसी ने तीन दिन की रिमांड की मांग की, जबकि बचाव पक्ष ने जमानत की याचिका दाखिल की। अदालत ने फिलहाल दोनों याचिकाओं पर कोई फैसला नहीं सुनाया और तब तक के लिए बरकत को जेल भेजने का आदेश दिया। अबुल बरकत ढाका कोर्ट में पेश हुए।

# ईरान ने 16 दिन में पांच लाख अफगानियों को निकाला

**तेहरान।** ईरान ने महज 16 दिनों में 5 लाख से ज्यादा अफगान नागरिकों को देश से बाहर निकाल दिया है। यह कार्रवाई 24 जून से 9 जुलाई के बीच हुई है। यानी हर दिन औसतन 30000 से ज्यादा अफगानों को देश से निकाला गया। संयुक्त राष्ट्र ने इसे दशक की सबसे बड़ी जबरन निकासी में से एक करार दिया है।

ईरान इजरायल के साथ तनावपूर्ण संघर्ष के बाद आंतरिक सुरक्षा का हवाला देकर प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। ईरान ने मार्च 2025 में ऐलान किया था कि अवैध रूप से रह रहे अफगान प्रवासी 6 जुलाई तक देश छोड़ दें, वरना उन्हें जबरन निकाला जाएगा। ईरान का

इजरायल से संघर्ष के बाद शरणार्थियों पर कार्रवाई तेज, जासूसी के आरोप भी लगाए

दावा है कि कुछ अफगान नागरिक इजरायल के लिए जास. ूसी कर रहे थे। हालांकि इस आरा. ेप के पुख्ता सबूत अब तक सामने नहीं आए हैं। ईरान का दावा है कि कुछ अफगान नागरिक इजरायल के लिए जासूसी कर रहे थे। हालांकि इस आरोप के पुख्ता सबूत अब तक सामने नहीं आए हैं। ईरान से निर्वासित हुए एक अफगान शरणार्थी बशीर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि अधिकारियों ने उससे 17 हजार रुपये मांगे।


दुनिया के सबसे बड़े और पवित्र कांवड़ यात्रा पर सभी श्रद्धालुओं को व
दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत जयंती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
कोमल पंवार
चेयरमैन
नगर पालिका सरसावा
राजू पंवार
चेयरमैन प्रतिनिधि व वरिष्ठ भाजपा नेता


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
शराफत प्रधान
हरियाबास


आवश्यकता है हॉलैंड की प्रसिद्ध कंपनी
साऊदी अरब के लिए आवश्यकता है
श्रम-वेतन-1000 साऊदी रियाल, आयु - 21 से 28 वर्ष, ड्यूटी - 10 घंटे, सप्ताह में 6 दिन
केवल मुस्लिम उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं
निःशुल्क भर्ती, ट्रांसपोर्ट फ्री, रहना व खाना फ्री
इच्छुक उम्मीदवार पासपोर्ट, फोटोग्राफ लेकर निम्न पते पर मिलें
दिल्ली: अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ए-3 ब्लॉक सी कम्यूनिटी सेंटर नारायण बिहार नई दिल्ली 011-45661111, 9910043893
चंडीगढ :- अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
एससीओ 15, सेक्टर 20डी (लेबर चौंक) चंडीगढ M:73558-48978


दैनिक शाह टाइम्स
न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
ईसम सिंह दुबे
भाजपा मण्डल अध्यक्ष
अनुसूचित जनजाति मोर्चा
चिलकाना सुल्तानपुर



दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
नौशाद मलिक
पत्रकार व युवा नेता


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
अब्बास चौधरी
सभासद पति/ सपा नगराध्यक्ष नानौता


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
विनय कश्यप
युवा भाजपा नेता चिलकाना


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजतजयन्ती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
GSTIN-NO.09GABPK6629E2ZK M0b. 9675573663
Shri Shyam Filling Station
Add. Khasra No.179 Chilkana Saharanpur
Road Near Radha Swami Satsang (Patni)
प्रो. सन्दीप सैनी नवादा, दीपक सैनी, दिनेश सैनी



दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. राकेश पंवार
चेयरमैन, शाकुम्भरी डिग्री कालेज
संचालित द्वारा – सावित्री एजुकेशनल एंड
चैरिटेबल ट्रस्ट रजिस्टर्ड
सम्बद्ध मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी सहारनपुर
मोबाईल– 9759922268, 7037476736
पाज बांगर रोड दिशा सामाजिक संगठन
के सामने सुल्तानपुर चिलकाना सहारनपुर


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की हार्दिक शुभकामनाएं
नैन सिंह
ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत सरसीना
विकास खंड -नागल जनपद सहारनपुर


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की हार्दिक शुभकामनाएं
अफजाल खान
चेयरमैन पति व भाजपा नेता
नगर पंचायत नानौता


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
दानिश शफीक
सभासद नगर पंचायत अम्बेहटा


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
बिजेन्द्र सिंह त्यागी (टीटू)
भाजपा नेता व पूर्व प्रधान


दुनिया के सबसे बड़े और पवित्र कांवड़ यात्रा पर सभी श्रद्धालुओं को व
दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत जयन्ती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
शिवकुमार गुप्ता
चेयरमैन
नगर पालिका
परिषद, नकुड


HUKAM SINGH MEMORIAL
GIRLS P.G. COLLEGE
College Code 155
AFFILIATED TO MS UNIVERSITY SAHARANPUR
B.A. B.Com. B.Sc.(PCM) B.Sc.(CBZ)
M.Com. M.A.(Home Sc.) M.A.(Geography)
M.A.(Education) D.Pharma G.N.M.
Cell:-
9758956983
9761887164
9675417629
Near Railway Station,Nanauta(Saharanpur)


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
आजाद सिंह
अम्बेहटा चौकी प्रभारी


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
अंकुर छिंद्रे
कम्प्यूटर एंड एजेंसी, गांधी
इण्टर कालेज के सामने अम्बेहटा


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
डा. मौज्जम
रशीद शाह
अम्बेहटा


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
चौ. आसिफ
भावी उम्मीदवार आजाद समाज पार्टी,
जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 24 से
गांव खानपुर गुर्जर, गंगोह सहारनपुर


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेंद्र कुमार
समाजसेवी
गांव कलसी थाना तीतरो
जनपद सहारनपुर


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
शिव कुमार सैनी
समाजसेवी
गांव मौहम्मदपुर थाना तीतरो
तहसील नकुड जनपद सहारनपुर


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर के रजत
जयन्ती समारोह की
हार्दिक शुभकामनाएं
फर्रुख जमाल
पूर्व प्रधान
ग्राम तीतरो जनपद सहारनपुर